जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, शनिवार, 5 अप्रैल, 2025 | वर्ष 16 | अंक 334 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.



ऐश्वर्या घमंडी नहीं, सरल: जिविया शर्मा

पेजः 10


# राज्यसभा से भी वक्फ संशोधन बिल पास

**पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े**

**13 सांसदों ने मतदान में नहीं लिया हिस्सा**

**23 सांसद किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं**

**राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा बिल**



**नई दिल्ली।** लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी वक्फ संशोधन बिल पास हो गया। राज्यसभा में गुरुवार देर रात वक्फ बिल पर हुए मतदान में नए समीकरण दिखे। वक्फ संशोधन बिल के पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े जबकि सरकार के पास 125 और विपक्ष के पास 88 सांसद हैं।

अन्य दलों के 23 सांसद हैं, जो किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। 13 सांसदों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। बीजेडी और वायएसआरसीपी ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी नहीं की थी जबकि एआईएडीएमके के चार सांसदों ने बिल के विरोध में वोट डाला। मतदान में हिस्सा न लेने वालों में

## राज्यसभा में 13 घंटे की मैराथन चर्चा

इस बिल पर राज्यसभा में करीब 13 घंटे की मैराथन चर्चा हुई तब जाकर यह बिल राज्यसभा से पास हुआ। संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद इस बिल को राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मुहर के बाद बन यह कानून बन जाएगा। लोकसभा में वक्फ बिल के पक्ष में 288 वोट पड़े थे जबकि इसके खिलाफ 232 वोट पड़े थे। लोकसभा में इस बिल पर करीब 12 घंटे की लंबी चर्चा हुई।

## ऑल इंडिया मुस्लिम जमात का मिला समर्थन

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल लोकसभा से पास होकर राज्यसभा से भी पास हो गया है। इसके लिए सरकार का शुक्रिया अदा करता हूं।

एनसीपी एसपी के प्रमुख शरद पवार समेत दो सांसद, जेएमएम के शिबू सोरेन, आप के संजीव अरोड़ा और हरभजन सिंह और बीजेडी के एक सांसद शामिल हैं जबकि बीजेडी के सस्मित पात्रा और वायएसआरसीपीके परिमल नाथवानी ने बिल के पक्ष में वोट डाला।

## पीएम नरेन्द्र मोदी बोले, दशकों से वक्फ प्रणाली में पारदर्शिता की कमी थी



*इस बिल के दोनों सदनों से पास होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दशकों से वक्फ प्रणाली में पारदर्शिता की कमी थी। इससे खासतौर पर मुस्लिम महिलाओं, गरीब मुसलमानों, पसमांदा मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचता था। संसद द्वारा पारित कानून पारदर्शिता को बढ़ाएंगे और लोगों के अधिकारों की रक्षा भी करेंगे। यह समाजिक और आर्थिक न्याय, पारदर्शिता के लिए अहम क्षण है। लंबे समय से हाशिए पर रहे लोगों को मदद मिलेगी। वक्फ बिल से लोगों को आवाज और अवसर मिलेगा।*

## रिजिजू बोले, हम अच्छी सोच से ये बिल लेकर आए



राज्यसभा में वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह बिल आज की जरूरत है। इसमें ट्रांसपरेंसी और अकाउंटेबिलिटी है। ये किसी धर्म के खिलाफ नहीं है। हम अच्छी सोच से ये बिल लेकर आए।

## वक्फ बिल के खिलाफ सड़कों पर उतरे अनेक मुस्लिम संगठन

कर्नाटक, अहमदाबाद और हैदराबाद में भी इस बिल के खिलाफ मुसलमानों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बीच दिल्ली के जामिया इलाके में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। कोलकाता, मुंबई समेत देश के अलग-अलग स्थानों पर वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं। कोलकाता के पार्क सर्कस क्रॉसिंग पर अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया और बिल को तत्काल वापस लेने की मांग की।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी वक्फ विधेयक पेश करने के लिए बीजेपी की आलोचना की है और उस पर देश को बांटने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा वक्फ बोर्ड का मामला

**नई दिल्ली।** वक्फ बोर्ड का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सरकार के फैसले के खिलाफ कांग्रेस नेता मोहम्मद जावेद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर वक्फ संशोधन को मुस्लिम समुदाय के प्रति भेदभावपूर्ण और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाला बताया है। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के सचेतक जावेद, वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य थे। दूसरी ओर, सुप्रीम कोर्ट में एआइएमआइएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भी याचिका दाखिल कर वक्फ संशोधन को चुनौती दी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### चीन ने अमेरिका पर लगाया 34 प्रतिशत टैरिफ



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 34 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। इस पर चीन ने पलटवार करते हुए सभी अमेरिकी वस्तुओं पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। चीन ने शुक्रवार को सभी अमेरिकी वस्तुओं पर 10 अप्रेल से एक्स्ट्रा टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। चीन ने कहा कि वे अमेरिका से आने वाले मेडिकल सीटी एक्स-रे ट्यूबों की जांच शुरू करेंगे।

### ज्यादा नमाज न पढ़ें मुसलमानः कुवैत

**नई दिल्ली।** कुवैत के इस्लामिक अफेयर्स मंत्रालय ने देशभर के इमामों और मुअज्जिनों को निर्देश जारी किया है कि वे ज़ुहर और असर की नमाज की इकामत को छोटा करें और नमाज में जरूरत से ज्यादा देर न लगाएं। मंत्रालय ने इमामों से अपील की है कि वे इबादत की लंबाई को सीमित रखें ताकि बिजली की खपत को कम किया जा सके।

### दिल्ली में आज से आयुष्मान योजना शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार से आयुष्मान योजना की शुरुआत होने जा रही है। इस योजना के तहत दिल्ली के सबसे गरीब परिवारों, खासकर अंत्योदय अन्न योजना वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना में 10 अप्रेल तक एक लाख लोगों को शामिल किया जाएगा। दिल्ली में यह योजना अब तक लागू नहीं हुई थी।

### वर्चुवली सुप्रीम कोर्ट में पेश यासीन मलिक

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक ने तिहाड़ जेल में रहते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ही यासीन मलिक ने कोर्ट से कहा मेरा विनम्र अनुरोध है कि मुझे सात मिनट बोलने दीजिए। कोर्ट ने आदेश दिया है कि मैं गवाहों से जिरह करने के लिए कोर्ट में मौजूद रहूं।



## बैंकॉक में पीएम मोदी की पहल

### बिम्सटेक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025

# सदस्य देशों को यूपीआई से जोड़ने का प्रस्ताव



**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में 'यूपीआई' को इसके सदस्य देशों की भुगतान प्रणालियों से जोड़ने का प्रस्ताव रखा। पीएम मोदी के इस कदम से क्षेत्र में व्यापार, कारोबार और पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है। बिम्सटेक सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने 'बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स' की स्थापना करने, वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा।

### भूकंप पर पीएम मोदी ने जताई संवेदना

पीएम मोदी ने 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप में म्यांमार और थाईलैंड में हुई जानमाल की हानि पर संवेदना व्यक्त की। पीएम मोदी ने आपदा प्रबंधन के लिए भारत में 'बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र' की



स्थापना का भी प्रस्ताव रखा, ताकि आपदा तैयारी, राहत एवं पुनर्वास पर सहयोग किया जा सके।

### बिम्सटेक का दायरा बढ़ाने पर जोर

पीएम मोदी ने बिम्सटेक के दायरे और क्षमताओं को लगातार बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर भी दिया, गृह मंत्रियों के तंत्र को संस्थागत बनाने का स्वागत किया और भारत में पहली बैठक आयोजित करने की पेशकश की। बिम्सटेक दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया को जोड़ने वाले सेतु के रूप में काम करता है। क्षेत्रीय संपर्क, सहयोग और समृद्धि के नए रास्ते खोलने के लिए एक मंच के रूप में उभरा है।

### संरक्षित और सुरक्षित हिंद महासागर हमारी साझा प्राथमिकता

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा,यह मंच साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा खतरों, आतंकवाद और नशीली दवाओं समेत मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुक्त, खुला, संरक्षित और सुरक्षित हिंद महासागर हमारी साझा प्राथमिकता है। जिस समुद्री परिवहन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं, वह व्यापारिक नौवहन और माल परिवहन में सहयोग को मजबूत करेगा, व्यापार को गति देगा।

### पीएम नरेन्द्र मोदी ने की मो. यूनुस से मुलाकात

*बैंकॉक। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मो. यूनुस के बीच अहम मुलाकात हुई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की चिंताओं से उन्हें अवगत कराया।*



## यूएन ने भारत को सराहा

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक रिपोर्ट के अनुसार, एआई में 1.4 अरब डॉलर के निवेश के साथ भारत 10वें स्थान पर है और भारत तथा चीन दुनिया के दो ऐसे विकासशील देश हैं जो 2033 तक एआई में महत्वपूर्ण निजी निवेश करेंगे। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास द्वारा जारी प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि भारत 2024 में 'अग्रणी प्रौद्योगिकी के लिए तत्परता' सूचकांक में 36वें स्थान पर है, जो 2022 में उसके प्रदर्शन से बेहतर है।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक

# 1247 किमी. रेल नेटवर्क का विस्तार होगा

**रेलवे से जुड़े चार प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी** | **तीन राज्यों के 15 जिलों को होगा फायदा** | **अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी**



फाइल फोटो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को भारतीय रेलवे से जुड़े चार प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रिफिंग कर इसके बारे में जानकारी दी है। केंद्रीय कैबिनेट ने रेलवे मंत्रालय के 18,658 करोड़ रुपए की कुल लागत वाले चार प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। ये प्रोजेक्ट्स तीन राज्यों के 15 जिलों को कवर करेंगे। ये राज्य महाराष्ट्र, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ हैं। इन राज्यों में भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। अशिवनी वैष्णव ने बताया कि प्रोजेक्ट्स के तहत 1247 किलोमीटर रेल नेटवर्क का विस्तार होगा।



### 2030-31 तक पूरे होंगे प्रोजेक्ट्स

ये चार मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स लाइन कैपेसिटी को बढ़ाएंगे। वैष्णव ने बताया कि इसका उद्देश्य पैसेंजर और सामान दोनों का निर्बाध और तेज ट्रांसपोर्टेशन सुनिश्चित करना है। इन प्रोजेक्ट्स से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी, तेल आयात घटेगा और सीओटू उत्सर्जन में कमी आएगी। इन प्रोजेक्ट्स से कोयला, लौह अयस्क और दूसरे खनिजों के प्रमुख रूट्स पर लाइन कैपेसिटी बढ़ेगी, जिससे लॉजिस्टिक्स कैपेसिटी का विस्तार होगा। इन प्रोजेक्ट्स से सप्लाई चेन स्ट्रीमलाइन होगी, जिससे तेज आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। इन प्रोजेक्ट्स को 2030-31 तक पूरा किया जाना है।



### ये चार प्रोजेक्ट्स निम्न हैं

| | |
|---|---|
| संबलपुर | जरापड़ा तीसरी और चौथी लाइन |
| झारसुगुड़ा | सासोन तीसरी और चौथी लाइन |
| खरसिया | नया रायपुर-परमालकसा पांचवीं और छठी लाइन |
| गोंदिया | बल्हारशाह डबलिंग |

# नहीं रहे मनोज कुमार

**देशभक्ति फिल्मों से मिली ख्याति**

**50 साल फिल्म इंडस्ट्री पर छाए रहे**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया शोक**

*मुंबई। फिल्म अभिनेता मनोज कुमार ने शुक्रवार की सुबह दुनिया को अलविदा कह दिया। 87 साल की उम्र में उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में आखिरी सांस ली। सुबह 3.30 बजे उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया। स्वास्थ संबंधी समस्याओं के चलते वो काफी लंबे वक्त से अस्पताल में थे। एक्टर के निधन से पूरा देश गमगीन है और शोक जाहिर कर रहा है। एक्टर के परिवार में भी उनके निधन से मातम पसरा हुआ है। एक्टर अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वो 50 सालों की मेहनत और कमाई भी छोड़ गए हैं। सेलिब्रिटी नेट वर्थ के अनुसार मनोज कुमार की कुल संपत्ति लगभग 20 मिलियन डॉलर यानी लगभग 170 करोड़ रुपए आंकी गई थी।*



***पीएम मोदी ने लिखा, वे भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे, जिन्हें विशेष रूप से उनकी देशभक्ति के जोश के लिए याद किया जाता था, जो उनकी फिल्मों में भी झलकता था. मनोज जी के काम ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रज्वलित किया और पीढ़ियों को प्रेरित करना जारी रखेगा. इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएँ उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं, ओम शांति...।***

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का जताया आभार

## वक्फ संशोधन विधेयक समानता, पारदर्शिता एवं सुशासन की दिशा में ऐतिहासिक कदम

# सीएम शर्मा बोले, वक्फ प्रशासन में तय होगी पारदर्शी, जवाबदेह व निष्पक्ष व्यवस्था

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025' के संसद के दोनों सदनों में बहुमत से पारित होने पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प का प्रमाण होने के साथ ही देश में समानता, पारदर्शिता और सुशासन को मजबूत



करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अभूतपूर्व विधेयक के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ संपत्तियों को लेकर वर्षों से चली आ रही अनियमितताओं और अपारदर्शिता को समाप्त करने के लिए यह संशोधन आवश्यक था। यह वक्फ प्रशासन में पारदर्शी, जवाबदेह एवं निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ गरीब व जरूरतमंदों को सशक्त भी बनाएगा।

उन्होंने कहा कि इससे सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा होगी और किसी भी प्रकार के अनुचित विशेषाधिकार या भेदभाव को समाप्त किया जा सकेगा। सीएम शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने बिना भेदभाव के सभी समाजों, खासकर गरीब और पिछड़े मुस्लिमों के लिए बड़े फैसले लिए हैं। तीन तलाक समाप्त करके मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाया।

### शिक्षा के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत

# हाडौता, चौमूं में माधव विद्यापीठ का भव्य उद्‌घाटन, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की शिरकत

## माधव विद्यापीठ के उद्घाटन समारोह में संत प्रकाशदास जी महाराज के मधुर भजनों से भक्तिमय माहौल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** शिक्षा जगत में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए हाडौता, चौमू स्थित माधव विद्यापीठ का भव्य उद्घाटन समारोह अत्यंत उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में भजन सम्राट परम पूज्य संत प्रकाश दास जी महाराज ने अपने मधुर भजनों से भक्तिमय वातावरण सृजित कर दिया, जिससे समस्त परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, आरएलपी नेता घुट्टन यादव, सुषमा यादव सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यालय के अभिनव प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। विद्यालय के निदेशक पंकज चौधरी एवं चेयरमैन बन्नालाल यादव ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया और उन्हें माला, साफा एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विद्यालय की उत्कृष्टता की प्रशंसा करते हुए कहा कि माधव विद्यापीठ क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है और आधुनिक शिक्षा प्रणाली को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा, 'शिक्षा समाज की नींव होती है, और माधव विद्यापीठ इस दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इसकी सुव्यवस्थित संरचना, नवीनतम तकनीकी संसाधनों से युक्त कक्षाएं एवं उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली इसे एक आदर्श शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करेंगी। यह विद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र ही नहीं होगा, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। मंत्री दिलावर ने विद्यालय के निदेशक पंकज चौधरी एवं चेयरमैन बन्नालाल यादव की दूरदर्शिता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा, 'शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए पंकज चौधरी और बन्नालाल यादव जैसे दूरदर्शी शिक्षाविदों की आवश्यकता है। इनके अथक प्रयासों और सुदृढ़ सोच ने माधव विद्यापीठ को मूर्त रूप दिया है, जो भविष्य में चौमूं के विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।' उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि माधव विद्यापीठ क्षेत्र के बच्चों को उच्च स्तरीय, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा, जिससे समाज के होनहार भविष्य निर्माता तैयार होंगे। इस अवसर पर निदेशक पंकज चौधरी एवं चेयरमैन बन्नालाल यादव ने विद्यालय की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यहां का सुव्यवस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीनतम शिक्षण विधियां और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# फुले जयंती समारोह को लेकर चर्चा



## प्रतिभाओं का होगा सम्मान समारोह

**फुलेरा।** आगामी 11 अप्रैल को फुलेरा में सामाजिक और शैक्षणिक क्रांति के अग्रदूत, पिछड़े वर्ग के मसीहा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती माली (सैनी) समाज संस्थान एवं महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था फुलेरा के संयुक्त तत्वाधान में धूमधाम से मनाई जाएगी। इसी परिपेक्ष्य में श्रीरामनगर स्थित माली समाज भवन में बैठक संस्था अध्यक्ष राजकुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें फुले जयंती को धूमधाम से मनाने पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसहमति से बालाजी रोड स्थित ज्योतिबा फुले सर्किल पर 11 अप्रैल को प्रात: 9 बजे आयोजन किया जाएगा। जिसमें माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 में सर्व समाज की 90 प्रतिशत एवं इससे उच्च अंक प्रतिशत प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। तत्पश्चात 12.15 बजे श्रीरामनगर स्थित माली (सैनी) समाज संस्थान भवन में भी फुले जयंती का आयोजन किया जाएगा जिसमें माध्यमिक ओर उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 में माली सैनी समाज की 75 प्रतिशत एवं इससे अधिक अंक अर्जित करने वाली सैनी समाज फुलेरा की प्रतिभाओं को एवं वर्ष 2024 में चयनित सैनी समाज फुलेरा के सरकारी कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज बंधु तैयारियों में जुटे हुए है। फुले संस्था अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने माली समाज के व्यापारियों, प्रतिष्ठानों को बंद रखकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है एवं अधिक से अधिक संख्या में माली समाज के प्रबुद्धजनों और मातृ शक्तियों को कार्यक्रम में आने का आग्रह किया है। बच्चों की अंकतालिका की प्रतिलिपि मोबाइल नंबर सहित शिक्षाविद योगेन्द्र गहलोत एवं लेखराज सैनी, सुरेश सैनी (मार्बल)को 8 अप्रैल को जमा करवा सकते है। इस मौके पर पार्षद आशा सैनी,अमरचंद सैनी, हेमलता सैनी, मदन गढ़वाल, ताराचन्द गढ़वाल, प्रेम तंवर, सूरज मंडी, रजनीश, गौरीशंकर,भंवर राजोरा, रामगोपाल गढवाल, सुरेश सैनी, लेखराज सैनी आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम वाटिका में भगवान श्रीराम की भव्य मूर्ति का अनावरण 7 अप्रैल को



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** स्थानीय श्रीराम वाटिका में भगवान श्रीराम की भव्य मूर्ति का अनावरण 7 अप्रेल को समारोह पूर्वक किया जाएगा। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नोहर पहुंचेंगे। ये जानकारी शुक्रवार को नगर पालिका कॉन्फ्रेंस हॉल में पालिकाध्यक्ष हाजन खातून बानो टाक ने दी।इस अवसर पर राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष मेहरूनिशा टाक ने बताया कि 7 अप्रेल को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की अष्ट धातु से निर्मित भव्य प्रतिमा का अनावरण एक भव्य कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री द्वारा किया जाएगा। टॉक ने बताया कि 6 अप्रेल को भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस कलश यात्रा में 1100 महिलाएं शामिल होंगी कलश यात्रा नगरपालिका भवन से शुरू होकर श्रीराम वाटिका पहुंचेगी। इस अवसर पर पोस्टर विमोचन भी किया गया। टॉक ने बताया कि 7 अप्रैल की शाम को श्रीराम वाटिका में आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावणा अपनी प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी बसंत सैनी, महंत गोपालनाथ, रमेश पारीक, बसंत तिवाड़ी, पार्षद गंगाराम पांडिया, पार्षद छोटू सेवग आदि लोग मौजूद रहे।

# गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्र अनुष्ठान जारी, पूर्णाहुति कल



**चूरू।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ चूरू में चौत्र नवरात्र अनुष्ठान का आज छठा दिन था। प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक गायत्री साधना प्राण संचार साधना से शुरू होती है। उसके बाद डेढ़ घंटे जप किया जाता है। फिर कुछ अन्य साधनाएं यथा खेचरी मुद्रा, त्राटक, सोहम साधना आदि का अभ्यास करवाया जाता है। पूजा अर्चना पंडित राम लाल शर्मा के द्वारा करवाई जाती है। व अन्य साधनाएं राम सिंह राठौड़ वरिष्ठ प्रतिनिधि शान्ति कुंज हरिद्वार के द्वारा सम्पन्न करवाई जाती है। इस बार आठ ही नवरात्र होंगे व रामनवमी रविवार 6 अप्रैल को ही है। अत:उसी दिन साधना के तुरंत बाद 9बजे से पञ्च कुंडीय श्री गायत्री महायज्ञ किया जाएगा। जिसकी पूर्णाहुति लगभग 12बजे तक होगी। तत्पश्चात कन्या भोज होगा व सभी साधक भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। प्रात: कालीन साधना में भाग लेने वालों में मुख्यत: उम्मेद सिंह राठौड़, पृथ्वी राज सैनी, महेंद्र कुमार कश्यप, सीता राम कश्यप, तेजपाल सिंह राठौड़, काली चरण शर्मा, सत्य नारायण कनोड़िया, अर्जुन स्वामी, कमलेश कंवर, किशन कंवर, रसिया कंवर शशि कनोडियाआदि हैं।

# श्याम मंदिर में गूंजी सुन्दरकाण्ड की चौपाईयां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अगुणा मोहल्ला स्थित श्रीश्याम मंदिर में मंगलमयीवीर हनुमान सुन्दरकाण्ड समिति की ओर से संगीतमय सामुहिक सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के सुनील पीथिसरिया, पवन ठठेरा, संजय सहल, अंकित पिथीसरिया, धर्मेन्द्र सिंधी, राजेश बजाज, भगवती प्रसाद शर्मा, पीयुष अग्रवाल, राजु औझा, जयप्रकाश सरोठिया, संजय गोरसिया व कालू सरोठिया आदि सुन्दरकाण्ड पाठ का वाचन कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। पाठ में समिति के सदस्यों ने हनुमान की चौपाई से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर समिति के सदस्यों ने भजनों की प्रस्तुति देकर सभी हनुमानमयी बना दिया।

# पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों ने खाया श्रीअन्नपूर्णा रसोई में खाना



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राज्य सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जरूरतमंदों को मात्र 8 रूपये में स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की योजना को अमली जामा पहनाते हुए तथा आमजन में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य को लेकर शुक्रवार को नगरपालिका रतननगर के समस्त अधिकारियों, कर्मचारीयों ने अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में अम्बेडकर भवन में संचालित श्रीअन्नपूर्णा रसोई सं. 1042 में विधिवत कूपन कटवाकर एवं निर्धारित शुल्क जमा करवाकर स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन ग्रहण किया। श्रीअन्नपूर्णा रसोई के भोजन एवं साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार ने आमजन से भी अपील की है कि सरकार की इस महती योजना को बढ़ावा दें। उन्होनें रतननगर में संचालित सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों के संस्था प्रधानों से भी अपील की है कि वे भी सप्ताह में एक दिन अपने स्टाफ एवं विद्यार्थीयों के साथ श्रीअन्नपूर्णा रसोई का भोजन ग्रहण करें।

# विशेष शिविर आयोजित कर घुमंतु, अर्ध-घुमंतु समुदाय को प्रदान की स्वास्थ्य सेवाएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** आपणो स्वस्थ राजस्थान की संकल्पना को साकार करने मे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अपनी अहम भूमिका निभा रहा हैं। इसी क्रम में जिले का स्वास्थ्य महकमा भी समाज की मुख्यधारा से दूर घुमंतू, अर्ध-घुमंतु और विमुक्त समुदाय के लिए उनके निवास स्थान पर ही विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर उन्हें स्वस्थ रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि यह शिविर स्वास्थ्य सेवाओं को वंचित वर्ग तक पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। बाड़ी ब्लॉक के ग्राम पंचायत नकसौदा में जमुरा अड्डा,मोंगिया अड्डा में आयोजित शिविर में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में करीब 50 परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, टीबी, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य देखभाल, परिवार कल्याण सेवाएं, सामान्य बीमारियों की जांच एवं गैर-संचारी रोगों की पहचान की गई। महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें तीन-तीन पैकेट सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किए गए। अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों की जांच कर उन्हें, परामर्श व आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई। समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने एवं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग का अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा सहयोग किया गया। शिविर के दौरान बीसीएमओ बाड़ी डॉ.गब्बर सिंह, यूएनएफपीए जिला समन्वयक रिपुंजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# गौमाता को गुड़ खिलाकर पुण्यतिथि मनाई



**सादुलपुर।** पूर्व मंत्री जयनारायण पूनिया के पुत्र स्व. चरणसिंह पूनिया एडवोकेट की 10 वी पुण्य तिथि पर उनके निवास स्थान पर आज प्रात:यज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम हुआ जिसमें पण्डित पुरुषोत्तम शास्त्री के सानिध्य में उनकी टीम द्वारा आत्मिक शांति हेतु यज्ञ व शांति पाठ किया गया। जिसमें माता मनभरी देवी,पत्नी सुनीता पूनिया, प्रो दिलीप पूनिया,वीरेंद्र पूनिया, प्राचार्य प्रीति सुंडा तथा पजिजनों ने आहुतियां दी। उधर आवारा गायों को हरा चारा डाला गया तथा पंचमुखी बालाजी धाम व गौशाला ट्रस्ट में भी गायों को गुड़ खिला कर गौमाता की सेवा की गई। गौशाला पहुंच कर स्व चरण सिंह की पत्नी सुनीता, पुत्री लक्षिता, पुत्र भव्य पूनिया, ओमप्रकाश पूनिया, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विकास पूनिया, संजय नाई, इंडेन गैस एजेंसी के विक्रम सिंह शेखावत, रमेश पूनिया,बजरंग सांगवान, कृष्ण सांगवान व परिवारजनों ने गुड़ खिलाकर दिवंगत पुण्यात्मा की आत्मिक शांति हेतु प्रार्थना की। उधर बार संघ ने भी उनको याद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सादुलपुर विधानसभा के विकास को लेकर भाजपा नेत्री सुमित्रा पूनिया ने दीया कुमारी से की मुलाकात



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा पूनिया ने राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं वित्त एवं लोक निर्माण मंत्री दीया कुमारी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पूनिया ने सादुलपुर क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चर्चा की और उनके प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। भाजपा नेत्री सुमित्रा पूनिया ने क्षेत्र की जनता से प्राप्त फीडबैक और समस्याओं को भी मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सादुलपुर क्षेत्र में कई योजनाएं जारी हैं, लेकिन कुछ स्थानों पर कार्यों की गति धीमी है, जिनमें तेजी लाने की आवश्यकता है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सादुलपुर क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि राज्य सरकार जनता से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जल्द से जल्द संबंधित विभागों को निर्देश देने और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता विवेक पूनिया,सिधमुख भाजपा मंडल अध्यक्ष बिहारीदान चारण सहित सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल भी सुमित्रा पूनिया के साथ मौजूद रहा। प्रतिनिधिमंडल ने भी क्षेत्रीय मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा और आवश्यक विकास कार्यों की मांग की। बीजेपी नेत्री ने सुमित्रा पूनिया ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का लगातार प्रयास कर रही हैं और आने वाले समय में सादुलपुर को एक विकसित और सशक्त विधानसभा क्षेत्र के रूप में देखना चाहती हैं।

### भारत विकास परिषद की महिला ईकाई द्वारा नवरात्रों में कीर्तन का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** भारत विकास परिषद् की महिला ईकाई द्वारा नवरात्रों में कीर्तन का आयोजन किया गया। संयोजिका शशी चन्देल ने जानकारी दी कि कीर्तन मधुबाला गौड़ के घर अग्रसेन में उक्त कीर्तन रखा गया। सर्वप्रथम उपस्थित महिलाओं ने गणपति व देवी माता की पूजा-अर्चना की गई तथा सभी महिलाओं ने कीर्तन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिससे वातावरण भक्ति मय हो गया। इस अवसर पर गिरिजा भटनागर, मधुबाला गौड़, मधु शर्मा, रेनू अग्रवाल, अनुराधा खेड़ा, स्वीटी जैन, अर्चना मिश्रा, कुसुम चोटिया, पूनम गुप्ता, मन्जू पारीक, शशी चन्देल, अन्जु भार्गव, मीरा, लक्ष्मी स्वामी, नीरु, सन्तोष, पूनम गौड़, यशी आदि ने सक्रियता से कीर्तन में भाग लिया।

### प्रशासनिक अधिकारी संतोष का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला शिक्षा विभाग में संतोष को प्रशासनिक अधिकारी के पद प्रमोशन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़ व अति.जिला शिक्षा अधिकारी कमल शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने स्वागत किया। जिला शिक्षा अधिकारी सिंह ने कहा कि सन्तोष देवी अपने पद का शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सहयोग व निष्ठा से कार्य करेगी। संतोष ने कहा कि मैं अपने पद पर रहकर शिक्षा के क्षेत्र में बढावा मिलेगा और शिक्षा विभाग में कार्यों को गति प्रदान करना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में पुस्तकोपहार समारोह का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चुरू में पुस्तकोपहार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान और प्रधानाध्यापक मनीष कुमार शर्मा उपस्थित रहे। सीसीए प्रभारी कौशल नरवाल ने समारोह का संचालन किया और केंद्रीय विद्यालय की इस पहल के बारे में सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया। सीसीए प्रभारी ने पुस्तक दान कर केन्द्रीय विद्यालय की मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले विद्यार्थियों के नामों की घोषणा की। इस अवसर पर प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने पुस्तक दान करने वाले विद्यार्थियों के साथ साथ उन विद्यार्थियों की तारीफ की जिन्होंने पुस्तक प्राप्त कर सभी के सामने पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण पेश किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए गए प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। इस समारोह में अंजनी कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सिधमुख सिवानी सड़क मार्ग को ग्रामीणजन आज रास्ता जाम कर प्रदर्शन करेंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सिधमुख वार्ड नंबर 13 में गत एक माह से बंद पड़े सी सी सड़क निर्माण शुरू करवाने की मांग को लेकर सिधमुख कस्बे सहित आसपास के ग्रामीणों ने सिधमुख तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देखकर शनिवार 5 अप्रैल को सिधमुख सिवानी रोड को जामकर प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में बाबूलाल शर्मा सीसराम शर्मा सांवरमाल शर्मा चांदमल डूडी लालचंद छींपा, जयप्रकाश शर्मा एडवोकेट रामनिवास, कन्हैया लाल, सुरजीत, सुरेश डूडी रामस्वरूप, बीडीसी नरसिंह, छोटू राम बलवान, सुनील कन्हैयालाल नन्दलाल, बिहारीदान, सोमवीर, रणसिंह, स्यामलाल फोजी, नंदलाल, कुलदीप, मातूराम, संदीप देवतराम आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक

राजस्व संग्रहण विकास कार्यों का आधार

# जीरो टॉलरेंस की नीति से राजस्व में हुई वृद्धिः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## राजस्व अर्जन में गत वर्ष की तुलना में 12.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्व संग्रहण किसी भी राज्य के विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का आधार होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर चोरी सहित राजस्व लीकेज के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश की राजस्व आय में गत वर्ष की तुलना में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए राजस्व संग्रहण आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि टैक्स कम्पाइलेंस बढ़ाने, कर प्रक्रियाओं का सरलीकरण करने एवं राजस्व लीकेज रोकने के साथ ही राजस्व लक्ष्यों का निर्धारण भी किया जाए।

**इंटीग्रेटेड टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम से जीएसटी संग्रहण में आएगी सुगमताः-** बैठक में वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के जीएसटी संग्रहणमें पिछले साल की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्यमियों को जीएसटी, वैट एवं अन्य आवश्यक सभी विवरण उपलब्ध कराने के लिए इंटीग्रेटेड टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम की घोषणा की है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को उक्त प्रणाली के अधिक से अधिक उपयोग एवं कर से संबंधित जागरूकता को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने जीएसटी चोरी से संबंधित मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**अवैध शराब पर लगे रोकथाम, मुखबिरों को किया जाए प्रोत्साहितः-** बैठक में आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आबकारी नीति में किए गए नीतिगत सुधारों से इस वर्ष आबकारी से राजस्व पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 14 प्रतिशत अधिक रहा है।श्री शर्मा ने कहा कि नकली शराब के फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के साथ ही अवैध शराब के संबंध में जानकारी देने वाले मुखबिरों को प्रोत्साहित किया जाए।

**अवैध खनन के खिलाफ हो सख्त कार्रवाईः-** बैठक में बताया गया कि पंजीयन एवं मुद्रांक द्वारा डीएलसी दरों में किए गए सुधारों से इस वर्ष स्टांप ड्यूटी से अर्जित राजस्व 15 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं नियमित रूप से पूरे वर्ष चली खनन पट्टों की नीलामी से राजस्व अर्जन पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 24 प्रतिशत बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विभाग द्वारा अवैध खनन पर पूर्ण रोकथाम के उपाय किए जाएं तथा इस कार्य में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**आईटी आधारित नवाचारों से बढ़ा परिवहन राजस्वः-** बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आईटी आधारित नवाचारों को बढ़ावा देने से राजस्व अर्जन में इस वर्ष 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शर्मा ने निर्देश दिए कि बजट घोषणा की अनुपालना में संचालित किए जाने वाले नए परमिटों में पूर्ण रूप से नई बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे लोगों को राहत मिलने के साथ ही राजस्व में वृद्धि हो सकेगी। इसी तरह हमारी सरकार ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक परिवहन के लिए पीएम ई-बस सेवा की पहल की है। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राजस्व अर्जन के संबंधित मामलों में जिला एवं संभागीय स्तर पर मॉनिटरिंग करने की पहल के फलस्वरूप इस वर्ष राजस्व अर्जन पिछले वर्ष की तुलना में 14 हजार करोड़ रुपये अधिक हुआ है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नेप्रदेश के विकास के लिए अधिक से अधिक वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गत वितीय वर्ष में भी निरन्तर समीक्षा करते हुये प्रमुख राजस्व अर्जन करने वाले विभागों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके फ्लस्वरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 में जहां राजस्व में 4,800 करोड़ रुपये वृद्धि हुई थी वहीं वर्ष 2024-25 में राजस्व में यह वृद्धि 14,000 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रही।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव खनन टी. रविकांत, शासन सचिव परिवहन शुचि त्यागी, सचिव वित्त (राजस्व) कुमार पाल गौतम, आयुक्त वाणिज्यिक कर प्रकाश राजपुरोहित, आयुक्त आबकारी शिवप्रकाश एम. नकाते, महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक आशीष गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पीटीईटी-2025 के लिये 7 अप्रैल तक किये जा सकेंगे आवेदन

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षा पीटीईटी-2025 हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रैल, 2025 निर्धारित है। जिला समन्वयक प्रो. डॉ. स्निग्धा शर्मा, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, जयपुर ने बताया कि पीटीईटी-2025 की परीक्षा दिनांक 15 जून, 2025 को आयोजित होगी। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी पीटीईटी की वेबसाइट एवं ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते है। आवेदन शुल्क राशि 500/- रुपये निर्धारित है।

### अनुजा निगम ने आर्थिक कमजोर वर्ग के लिए जारी की ब्याज सहायता योजना की गाइडलाइन

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की 2024-25 की बजट घोषणा की क्रियान्विति में आर्थिक कमजोर वर्ग के परिवारों के आर्थिक उन्नयन हेतु स्वरोजगार, व्यावसायिक गतिविधियों एवं शिक्षा हेतु रियायती ब्याज दर से बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के लिए अनुजा निगम द्वारा आर्थिक कमजोर वर्ग ब्याज सहायता योजना की गाइडलाइन और संचालन प्रक्रिया जारी कर दी गई है। राजस्थान के मूल निवासी आर्थिक कमजोर वर्ग के 18 से 60 वर्ष तक के व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक न हो, योजना हेतु पात्र हैं। इच्छुक आवेदक विस्तृत जानकारी विस्तृत जानकारी हेतु स्थानीय पंचायत समिति, नगर पालिका,नगर निगम कार्यालय में संपर्क कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु मैसूरू-भगत की कोठी (जोधपुर)-मैसूरू स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियो की सुविधा हेतु मैसूरू-भगत की कोठी (जोधपुर)-मैसूरू स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 06533, मैसूरू-भगत की कोठी (जोधपुर) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 7 अप्रैल से 26 मई तक (08 ट्रिप) मैसूरू से प्रत्येक सोमवार को 21.20 बजे रवाना होकर बुधवार को 17.00 बजे भगत की कोठी पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 06534, भगत की कोठी (जोधपुर)-मैसूरू साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 10 अप्रैल से 29 मई तक (08 ट्रिप) भगत की कोठी से प्रत्येक गुरूवार को 22.30 बजे रवाना होकर शनिवार को 17.20 बजे मैसूरू पहुँचेगी। इस रेलसेवा में 16 थर्ड एसी व 02 गार्ड श्रेणी सहित 18 डिब्बे होगें।

# राज्यपाल बागडे की केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से मुलाकात



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया से मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयो पर चर्चा की। राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री सिंधिया की यह शिष्टाचार भेंट थी।

### राज्यपाल की केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयो पर चर्चा की। राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री नायडू की यह शिष्टाचार भेंट थी।

## 200 फीट रोड़ बाईपास से खातीपुरा तिराहा एवं क्वीन्स रोड, झारखण्ड मोड तक सड़क सीमा से हटाए जाएंगे अतिक्रमण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-7 के क्षेत्राधिकार में स्थित 200 फीट रोड़ बाईपास से खातीपुरा तिराहा तक एवं खातीपुरा तिराहे से क्वीन्स रोड, झारखण्ड मोड तक सड़क सीमा में अवस्थित अतिक्रमण/निर्माणों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। जेडीए द्वारा उक्त कार्यवाही राजस्थान उच्च न्यायालय, पीठ, जयपुर द्वारा दायर सिविल रिट पिटीशन संख्या 17971/2022 के निर्णय दिनांक 21.11.2024 की अनुपालना में 9 अप्रैल, 2025 को संपादित की जाएगी।

# 'मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग' योजना में 12 अप्रैल तक किए जा सकेंगे आवेदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के निर्देश पर विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 12 अप्रैल, 2025 कर दिया है। निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने बताया कि छात्रों की मांग पर आवेदन की तिथि को बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन पत्र कर सकते हैं।

अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा जैसे आरपीएससी द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर एवं पूर्व में 3600 ग्रेड पे तथा वर्तमान में पे मेट्रिक्स में पे लेवल-10 एवं ऊपर की अन्य परीक्षाएँ, इंजीनियरिंग/मेडिकल प्रवेश परीक्षा, रेलवे रिक्रूटमेन्ट बोर्ड (आर.आर.बी.) द्वारा आयोजित परीक्षाएँ, आरएसएसबी द्वारा आयोजित परीक्षा जैसे पटवारी, कनिष्ठ सहायक हेतु पूर्व की ग्रेड पे 2400 तथा वर्तमान पे लेवल 5 से ऊपर तथा पूर्व की ग्रेड पे 3600 एवं पे लेवल 10 से कम की अन्य परीक्षाएँ, क्लैट परीक्षा, बैंकिंग/बीमा की विभिन्न परीक्षाएँ, सीएएफसी सीयूइटी, सीएस इइटी+ सीयूइटी, सीएमए एफसी+सीयूइटी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा यह अनूठी योजना संचालित की जा रही है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रजौराकला, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.पं./ई.नि.नि.सा./2025/01 दिनांक:-02.04.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-2026**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 30.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 12.04.2025 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका **UBN No. ZDH2526GLRC00002** है। विस्तृत विवरण **https://sppp.rajasthan.gov.in** व **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत रजौराकला**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रजौराकला**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जारौली, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.पं./ई.नि.नि.सा./2025/47 दिनांक:-02.04.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-2026**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 40.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 12.04.2025 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका **UBN No. ZDH2526GLRC00005** है। विस्तृत विवरण **https://sppp.rajasthan.gov.in** व **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत जारौली**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जारौली**

# प्रत्यक्ष आवंटन योजना में किए जा रहे 103 भूखण्डों के ऑफर लेटर जारी

## राइजिंग राजस्थान इंपेक्ट 1.0 में निवेशकों का प्रत्यक्ष आवंटन योजना के लिए उत्साह

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024 में निवेशकों द्वारा राज्य सरकार के साथ निष्पादित किए गए एमओयू के लिए राजस्थान सरकार ने रीको के माध्यम से प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 जारी की। इस योजना के अंतर्गत 98 विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों (86 मौजूदा एवं 12 नए औद्योगिक क्षेत्र) में 17 मार्च से 28 मार्च, 2025 तक उन एमओयू धारकों से भूखण्ड आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए जिन्होंने 15 मार्च, 2025 तक एमओयू किए थे। योजना में 134 निवेशकों ने 108 भूखण्डों पर आवेदन किए। इनमें से 103 भूखण्डों के लिए ऑफर लेटर जारी किए जा रहे हैं।

जयपुर के श्रीराम जानकी औद्योगिक क्षेत्र, कुंजबिहारीपुरा, जोधपुर में बोरानाडा विस्तार, नागौर के गोगेलाव, किशनगढ़ (अजमेर) के किशनगढ़ VI phase औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाई लगाने हेतु ई-लॉटरी के माध्यम से भूखण्डों के ऑफर लेटर जारी किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त बोरानाडा (जोधपुर) के कांकानी औद्योगिक क्षेत्र, मंडोर (जोधपुर) के बाप औद्योगिक क्षेत्र, भीलवाड़ा के फतेहपुर समेलिया, भिवाड़ी के पथरेडी, जयपुर के मण्डा द्वितीय चरण एवं तुंगा औद्योगिक क्षेत्र, झुंझनुं के मलसीसर, कोटा के बपावर, श्रीगंगानगर में पतेकिया, उदयपुर में आमली औद्योगिक क्षेत्र में भी एमओयू धारकों को प्रत्यक्ष आवंटन योजना के अंतर्गत भूखण्डों के ऑफर लेटर जारी किये जा रहे हैं। प्रत्यक्ष आवंटन योजना में आवंटित इन भूखण्डों पर उद्योगों के स्थापित होने से राजस्थान के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा जिससे स्थानीय एवं राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

15 मार्च, 2025 को रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना जारी होने के पश्चात् 912 निवेशकों ने रीको औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड आवंटन हेतु राइजिंग राजस्थान में एमओयू किए हैं। निवेशकों के उत्साह को देखते हुए मुख्यमंत्री ने 31 मार्च, 2025 को जयपुर में आयोजित निवेश उत्सव राइजिंग राजस्थान इंपेक्ट 1.0 के दौरान यह घोषणा की रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 अब 16 मार्च से 30 अप्रेल 2025 तक किए जाने वाले सभी नए एमओयू पर लागू होगी।रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि इस योजना के द्वितीय चरण में 15 मई, 2025 से प्रत्यक्ष आवंटन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित जाएंगे। योजना के द्वितीय चरण में राज्य सरकार के साथ 30 अप्रैल 2025 तक एमओयू करने वाले सभी निवेशक भूखण्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे। प्रत्यक्ष आवंटन योजना की वैधता 30 जून 2025 तक है।

प्रत्यक्ष आवंटन योजना के अंतर्गत एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से भूखण्डों का आवंटन किया जाता है। भूखण्ड आवंटन योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए उद्यमी https://riicoerp.industries.rajasthan.gov.in/Directland पर लॉग इन कर सकते हैं।

**रीको के भूखण्ड आवंटन के नियमों में संशोधनः-** रीको के नए नियमों के अनुसार, जिन प्रोजेक्ट में पर्यावरण स्वीकृति आवश्यक नहीं है, ऐसे प्रोजेक्ट के भूखण्ड धारियों को दो वर्ष में उत्पादन प्रारंभ करना होगा एवं जिन प्रोजेक्ट में पर्यावरण स्वीकृति आवश्यक है, ऐसे भूखण्ड धारियों को तीन वर्ष में उत्पादन प्रारंभ करना होगा।

आवंटित भूखण्डों पर उत्पादन शुरू करने से पहले मध्यवर्ती अनुक्रमों यथा पट्टा समझौते का निष्पादन, पर्यावरण मंजूरी के लिए सक्षम स्तर पर आवेदन, भवन योजना, मानचित्र प्रस्तुत करना, वायु/जल अधिनियम के तहत स्थापना की सहमति, पर्यावरण मंजूरी, भूखण्ड पर निर्माण की स्थिति इत्यादि की पालना भी करनी होगी।

नवीन प्रावधानों के अनुसार, अब भूखण्डों पर उत्पादन/गतिविधि प्रारंभ करने हेतु समयावधि विस्तार अधिकतम दो वर्ष तक ही गुणावगुण के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

**ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्डों का आवंटनः-** रीको के जिन औद्योगिक क्षेत्रों में 80 प्रतिशत से ज्यादा विक्रय योग्य औद्योगिक भूमि का आवंटन हो चुका था तथा इन औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है। अब उन औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्डों का आवंटन ई-ऑक्षन के माध्यम से किया जाएगा। निवेशक जिन्होंने राइजिंग राजस्थान में एमओयू किया है अथवा नहीं किया है, वे सभी भूखण्ड आवंटन के लिए ई-ऑक्शन में आवेदन कर सकेंगे। रीको द्वारा इन औद्योगिक क्षेत्रों में ई-ऑक्शन के माध्यम से 7 अप्रैल 2025 से भूखण्ड आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। रीको द्वारा ई-ऑक्षन के माध्यम से आवंटित किए जाने वाले सभी भूखण्डों पर रीको के संशोधित भू-आवंटन के नियम लागू होंगे।

RISING RAJASTHAN
REPLETE • RESPONSIBLE • READY

## कार्यालय ग्राम पंचायत परौआ, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.पं./ई.नि.नि.सा./2025/01 दिनांक:-02.04.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-2026**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 12.04.2025 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका **UBN No. ZDH2526GLRC00003** है। विस्तृत विवरण **https://sppp.rajasthan.gov.in** व **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत परौआ**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत परौआ**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बसईनबाब, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.पं./ई.नि.नि.सा./2025/606 दिनांक:-02.04.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-2026**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यो में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 40.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 12.04.2025 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका **UBN No. ZDH2526GLRC00004** है। विस्तृत विवरण **https://sppp.rajasthan.gov.in** व **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत बसईनबाब**
**पं. स. सैपऊ ( धौलपुर )**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बसईनबाब**

## जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/अधि.अभि. एवं त.स.नि.अ.-I/2025-26/डी- दिनांक : 04.04.2025

**बिड आमंत्रण सूचना**

**बिड संख्या - अ.अ. एवं त.स.नि.अ.-I/01/2025-26**

जविप्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | यूबीएन नं. | कार्य राशि (लाखों में) | कार्य की प्रकृति | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JDA2526WSOB00002 | 178.83 | सड़क | 16.04.2025 |
| 2 | JDA2526WSOB00003 | 181.26 | सड़क | 16.04.2025 |
| 3 | JDA2526WSOB00006 | 181.78 | सीमांकन एवं सड़क | 14.04.2025 |
| 4 | JDA2526WLRC00004 | 5368.64 | सड़क | 02.05.2025 |
| 5 | JDA2526WSOB00001 | 173.81 | सड़क | 12.04.2025 |
| 6 | JDA2526SLOB00005 | 667.00 | कंसल्टेंसी | 28.04.2025 |
| 7 | JDA2526WSRC00007 | 189.73 | Developments of new parks | 16.04.2025 |
| 8 | JDA2526WLOB00008 | 2036.00 | सीवरेज कार्य | 05.05.2025 |
| 9 | JDA2526WLOB00009 | 1337.37 | सड़क | 28.04.2025 |
| 10 | JDA2526WLOB00010 | 836.64 | सड़क | 28.04.2025 |
| 11 | JDA2526WSOB00011 | 172.83 | DPR of Sewerage Network | 17.04.2025 |

निविदा का विस्तृत विवरण उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जविप्रा की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

**अधि. अभि. एवं**
**तक.सहा.निदे.अभि.-प्रथम**

राज.संवाद/सी/25/299

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

### अब जिला कलेक्टर के स्तर से भी खाद्य सुरक्षा सूची में जुड़ और हट सकेंगे नाम

# सभी हकदारों को खाद्य सुरक्षा सूची से जोड़ना हमारा लक्ष्यः खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

## नए प्रावधान से अधिक से अधिक पात्रों को मिल सकेगा लाभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** अब ज़िला कलेक्टर के स्तर से भी खाद्य सुरक्षा सूची में नाम शामिल करने और हटवाने का कार्य सम्पन्न किया जा सकेगा। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर नियमों में प्रावधान किए गए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के मार्गदर्शन में सभी पात्र लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने की दिशा में कार्य कर कर रही हैं। इसी क्रम में ज़िला कलेक्टर को भी एनएफएसए में नए लाभार्थियों को जोड़ने और अपात्रों को हटाने के लिए अधिकृत किया गया है।

गोदारा ने कहा कि कई बार रात्रि चौपाल में और जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर के समक्ष ऐसे वंचित आवेदक आते हैं जिन्हें प्रथमदृष्ट्या खाद्य सुरक्षा के पात्र प्रतीत होने के बावजूद जिला कलेक्टर अपने स्तर से एनएफएसए से जोड़कर लाभान्वित नहीं कर पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर को भी अपने स्तर पर खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जोड़ने के लिए अधिकृत करने का निर्णय लिया गया है। इससे जिला कलक्टर भी स्वप्रेरणा से या आवेदन प्राप्त होने पर समावेशन और निष्कासन मानदण्डों के आधार पर खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जोड़ने या हटाने के लिए समुचित आदेश पारित कर सकेंगे।

**नए प्रावधान से पात्रों को मिलेगा लाभः-** गोदारा ने कहा कि ज़िला कलेक्टर को भी एनएफएसए में नाम जोड़ने और हटाने के लिए अधिकृत करने से पूरी प्रक्रिया और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पात्रों के खाद्य सुरक्षा से वंचित होने की संभावना नगण्य हो जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शिविर में 190 लोगों ने लाभ उठाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 190 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेकेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार, शिव प्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, रमेशचंद्र अग्रवाल व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

### पीटीईटी-2025 के लिए सात अप्रेल तक आवेदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा पीटीईटी-2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि सात अप्रेल 2025 निर्धारित है। जिला समन्वयक प्रो. डॉ. सुरेंद्र न्यौला ने बताया कि पीटीईटी-2025 की परीक्षा 15 जून 2025 को आयोजित होगी। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी पीटीईटी की वेबसाइट एवं ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते है। आवेदन शुल्क रूपए 500 निर्धारित है।

### निजीकरण के विरोध में विद्युतकर्मी सोमवार को करेंगे प्रदर्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** विद्युत निगमों में एचएएम, आईएनवीआईटी तथा जेवी के विभिन्न मॉडल के नाम पर हो रहे अंधाधुंध निजीकरण के विरोध में राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघर्ष समिति के बैनर तले विद्युत कर्मी वृत्त स्तर पर विशाल धरना प्रदर्शन कर अधीक्षण अभियंता के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा राजस्थान सरकार को तथा जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के लिए संयुक्त संघर्ष समिति झुंझुनूं के संयोजक सुरेश कुमार शर्मा ने शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर विस्तृत यूनियन कार्यालय में समिति की बैठक रखी। जिसमें सभी प्रतिभागी संगठन के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा संयुक्त रूप से निजीकरण का विरोध कर निजीकरण बंद करने तथा नई भर्ती की मांग के लिए सरकार पर दबाव बनाने बाबत प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को पुरजोर ताकत के साथ करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। बैठक के दौरान देवकरण सैनी, वीरेंद्र सिंह तंवर, सुरेश कुमार शर्मा, मूलचंद महला, सुनिल ईसरवाल, गंगाधर ढाका, जितेंद्र, गुड्डूराम सैनी गुरुदयाल तथा श्रीराम मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय कुम्हार महासभा का सम्मेलन 27 अप्रेल को झुंझुनूं में



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय कुम्हार महासभा का सम्मेलन 27 अप्रेल को कुम्हारों की बगीची पीपली चौक झुंझुनूं में आयोजित होगा। शुक्रवार को राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के जिलाध्यक्ष श्रीराम गुरी, चिरंजीलाल कुमावत, आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी, काजड़ा सरपंच मंजू तंवर, राधेश्याम कुमावत सिंगाठिया, मनजीतसिंह तंवर आदि गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में पम्पलेट का विमोचन करते हुए सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रचार प्रसार का कार्य शुरू किया। राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के जिलाध्यक्ष श्रीराम गुरी ने बताया कि 27 अप्रेल 2025 को आयोजित होने वाले सम्मेलन में समाज के राजनेता, समाजसेवी, अधिकारी व कर्मचारी, बुद्धिजीवी, संगठन के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोग भाग लेंगे। सम्मेलन में शिक्षा, संगठन व राजनीतिक भागीदारी पर विशेष चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर श्रवण कुमार राजीरा, बनवारीलाल सिंगाठिया, सुलतान खाटीवाल, भागीरथमल लोवाड़िया, मोहरसिंह खाटीवाल, रामेश्वरलाल, रघुवीर, प्रभु खाटीवाल आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

### बाबा साहेब व फुले की जयंती मनाई जाएगी

**गुढ़ागौड़जी।** टोडी स्थित स्व. बन्नाराम मीणा आदिवासी मीना छात्रावास ग्राम टोडी में रविवार को मीटिंग होगी। जिसमें 11 व 14 अप्रेल को दो महापुरुषों की जयंती के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा। जानकारी के अनुसार सुबह 11बजे हर वर्ष की भांति हमारे दो महापुरुषों का जयंती दिवस सभा समारोह 11 व 14 अप्रेल 2025 को आ रहा है। जिसकी जानकारी देते ख्यालीराम पूर्व सरपंच टोडी बताया कि हमें परम पूज्य डॉ. बीआर अंबेडकर एवं ज्योतिराव फूले के जयंती दिवस पर प्रभात फेरी सहित भव्य सभा समारोह का आयोजन की तैयारी एक साथ मिल बैठकर करनी चाहिए। हम इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर समय से पहले, तैयारी बैठक में आपसी विचार-विमर्श कर लें तो अच्छा ही रहेगा और आने वाले जयंती दिवस की अनुशासित सहित पूर्ण व्यवस्था की तैयारी भी बहुत अच्छी हो जाएगी। जिससे संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र उदयपुरवाटी व गुढ़ागौड़जी के प्रत्येक ग्राम-कस्बे स्तर पर मनाए जाने वाले जयंती दिवस सभा में हम अधिक से अधिक संख्या में आकर पूर्ण व्यवस्था के का परिचय देने में सफल हो सकते हैं।

फुले-अंबेडकर वाहन रैली की भव्य तैयारियों को अंतिम रूप

# जिला स्तरीय फूले-अंबेडकर वाहन रैली 11 को




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महात्मा ज्योतिबा फूले और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित होने वाली भव्य फूले-अंबेडकर वाहन रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए माली सैनी समाज संस्था द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक झुंझुनूं जिला मुख्यालय स्थित सैनी मंदिर में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता माली सैनी समाज संस्था के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने की। बैठक में संस्था के पदाधिकारियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 11 अप्रेल को आयोजित होने वाली वाहन रैली की व्यवस्था और सफलता को सुनिश्चित करना था। रैली के आयोजन को लेकर प्रचार-प्रसार, मार्ग, समय निर्धारण, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समाज कल्याण संस्था के पूर्व जिलाध्यक्ष घड़सीराम सैनी ने रैली के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की और कहा कि हर व्यक्ति को इस रैली में अपनी गाड़ी के माध्यम से भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाना चाहिए। उन्होंने समाज के हर वर्ग से इस रैली में शामिल होने का आह्वान किया। बाबा प्रकाश पुरी क्लब के नवनीत सैनी ने भी सभी सामाजिक संगठनों से रैली में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि किसी संगठन का अन्य कार्यक्रम हो, तो उसे रैली के बाद आयोजित किया जाए, ताकि रैली की सफलता में कोई विघ्न न आए। बैठक में महेंद्र शास्त्री ने सभी पदाधिकारियों को रैली के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह रैली महात्मा फूले और डॉ. अंबेडकर की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का अवसर है और हमें इसे सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। समापि पर माली सैनी समाज के संरक्षक मुरारी सैनी ने सभी उपस्थित सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से रैली का संदेश फैलाने का आग्रह किया और रैली की सफलता के लिए सामूहिक प्रयास की अपील की। बैठक के अंत में सभी ने इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए संकल्प लिया। इस बैठक में सैनी समाज कल्याण संस्थान के संरक्षक राजेंद्र सैनी, सेवानिवृत्त एईएन घड़सीराम सैनी, सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी संस्था के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश धूपिया, माली सैनी समाज संस्था के महामंत्री रतनलाल सैनी, नेता प्रतिपक्ष बुद्धराम सैनी, पंचायत समिति सदस्य दिनेश कायस्थपुरा, परिष्कार स्कूल निदेशक लीलाधर सैनी, प्रधानाचार्य महेंद्र सैनी, सुभाष सैनी, नवनीत सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी सत्यनारायण हलकारा, संगठन मंत्री कैलाश सैनी पीडब्ल्यूडी, सुभाषचंद्र सैनी, कांशीराम चिड़ावा, ओमप्रकाश राजोरिया, झंड़ूराम सैनी पकौड़ी ढाणी, चौथमल सैनी, संस्था के सह कोषाध्यक्ष दीनदयाल सैनी, माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सैनी, संगठन मंत्री रामवतार सैनी, रामावतार खडोलिया, छगन कुमार सहित अन्य प्रमुख समाजसेवी उपस्थित थे।

# डीवीएम में ऑडियो विजुअल सभागार का शुभारंभ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** डालमिया विद्या मंदिर में शुक्रवार को पराग डालमिया के कर कमलों द्वारा फीता काटकर एक नए ऑडियो विजुअल सभागार का उद्घाटन किया गया। पराग डालमिया, गुरुनाम सिंह, शुभाशीष, कुलदीप कुल्हार प्रशासक डालमिया शिक्षा समिति, प्रधानाचार्य शक्ति सिंह एवं नमिता चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद बच्चों ने श्रीमद् भागवत गीता के 15वें अध्याय के श्लोकों का गायन किया। पराग डालमिया ने विद्यार्थियों को श्रीमद् भागवत गीता का महत्व बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत गीता हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है और जीवन के संकटों से उबरने का साहस प्रदान करती है। जीवन की कठिनाइयों से उबरने का एकमात्र साधन श्रीमद् भागवत गीता है। उन्होंने बताया कि गीता के माध्यम से हम न केवल अपना जीवन सुधार सकते हैं, बल्कि अपने उद्देश्य को भी पहचान सकते हैं। कार्यवाहक प्रधानाचार्य शक्ति सिंह ने पराग डालमिया का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और वाचन कौशल विकास को बढ़ावा देने का वादा किया। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि इस नए सभागार का उपयोग उनकी शिक्षा और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्राथमिक विभाग कार्यवाहक संचालिका नमिता चौधरी ने विद्यार्थियों से कहा कि हम इसका उपयोग करके अपने व्यक्तित्व का विकास (पर्सनलिटी डेवलपमेंट) करेंगे। उन्होंने बताया कि यह सभागार विद्यार्थियों को समर्पित किया गया है ताकि वे अपनी रचनात्मकता और संवाद कौशल में सुधार कर सकें और एक बेहतर व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें।

# रघुनाथपुरावासियों ने नगरपरिषद में शामिल करने के विरोध में कलेक्टर को दिया ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** देरवाला पंचायत के गांव रघुनाथपुरा उर्फ बिजे नाई का बास के लोगों ने उनके गांव को नगर परिषद में शामिल करने के विरोध में कलेक्टर को स्वायत्त शासन मंत्री के नाम ज्ञापन दिया। गांव के संदीप रोहिला ने बताया गांव की दूरी मुख्यालय से ज्यादा होने के कारण गांव का विकास अवरूद्ध हो जाएगा व गांव की आधी भूमि राजस्व ग्राम देरवाला में होने के कारण बहुत सी समस्याएं आएंगी। गांव वालों ने बताया कि अगर हमारी बात नहीं मानी जाती हैं तो हम आगे आने वाले चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे व उग्र आंदोलन करना पड़ेगा तो वो भी करेंगे। गांव वालों ने गांव को अभी ग्राम पंचायत देरवाला में ही रखने की मांग रखी। कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद ग्रामवासियों ने स्थानीय विधायक राजेंद्र भांबू के पास पहुंचे। जिस पर विधायक राजेंद्र भांबू ने इस बारे में उच्च स्तर पर बात करने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि हम जल्द ही इस मामले में स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मिलेंगे। फिर भी बात नहीं मानी गई तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर अपनी बात रखेंगे। इस मौके पर रामनिवास, सुरेश, राकेश, अनिल बेनीवाल, रामनिवास, मनमोहन, मुकेश हर्षवाल, रामावतार, भरतसिंह, संदीप रोहिला, राजेंद्र पूनियां, इंद्रपाल सिहाग, प्रदीप व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय मैथ्स ओलंपियाड में डीपीएस के पांच विद्यार्थियों ने जीते गोल्ड



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**डूंडलोद।** साइंस ओलंपियाड फैडरेशन द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद के पांच विद्यार्थियों पीयूष जांगिड़, गौरी शौनक, गुरमीत मील, नेहा कटारिया, दुष्यंत सिंह ने गोल्ड मैडल जीते। पीयूष जांगिड़ ने ओवरऑल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 378वीं रैंक अर्जित की। विद्यालय निदेशक एसएस रणवां एवं प्राचार्य व प्राचार्य डी. लाल ने छात्र-छात्राओं को मैडल व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डी. लाल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हम सबको इन विद्यार्थियों पर गर्व है। यह परिणाम विद्यार्थियों व विद्यालय की प्रशिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी के अथक परिश्रम, विद्यालय की शैक्षणिक सुविधाओं तथा अनुशासन से ही संभव हो पाया है। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का मुख्य ध्येय है। विद्यालय के निदेशक एसएस रणवां ने विद्यार्थियों व फैकल्टी को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी विद्यार्थी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करते हुए निकट भविष्य में अपने परिवार, ग्राम व देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय संचालन समिति के सदस्य राहुल रणवां, प्रभारी रेखा स्वामी, सुमनलता, मनजीत कौर, एसआईपी प्रभारी राहुल मिश्रा तथा समस्त डीपीएस परिवार उपस्थित था।

# बीमा राशि परिजनों को दी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बैंक के बचत खाता धारक की हादसे में मृत्यु होने पर परिवार को बीमा राशि का चैक सौंपा। बैंक के बचत खाता धारक धर्मपाल स्वामी का दुर्घटना में निधन हो गया था। जैसा की बचत खाताधारक धर्मपाल, जो की रूपे एटीएम कार्ड धारक थे। इस कार्ड की मुख्य विशेषता है कि दुर्घटना में मृत्यु पर मृतक के नॉमिनी को दो लाख रूपए मिलते हैं। जो कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रूपे एटीएम कार्ड के साथ मुफ्त में बीमा के रूप में दिया जाता है। जैसे ही मृतक के नॉमिनी कांता ने बैंक आकर बताया तो बैंक शाखा टोडी ने उनको संबंधित जानकारी दी एवं कागजी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए नॉमिनी कांता को दो लाख रूपए दिलवाएं।

# गर्मी, लू-तापघात को देखते हुए चिकित्सा अधिकारियों ने किया फील्ड विजिट



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** गर्मी और लू ताप घात के मौसम को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों पर आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सीएमएचओ सहित बीसीएमओ ने विभिन्न चिकित्सा केंद्रों का निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने दोपहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावा का निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने सीएचसी में गर्मी के मौसम को देखते हुए वार्डों में कूलर पंखे लगाने, खराब कूलर पंखे कुलर एसी को तत्काल ठीक करके शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्डों सहित पूरी सीएचसी में साफ सफाई रखने, प्रति दिन बैड की चदर बदलने के निर्देश दिए। डॉ. गुर्जर ने बताया कि सभी सभी बीसीएमओ को निर्देश दिए हैं कि वो अपने क्षेत्र में फील्ड विजिट कर सभी संस्थानों पर गर्मी लू ताप घात से निपटने के लिए, अलग से वार्ड बनाकर कूलर पंखे एसी चालू हालत में रखने, अस्पताल में ठंडे पानी की व्यवस्था करने आदि के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्टाफ को निर्धारित समय पर संस्थानों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उधर, खेतड़ी बीसीएमओ डॉ. हरिश यादव ने ठाठवाड़ी, गौरीर, लोयल का निरीक्षण किया। बीसीएमओ चिड़ावा डॉ. तेजपाल कटेवा ने नूनियां गोठड़ा और बख्तावरपुरा का निरीक्षण किया। बीसीएमओ नवलगढ़ डॉ. प्रह्लाद ने सौंथली, बड़वासी और जाखल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीसीएमओ मंडावा डॉ. संजीव ढूडी ने पीएचसी चूड़ी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल अधिकारिता विभाग द्वारा ग्राम आबूसर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेक्टर मीटिंग के साथ एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद कुमार ओला के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 बाल अधिकारिता विभाग झुंझुनूं की टीम ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलवाई और बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी, पोक्सो एक्ट और गुड टच बैड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन झुंझुनूं के जिला समन्वयक महेश कुमार मांजू, काउंसलर अरविंद कुमार व केस वर्कर सुमन ने ग्राम आबूसर की सेक्टर मीटिंग में मौजूद सभी 28 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं से जरूरतमंद बच्चों को को जुड़वाने के लिए आह्वान किया गया और बाल विवाह एवं बाल शोषण के शिकार बच्चों की सूचना अतिशीघ्र चाइल्ड हेल्प लाइन के टोल फ्री नम्बर 1098 पर देने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 24 घंटे सात दिवस हर समय बच्चों की सुरक्षा और उनकी मदद के लिए तैयार रहती है। जिससे बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा, शोषण और उत्पीड़न से बचाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला परियोजना समन्वयक महेश कुमार मांजू ने बताया कि जिले के आबूसर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम किया गया। जिसमें ब्लॉक सीडीपीओ मंजू लता मील, महिला सुपरवाइजर प्रियंका, आबूसर ग्राम की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज, हेतमसर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोहनी देवी एवं जिले के अन्य 28 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह से जुड़े खतरों और उसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही उन्हें यह बताया गया कि बाल विवाह से बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास प्रभावित होता है और इससे कई सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को साकार करने के लिए जिले में 27 नवंबर 2024 से समय-समय पर बाल अधिकारिता विभाग द्वारा काफी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर बाल विवाह रोकथाम के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा है।

# डीवाईएफआई ने किया नगर परिषद में प्रदर्शन

**झुंझुनूं।** शुक्रवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा नगर कमेटी झुंझुनूं ने जिला महासचिव योगेश कटारिया के नेतृत्व मे नगर परिषद आयुक्त झुंझुनूं को दिया ज्ञापन व प्रदर्शन किया। नगर महासचिव सोहेल बहलिमान ने बताया कि डीवाईएफआई नगर कमेटी झुंझुनूं ने पांच सूत्री मांगों को लेकर नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन दिया और नगर परिषद पर प्रदर्शन किया। जिसमें हमारी प्रमुख मांग है कि शहरवासियों को स्वछ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। वर्तमान में शहर में सप्लाई किया जा रहा। नहर का पानी पीने योग्य नहीं है। इस पानी से त्वचा संबंधी एवं विभिन्न अन्य बीमारियां पनप रही है। जिस शहरवासी पीड़ित है। इसके अलावा शहर के अंदर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तुरंत प्रभाव से बदला जाए और जहां पर जरूरत हो वहां नई स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। डीवाईएफआई नगर अध्यक्ष सिकंदर पहाड़ियान ने बताया कि शहर में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है। आवारा पशु शहर के मुख्य मार्गों के बीचों बीच घूमते हैं और बैठे रहते हैं। यह पशु वाहन चालकों पर और राह चलते लोगों पर अचानक से हमला बोल देते हैं। जिसके कारण पूर्व में टैक्सी चालक की जान भी चली गई थी। इसकी बावजूद भी नगर परिषद प्रशासन ने आज तक इन आवारा पशुओं की सुध नहीं ली है। आवारा पशुओं के आतंक से शहरवासियों निजात दिलाई जाए। इसके अलावा शहर के अंदर साफ सफाई की उचित व्यवस्था कर बायो मेडिकल वेस्ट का वैज्ञानिक निस्तारण किया जाए। डीवाईएफआई की उक्त मांगों को समय रहते नहीं माना जाता है तो डीवाईएफआई द्वारा शहरवासियों को साथ लेकर भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

24 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 3 केन्टर सामान जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए नारायण सिंह सर्किल व गणेश मन्दिर तथा झोटवाड़ा जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए चित्रकूट स्टेडियम के चारों तरफ, 200 फीट बाईपास अजमेर रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 24 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 3 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए नारायण सिंह सर्किल व गणेश मन्दिर तथा झोटवाड़ा जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए चित्रकूट स्टेडियम के चारों तरफ, 200 फीट बाईपास अजमेर रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 3 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 24 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा लें अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### आमजन को सुचारू पेयजल आपूर्ति कराना सरकार की प्राथमिकता : जलदाय मंत्री

ग्रीष्मकाल में पेयजल प्रबन्धन के प्रति गंभीर रहने के निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व भूजल विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी एवं कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सवाई माधोपुर एवं करौली जिलों की पेयजल व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

**कर्मचारियों की उदासीनता बर्दाश्त नहीं :** जलदाय मंत्री ने स्पष्ट किया कि पेयजल व्यवस्था में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने, नलकूपों को विद्युत कनेक्शन से जोड़ने तथा टीम भावना से कार्य कर निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता वाले स्थानों पर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं की जाए, जहां जरूरत हो वहां ट्यूबवैल, हैण्डपम्प स्थापित करें और पीने का पानी मुहैया कराने के लिए सभी उपलब्ध विकल्पों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के समन्वय से 30 वर्षों की जल आवश्यकता को ध्यान में रखकर कार्ययोजनाएं बनाई जाएं। साथ ही उन्होंने क्षतिग्रस्त पाईपलाइनों को दुरूस्त करवाने, अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करवाकर दण्डात्मक कार्यवाही करने, अंतिम छौर तक नल से जल पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता देकर कार्य कर रही है और विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में मूलभूत सुविधाओं का वृहद स्तर पर विस्तार हुआ है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना रुकावट के प्रगतिशील रहेगी।

### चैत्रीय नवरात्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**बाड़ी।** धौलपुर जिला अग्रवाल महिला संगठन एवं भारत विकास परिषद मुख्य शाखा बाड़ी के द्वारा चैत्रीय नवरात्रा में मातारानी की पूजा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष सरोज मंगल के आवास पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद,मां भारती, मां दुर्गा एवं अग्रसेन महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर मातारानी की पूजा के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा भजन गायन,नृत्य,माता की भेटें एवं लंगुरिया गाये गये। कार्यक्रम में प्रांतीय महिला संयोजिका एवं जिला अग्रवाल महिला संगठन धौलपुर की जिलाध्यक्ष सरोज मंगल,जिला महामंत्री नीतू सिंघल,जिला मंत्री डॉ निरमा सिंघल,भारत विकास परिषद की महिला संयोजिका रितु सिंघल सहित दोनों संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

### नर कोटे में किसान की गेहूं की फसल में लगी आग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी सदर थाना क्षेत्र में बाड़ी उपखंड की ग्राम पंचायत उमरेह के नर कोटे में खेत में रखी गेहूं की कटी फसल में अज्ञात कारणों से आग लगने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार को दिन में करीब दो बजे की बताई जा रही है। पीड़ित किसान ने अपने करीब डेढ़ बीघा खेत की कटी फसल को काटकर एक स्थान पर एकत्रित किया हुआ था और उसके सूखने का इंतजार किया जा रहा था। इस दौरान अज्ञात कारणों से लगी आग में खेत में सूखने के लिए रखी हुई कटी फसल आग की भेंट चढ़ गई। घटना के बाद जैसे-तैसे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया है,लेकिन पूरी फसल जलकर खाक हुई है। उमरेह गांव निवासी ग्रामीण बच्चू सिंह ने बताया कि गांव के नर कोटे में पीड़ित माखन पुत्र लाखन सिंह मीणा के डेढ़ बीघा खेत में गेहूं की फसल हुई थी। जिसे 2 दिन पूर्व ही माखन ने कटवा कर एक स्थान पर एकत्रित किया हुआ था।सूखने के बाद उसे थ्रेसर से अलग करना था,लेकिन इससे पूर्व ही आज दिन में करीब 2 बजे अचानक से पूरी फसल में से आग की लपटें निकलने लगी। ग्रामीणों ने चिल्लाते हुए लोगों को एकत्रित किया और आसपास के इंजन एवं अन्य जलीय संसाधनों से फसल की आग पर काबू पाया। इस दौरान पूरी फसल जलकर खाक हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद सूचना पर राजस्व विभाग की हल्का पटवारी सुनीता मीणा मौके पर पहुंची है और आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पीड़ित किसान माखन मीणा की आग लगने से फसल के हुए नुकसान को लेकर प्रशासन से मदद की मांग की है।

### चैत्रीय नवरात्रा में सप्तमी को श्रद्धालुओं ने मंदिर में कुलदेवी को लगाई ढ़ोक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में चैत्रीय नवरात्रा में माता रानी की भक्ति और श्रद्धा जगह-जगह देखने को मिल रही है। शहर के रानपुर रोड़ स्थित बीजासेन माता के मंदिर पर जहां शुक्रवार को मेला भरा है, वही धौलपुर रोड़ स्थित काली माई मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की गई। सप्तमी को मां कालरात्रि की पूजा की गई और भक्तगणों द्वारा माता रानी के मंदिरों में पहुंच माता रानी का आशीर्वाद लिया गया। रानपुर रोड़ स्थित बीजासेन माता मंदिर के पुजारी महतो भगत ने बताया कि- हर नवरात्रा में यहां माता रानी का सप्तमी को मेला भरता है। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। जिनके यहां शादियां होती हैं वह अपनी कुल बहू को जोड़े के साथ लेकर आती हैं। वहीं जहां संतान उत्पन्न होती है,उसको लेकर भी माता रानी के मंदिर पर विशेष पूजा की जाती है।

# जिला कलेक्टर ने किया 'अलवर वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम' पोर्टल को लॉन्च

**आमजन पोर्टल पर एक क्लिक से दर्ज करा सकेंगे पेयजल संबंधी शिकायतें, सरकारी कार्यालय आने से मिलेगी निजात**




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अतुल्य अलवर अभियान के तहत अलवर शहर की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करने एवं आमजन की पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन के नवाचार 'अलवर वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम' (एडब्ल्यूएमएस) पोर्टल नवाचार को जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार से लॉन्च कर पोर्टल अलवर शहरवासियो को समर्पित किया। जिला कलक्टर डॉ. शुक्ला ने बताया कि आमजन को सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने हेतु इस पोर्टल के माध्यम से शहर की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि अतुल्य अलवर वेब पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आमजन अपनी पेयजल से संबंधित समस्याओं व शिकायतों जैसे पानी नहीं आने, पेयजल लाइन लिकेज, गंदा पानी आने इत्यादि समस्याओं को दर्ज करा सकेंगे तथा दर्ज शिकायत के आधार पर उसकी वर्तमान स्थिति को भी जान सकेंगे। पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को समाधान जलदाय विभाग द्वारा समयबद्ध रूप से किया जाएगा तथा जिला प्रशासन वाररूम द्वारा इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग की जावेगी। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर अलवर शहर के मुख्य पानी संग्रहण स्थल (ओएचएसआर/ट्यूबवेल) की सूचना भी आमजन की जानकारी हेतु उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर दर्ज होने वाली सभी शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि प्रयास रहे कि शिकायतों का निस्तारण 24 घंटे में ही किया जावे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अगुवाई में जिला प्रशासन ने जिले के नवाचार अतुल्य अलवर अभियान के द्वारा शहर की साफ-सफाई संबंधी शिकायतों का निस्तारण, ऑटो टीपर की लाईव लोकेशन तथा अलवर पर्यटन संबंधित पोर्टल व एप लिंक आमजन की सहूलियत के लिए एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिनका सीधा लाभ आमजन को प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर अलवर दिनेश वर्मा, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चंद शर्मा एवं उप निदेशक नीतू बसवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नवदुर्गा महोत्सव में कानपुर से आए कव्वालों ने बिखेरा शमा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर चैत्रीय नवरात्रा में शहर की आस्था के केंद्र मां राज राजेश्वरी के मेले में नगर पालिका द्वारा नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुरुवार की रात कव्वालियों का महा मुकाबला देखने को मिला। कानपुर से आई महिला कव्वाल सनम वारसी और पुरुष कव्वाल शरीफ परिवाज की टीमों के बीच जमकर मुकाबला हुआ। दोनों कव्वालों ने एक दूसरे पर जमकर तंज कसे,ऐसे में दर्शक भी मंत्रमुग्ध हो गए। पूरा आयोजन देर रात तक जारी रहा।

नवदुर्गा महोत्सव में मेला मंच का संचालन कर रहे बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि नगर पालिका मेलाध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल और उनकी टीम द्वारा कानपुर से महिला कव्वाल सनम वारसी और पुरुष कव्वाल शरीफ परवाज की टीम को बुलाया गया था। इनका कव्वालियों का मुकाबला शाम 9 बजे से शुरू हुआ जो रात 2 बजे तक जारी रहा। इस दौरान कव्वालियों के कार्यक्रम से पूर्व मेले में पहुंचे अतिथियों का मेला कमेटी और नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिसमें कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मोहम्मद शकील खान, समाजसेवी डॉ नीरज चौहान,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष इरफान अहमद, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सेफ सईद उर्फ बाबुल भाई, कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित,सेवादल के जिला प्रभारी सुलेमान फारूकी के साथ राजकुमार कंसाना का मंच से मेला कमेटी के अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल और टीम द्वारा सम्मान किया गया।

## पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं ने सचिवालय गेट पर किया प्रदर्शन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर शहर में पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं ने मिनी सचिवालय के गेट पर प्रदर्शन किया। महिलाएं अलवर शहर के अखैपुरा और श्याम मंदिर क्षेत्र में पानी की परेशानी होने पर शुक्रवार को महिला और पुरुष मिनी सचिवालय पहुंच गए। जहां विरोध-प्रदर्शन के बाद मिनी सचिवालय के गेट पर धरना दे दिया। इसके बाद कुछ महिलाएं और पुरुष जमीन पर ही लेट गए। यहां पहुंची महिला ने कहा कि पानी का इतना संकट है कि बच्चे बिना नहाए ही स्कूल जाते हैं। आसपास से पानी लाने का बंदोबस्त नहीं है। कोई सुनने वाला भी नहीं है। जिला प्रशासन और जलदाय विभाग के धक्के खाने को मजबूर हैं। अलवर शहर के अखैपुरा श्याम मंदिर के पास की की महिलाएं मिनी सचिवालय पहुंची। वहां प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



महिलाओं का कहना है कि 6 बार जलदाय विभाग के चक्कर लगाने के बावजूद पेयजल व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई। अधिकारी बार-बार केवल आश्वासन देते हैं। परेशानी जस की तस बनी हुई है। अब मजबूरन जिला कलेक्टर को समस्या से अवगत कराने पहुंचे हैं। अब भी परेशानी का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## राजस्थान के सभी जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्षों की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** राजस्थान के सभी जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्षों की मीटिंग दिल्ली में आयोजित की गई। प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय इन्दिरा भवन में आयोजित मीटिंग में अलवर से जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा शामिल हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि अलवर जिले में कांग्रेस पार्टी की स्थिति काफी मजबूत है। लोकसभा चुनाव में 2019 के मुकाबले 2024 में हमने 12.30 प्रतिशत अधिक वोट प्राप्त किए हैं। जबकि विधानसभा चुनाव में 2018 के मुकाबले 2023 में हमने 13.30 प्रतिशत अधिक वोट प्राप्त किए हैं। कांग्रेस पार्टी ब्लॉक स्तर, मंडल स्तर ग्राम पंचायत स्तर, बूथ स्तर पर जाकर कांग्रेस को और अधिक मजबूत करेगी और राहुल गांधी के सपनों को साकार करेंगी।

### जीणमाता मेला के मेला मजिस्ट्रेट के सहायतार्थ अधिकारी नियुक्त

**सीकर।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुकुल शर्मा ने आगामी जीणमाता मेले के सुचारू संचालन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश जारी कर मेला मजिस्ट्रेट के सहायतार्थ अधिकारी नियुक्त किए है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम जीणमाता में 30 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक जीणमाता का मेला आयोजित होगा।

## सुपरवाईजर्स व ग्राम साथिन को राजकॉप सिटीजन मोबाइल एप का दिया प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** बालिकाओं व महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के क्रम में शुक्रवार को सीसीटीएनएस प्रशिक्षण केंद्र पुलिस कंट्रोल रूम पर महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाईजर्स व ग्राम साथिन को राजकॉप सिटीजन मोबाइल एप के संबंध में जानकारी दी गई तथा एप पर उपलब्ध मदद चाहिए। फीचर के संबंध में हैड कांस्टेबल नगेंद्र सिंह व सहायक प्रोग्रामर ऋषभ शर्मा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डीआईजी शरद चौधरी के निर्देश पर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें बताया गया कि राजकॉप सिटीजन मोबाइल एप पर उपलब्ध मदद चाहिए। फीचर के जरिए महिलाएं आपातकालीन और गैर-आपातकालीन स्थितियों में पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त सुपरवाईजर्स व ग्राम साथिन को साबर थाने के प्रोग्रामर अशोक कुमार व सहायक प्रोग्रामर संदीप कुमार द्वारा साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई तथा बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया। इस मौके पर झुंझुनूं ग्रामीण डीएसपी हरिसिंह धायल व महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला द्वारा महिला अधिकारिता विभाग की समस्त सुपरवाईजर्स तथा ग्राम साथिन को निर्देशित किया गया कि राजकॉप सिटीजन मोबादल एप पर उपलब्ध मदद चाहिए।

## 18 महीने की बालिका को घर के बाहर से खेलते हुए उठा ले गया, पुलिस ने दो को पकड़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर में 18 महीने की बच्ची को अगवा कर 20 हजार में बेचने का मामला सामने आया है। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने 8 घंटे में बालिका को ढूंढ लिया और दो जनों को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में लगी है कि बालिका आ अपहरण किस मकसद से किया है। परिजनों के अनुसार बालिका को आगे 20 हजार रुपए में बेच दिया था। जबकि पुलिस ने अपने प्रेस नोट में बालिका को बेचने की बात का जिक्र नही किया है। यह बच्ची के परिजनों का आरोप है।सदर थाना क्षेत्र के सोतका गांव निवासी आशा देवी ने बताया कि उनकी 18 महीने की बालिका प्रियांशी जाटव गुरुवार शाम को पड़ोसी दादी सावित्री के पास खेल रही थी। इसी दौरान गांव का हेमंत उर्फ भोली वहां पहुंचा और बच्ची को मिठाई दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। लेकिन मिठाई दिलाने के बाद उसे वापस लेकर नहीं आया। वह अपने साथी के साथ मिलकर बच्ची का



अपहरण कर लिया और रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 20 हजार रुपए में बेच दिया। गांव से बालिका को लेकर गया युवक नशेड़ी है। रामगढ़ में जिनको बालिका को बेचा गया पुलिस उनके बारे में खुलासा करेगी। प्रशिक्षु आईपीएस ग्रामीण सीओ शिवानी शर्मा के निर्देशन में सदर थाना और रामगढ़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 4 घंटे के भीतर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। इसके साथ ही 8 घंटे के अंदर बच्ची को खरीदने वाले दो लोगों हिरासत में लिया है। हालांकि मुख्य आरोपी हेमंत उर्फ भोली फरार हो गया, जिसकी तलाश के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें दबिश दे रही हैं। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। आमजन की मांग है कि दोषियों पर सख्त एक्शन लिया ।जए। अब पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच करने में लगे हैं। अभी यह पता लगाया जा रहा है कि बालिका को किस मकसद से उठाया गया। उधर, बालिका की मां का कहना है कि बेटी पहले की तरह सहज नहीं है। जिसके कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ताकि सामान्य जांच हो सके।

## ग्रामवासियों ने लाड़मपुर गांव को ग्राम पंचायत हिनौता में यथावत रखने की मांग की, जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र में स्थित हिनौता ग्राम पंचायत के लाडमपुर ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें लाड़मपुर गांव को हिनौता ग्राम पंचायत में यथावत रखने की मांग की है। ग्रामवासियों ने बताया किग्रामपंचायत हिनौता से लाडमपुर गांव की दूरी लगभग ढाई किलोमीटर है,जो कि हमारे गांव लाडमपुर के लिए सुविधाजनक है,जबकि लाडमपुर से दयेरी ग्रामपंचायत की दूरी 7.5 किलोमीटर है,जो हमारे लिए सुविधाजनक नहीं है,जो कि सरकार के मापदंडों के अनुसार भी अनुचित है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि कुछ राजनैतिक लोग द्वेष भावना के कारण हमारे गांव लाडमपुर को दयेरी पंचायत में जोडना चाहते हैं,जबकि पूरा गांव ग्राम पंचायत हिनौता में ही रहना चाहता है,यह हमारे लिए सुविधाजनक है,जिससे हमें सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। ग्रामवासियों ने कहा कि अगर हमारे गांव को दयेरी पंचायत से जोड़ा जाता है,तो समस्त ग्रामीण आने वाले समय में धरना प्रदर्शन,आंदोलन एवं मतदान का वहिष्कार करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। लोगों ने बताया कि वर्तमान में ग्रामपंचायत की जनसंख्या 4 हजार सात सौ तेरह है,जो सरकार के मापदंडों के अनुसार अनुकूल है। वर्तमान में ग्रामपंचायत की जनसंख्या कम है,फिर भी सरकार अपनी मनमानी के ग्राम पंचायत का पुनर्गठन कर रही है,जबकि ग्रामपंचायत हिनौता में पुनर्गठन की कोई आवश्यकता नहीं है। गांव के बुजुर्ग व्यक्ति एवं पूर्व वार्ड पंच हुकम सिंह ने कहा कि गांव वालों की बिना मर्जी के यह परिसीमन किया जा रहा है,जो कि लोगों के लिए उचित नहीं है। सभी ग्रामवासियों ने इस परिसीमन का विरोध जताते हुए उप जिला कलेक्टर व जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि नागेश कुशवाह, सरपंच प्रतिनिधि प्रताप कुशवाह,जादम सिंह, कल्याण सिंह, प्रेमसिंह, नरेश कुशवाह,मंगल सिंह, आकाश कुशवाह, ठाकुरदास, दिनेश, रामखिलाड़ी,थानसिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## भाजपा के स्थापना दिवस पर हर बूथ स्तर पर होंगे कार्यक्रम

**झुंझुनूं।** भाजपा के स्थापना दिवस पर हर बूथ स्तर पर कार्यक्रम होंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जिले के सभी मंडलों के अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सैनी ने बताया कि छह अप्रेल को जिला स्तरीय कार्यक्रम बड़े स्तर पर होगा। इसके बाद हर बूथ स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर जिला कार्यालय को भी रोशनी से सजाया जाएगा। इस मौके पर स्थापना दिवस छह से 13 अप्रेल तक के आगामी सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रमों के लिए मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिलाध्यक्ष सैनी ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस प्रत्येक मंडल पर मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में बूथ स्तर तक मनाया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के साथ सेवा सरोकार के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला उपाध्यक्ष एव कार्यक्रम के जिला संयोजक प्यारेलाल ढूकिया ने मंडल अध्यक्षों को सात दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा बगड़ व पूर्व जिला महामंत्री डॉ. राजेश बाबल ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, यतेंद्र सैनी, फूलचंद सैनी, संजय मोरवाल, श्रवण सैनी, जयप्रकाश चौधरी, मंडल अध्यक्ष सुदर्शन शर्मा, राजकुमार जांगिड़, ओमप्रकाश सोनी आदि मौजूद रहे।

## सुविचार

आपके भूतकाल में जो हुआ है उसकी चिंता छोड़ो और भविष्य को बेहतर बनाने पर कार्य करो।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### अलविदा! भारत कुमार

बॉलीवुड के महान अभिनेता मनोज कुमार का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्हें भारत कुमार के नाम से जाना जाता था। साल 1957 में आई फिल्म फैशन में मनोज कुमार ने 19 साल की उम्र में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल निभाया था। मनोज कुमार का जन्म अब के पाकिस्तान के ऐबटाबाद में हुआ था। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बंटवारे का दर्द झेला। एक इंटरव्यू में मनोज कुमार ने बंटवारे को याद करते हुए बताया था कि बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए थे। इस घटना के बाद उनके पिता बहुत रोए थे। मनोज कुमार ने बताया कि जब वो वहां से दिल्ली आए थे तो शरणार्थी कैंप में रह रहे थे। उन्होंने उस घटना का जिक्र किया था जब उनकी मां उनके भाई को जन्म देने वाली थीं। उन्होंने बताया था कि उस वक्त हो रही हिंसा की वजह से अस्पताल के लोग अंडरग्राउंड हो गए थे और उनकी मां को इलाज ना मिलने के चलते उनके भाई की मौत हो गई थी। मनोज कुमार की फिल्म शहीद (भगत सिंह पर बनी फिल्म) को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म और राष्ट्रीय एकता के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला था। रिपोर्ट्स की मानें तो इस समारोह के लिए मनोज कुमार ने भगत सिंह की मां को भी बुलाया था। मनोज कुमार ने लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर अपनी फिल्म उपकार बनाई थी। कहा जाता है कि दिल्ली से मुंबई के ट्रेन सफर में उन्होंने फिल्म की कहानी पन्नों पर उतार दी थी। बचपन में मनोज कुमार ने दिलीप कुमार की फिल्म शबनम (1949) देखी थी। उस फिल्म में दिलीप कुमार का नाम मनोज कुमार था। उसी फिल्म से उन्हें मनोज कुमार नाम और फिल्मी दुनिया दोनों पसंद आ गई थीं। मनोज कुमार ने एक अन्य इंटरव्यू में कहा था कि जब अमिताभ बच्चन को लगातार असफलता मिल रही थी और वो हताश होकर मुंबई से दिल्ली जाने के बारे में सोच रहे थे तो उन्होंने बिग बी को अपनी फिल्म 'रोटी, कपड़ा और मकान' में मौका दिया। मनोज कुमार ने अपने करियर में कई रोल निभाए, लेकिन देशभक्ति से सराबोर फिल्में करने के चलते उनका नाम भारत कुमार पड़ा। उनकी ये छवि से जुड़ा एक मशहूर किस्सा है। एक बार वो रेस्तरां में सिगरेट पी रहे थे। तभी एक लड़की बहुत गुस्से में उनके पास आई और कहा कि भारत होते हुए सिगरेट पीते हो? मनोज कुमार उर्फ भारत कुमार के जीवन से कई किस्से जुड़े हुए हैं, लेकिन फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को मनोज कुमार ने कभी माफ नहीं किया। दरअसल, फिल्म ओम शांति ओम में शाहरुख खान ने मनोज कुमार की जो नकल उतारी थी वो उन्हें नागवार उतरी। हो भी क्यों न, एक महान अभिनेता का यूं मजाक उड़ना कहां तक न्याय संगत है, और वे आजीवन शाहरुख खान से खफा ही रहे। खैर, आज मनोज कुमार भले ही दुनिया छोड़ गए हैं, लेकिन अपने प्रशंसकों के दिलों में हमेशा बसे रहेंगे।

## वक्फ बिल पास

# विपक्षी आरोपों को गलत साबित करे सरकार



वीना गौतम

लोकसभा में बारह घंटे से ज्यादा की तीखी चर्चा, भारी शोरगुल, बिल की कॉपी फाड़ने की घटना और पक्ष-विपक्ष के आरोपों-प्रत्यारोपों के बीच जहां बुधवार की देर रात वक्फ संशोधन बिल 232 के मुकाबले 288 मतों से पास हो गया, वहीं राज्यसभा में अगले दिन [3 अप्रैल 2025] की देर रात पक्ष-विपक्ष के बीच करीब 14 घंटों से ज्यादा की मैराथन बहस के बाद यह बिल 95 के मुकाबले 128 मतों से पास हो गया। लोकसभा में बिल पर तीखी चर्चा के दौरान जहां आल इंडिया मुस्लिम इत्तेहादुल मुसलमीन [एआईएमआईएम] के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तेजना में बिल फाड़ दिया, वहीं राज्यसभा में किसी सांसद ने बिल की कापी तो नहीं फाड़ी लेकिन बोल कईयों के बिगड़े, जिन्हें बाद में सदन की कार्यवाही से निकाल दिया गया। लोकसभा में हुई वोटिंग प्रक्रिया में जहां 520 सांसदों ने भाग लिया, वहीं राज्यसभा में वोटिंग प्रक्रिया में हिसा लेने वाले सांसदों की संख्या 223 रही।

इमेज

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बिल को 'उम्मीद' (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इंपावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया और संसद के दोनों ही सदनों में 'की नोट एड्रेस' दिया। वहीं बिल पर हुई चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह का भाषण सबसे महत्वपूर्ण रहा, विशेषकर उनका यह वायदा कि वक्फ में कोई गैर इस्लामिक नहीं आयेगा। उन्होंने बहस के दौरान विपक्ष पर आरोप लगाया कि वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा है। वक्फ बिल पर सदन में चर्चा के दौरान रिजिजू ने कहा, 'अगर हमने आज यह संशोधन बिल पेश नहीं किया होता, तो जिस इमारत में बैठे हैं, उस संसद पर भी वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा सकता था।' सरकार के पक्ष के लोगों ने जहां संसद में पास हुए इस नए वक्फ बिल को ऐतिहासिक बताया है, वहीं विपक्ष के मुताबिक़ यह बिल असंवैधानिक है। सरकार के मुताबिक़ विधेयक से मुस्लिम समाज की महिलाओं और गरीबों का कल्याण होगा तो विपक्ष ने कहा है कि इस विधेयक से मुसलामानों की संपत्ति को लूटना आसान हो जाएगा। संसद में बहस के दौरान जहां सत्ता पक्ष विजयी एहसास से भरा था,वहीं विपक्ष बेचैनी और निराशा से भरा दिखा। सिर्फ संसद में ही यह परिदृश्य नहीं रहा बल्कि दिल्ली से दूर पटना स्थित बिहार विधानसभा में भी ऐसा ही कुछ माहौल रहा। बिहार विधानसभा में भाजपा नेताओं ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल पास होने से वक्फ के नाम पर जमीन कब्जा रुकेगा। इनके मुताबिक़ वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी का निजी फायदे और तुष्टीकरण के लिए इस्तेमाल हो रहा था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के मुताबिक़ वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी का बोर्ड में मौजूद लोगों ने खुद के लाभ के लिए खूब इस्तेमाल किया है। इसी कारण 5 वर्ष में वक्फ बोर्ड की प्रापर्टी में 13 गुना गिरावट आई है। जबकि इसी बीच बोर्ड में बैठे लोगों की आमदनी में कई सौ गुना की वृद्धि हुई है। जबकि 2019-20 में वक्फ बोर्ड की जो आमदनी 186 करोड़ रुपए वार्षिक थी, वह 2023-24 में घटकर 14 करोड़



रुपए रह गई। अब इस तरह की धांधागर्दी नहीं चलेगी, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि वक्फ बोर्ड का अब काम मुस्लिमों की भलाई करना होगा। क्योंकि यह बोर्ड गरीब मुस्लिमों की भलाई के लिए है, जबकि इसका इस्तेमाल अब तक तुष्टीकरण के लिए हो रहा था। लोकसभा में 2 अप्रैल 2025 को बिल पेश करने के दौरान किरन रिजिजू ने कहा कि आजादी के बाद 1954 में वक्फ एक्ट पहली बार बना था। उसी समय स्टेट वक्फ बोर्ड का भी प्रावधान किया गया था। तब से हुए कई संशोधनों के बाद 1995 में मौजूदा वक्फ एक्ट अस्तित्व में आया था। उस वक्त किसी ने भी नहीं कहा था कि ये गैरसंवैधानिक है। लेकिन आज जबकि हम इसे बेहतर सुधारों और पारदर्शिता के साथ लेकर आए हैं, तो कुछ लोग विशेषकर कांग्रेसी कह रहे हैं कि यह गैरसंवैधानिक है? रिजिजू ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह मुस्लिम वोटों के लिए देश को बरगला रहा है। किरन रिजिजू के मुताबिक़ 2014 में चुनावों के ऐन पहले तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने 5 मार्च 2014 को 123 प्राइम प्रॉपर्टी को दिल्ली वक्फ बोर्ड को ट्रांसफर कर दीं थीं। जबकि चुनाव के कुछ ही दिन बचे थे, सरकार चाहती तो चुनावों तक इंतजार कर सकती थी। इस बहस में गृहमंत्री अमित शाह ने भी तीखे प्रतिवाद के दौरान कहा, 'वक्फ बिल चोरी के लिए नहीं, गरीबों की बेहतरी के लिए है। अभी एक पार्लियामेंट मेंबर कह रहे थे अल्पसंख्यक स्वीकार नहीं करेंगे, क्या धमकी दे रहे हो भाई। संसद का कानून है, स्वीकार करना पड़ेगा।' बहस के दौरान समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश किरन रिजिजू को संबोधित करते हुए कहा मंत्री जी बोल रहे हैं कि डिफेंस और रेलवे की जमीन भारत की है। मैं भी यह मानता हूं। मगर क्या डिफेंस और रेलवे की जमीनें नहीं बेची जा रही हैं? वक्फ की जमीन से बड़ा मुद्दा वो जमीन है, जिस पर चीन ने अपने गांव बसा लिए हैं। कोई सवाल न करे इसलिए यह बिल लाया जा रहा है। जिस प्रदेश से मंत्री आते हैं कम से कम यह तो बता दें कि चीन ने कितने गांव बसा लिए हैं। डीएमके सांसद बोले- मंत्री की स्पीच जेपीसी रिपोर्ट से मैच कर जाए तो इस्तीफा दे दूंगा। डीएमके सांसद ए राजा ने कहा, मंत्रीजी (किरेन रिजिजू) ने कुछ देर पहले बेहद गर्व के साथ भाषण दिया है। मैं हिम्मत के साथ कहता हूं कि कल आप अपनी स्पीच के टेक्स्ट को जेपीसी की रिपोर्ट से मिलाइएगा। मैच कर जाए तो इस सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा। ये कहानी गढ़ रहे हैं कि संसद वक्फ बोर्ड को दे दी गई होती। इसी बहस में हिस्सा लेते हुए जनता दल यूनाइटेड के ललन सिंह बोले- बिल कहीं से मुसलमान विरोधी नहीं है। केंद्र सरकार में पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के मताबिक, 'ये नैरेटिव बनाने का प्रयास किया जा रहा है कि ये बिल मुसलमान विरोधी है। ये बिल कहीं से मुसलमान विरोधी नहीं है। वक्फ कोई मुस्लिम संस्था है क्या? वक्फ कोई धार्मिक संस्था नहीं, एक ट्रस्ट है, जो मुसलमानों के कल्याण के लिए काम करता है। उस ट्रस्ट को ये अधिकार होना चाहिए कि वो सभी वर्गों के लोगों के साथ न्याय करे जो नहीं हो रहा है। सदन की बहस में हिस्सेदारी करते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा- भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। खाता न बही, जो वक्फ कहे, वही सही। आपको तय करना है कि आपको वक्फ के साथ रहना है या संविधान के साथ रहना है। इसी बहस में कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल बोले- भारत माता को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा। आप नॉन मुस्लिम को बोर्ड में ला रहे हैं। वैष्णो देवी टेंपल एक्ट में कहा गया है कि लेफ्टिनेंट गवर्नर चेयरमैन होगा, अगर वो हिंदू नहीं है तो किसी को नॉमिनेट कर सकता है। मैं इसका समर्थन कर सकता हूं। आप वक्फ बोर्ड के साथ भेदभाव क्यों कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड भी धार्मिक है।

## पंचांग

शनिवार, 5 अप्रैल 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - अष्टमी 19.27 तक
- वार - शनिवार
- नक्षत्र - पुनर्वसु 29.32 तक
- योग - अतिगंड 20.03 तक
- करण - विष्टि 07.45 तक
- सूर्योदय - 06.31 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.51 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.29 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.58 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मिथुन 23.28 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.16 से 13.06
- राहु काल - 09.35 से 11.08
- व्रत, त्यौहार - दुर्गाष्टमी, भद्रा 07.5 तक, दग्धयोग 19.27 से सूर्योदय, रवियोग 29.32 प्रारंभ
- दिशा शूल - पूर्व

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### बहुत विशेष मानी जाती है 'कामदा एकादशी'

धार्मिक मान्यतों के अनुसार हर पक्ष में आने वाली एकादशी तिथि महत्वपूर्ण होती है। लेकिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में आने वाली कामदा एकादशी अपने फल के कारण विशेष महत्वपूर्ण मानी जाती है। एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस साल कामदा एकादशी 08 अप्रैल को मनाई जाएगी।

मान्यताओं के अनुसार इस एकादशी का व्रत करने वाले साधक के सभी पाप नष्ट होते हैं और उसकी हर कामना पूरी होती है व जीवन में सुख समृद्धि आती है। इस दिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाती है व कई लोग इस दिन श्रीहरि को प्रसन्न करने के लिए कई उपाय भी करते हैं. इसके अलावा माना जाता है कि अगर कामदा एकादशी पर अगर व्यक्ति कुछ मंत्रों का जप कर ले तो भी उसे विशेष फल प्राप्त हो सकते है और उस पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का कृपा प्राप्त हो सकती है। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि उन खास मंत्रों के बारे में, जो कि एकादशी के दिन करना शुभ फल प्रदान करता है।

**कामदा एकादशी मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार एकादशी तिथि 7 अप्रैल को रात 08 बजकर 00 मिनट पर शुरू होगी और 8 अप्रैल को रात 09 बजकर 11 मिनट पर खत्म होगी. साथ ही व्रत पारण का समय 8 अप्रैल की सुबह 06 बजकर 05 मिनट से 08 बजकर 36 मिनट तक रहेगा. जबकि द्वादशी तिथि रात 10 बजकर 54 मिनट तक रहेगी।

भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के मंत्र

एकादश्यां समायुक्ते देवदेव जनार्दन। एकभक्तिं प्रदास्यन्ति मुक्तिं मे कुरु केशव

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय

ॐ विष्णवे नमः

ॐ नारायणाय विद्महे। वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णु प्रचोदयात्

ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने। प्रणत क्लेश नाशाय गोविन्दाय नमो नमः

## तारीख विशेष

### समता दिवस

समता दिवस प्रत्येक वर्ष भारत में 5 अप्रैल को मनाया जाता है। बाबू जगजीवन राम जिन्हें 'बाबूजी' के नाम से संबोधित किया जाता था, उन्हीं के जन्म दिवस को 'समता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। बाबू जगजीवन राम वर्ष 1979 में भारत के उप प्रधानमंत्री बने थे। लगभग 50 वर्षों के संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति जगजीवन राम का समर्पण और निष्ठा बेमिसाल रहा। उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा हुआ है। सदियों से शोषण और उत्पीड़ित दलितों, मजदूरों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए जगजीवन राम द्वारा किए गए क़ानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं। जगजीवन राम का ऐसा व्यक्तित्व था जिसने कभी भी अन्याय से समझौता नहीं किया और दलितों के सम्मान के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अंग्रेजों ने भारत छोड़ा तो उनका प्रयास था कि पाकिस्तान की भांति भारत के कई टुकड़े कर दिए जाएं। शिमला में कैबिनेट मिशन के सामने बाबूजी ने दलितों और अन्य भारतीयों के मध्य फूट डालने की अंग्रेजों की कोशिश को नाकाम कर दिया। अंतरिम सरकार में जब बारह लोगों को लार्ड वावेल की कैबिनेट में शामिल होने के लिए बुलाया गया तो उसमें बाबू जगजीवन राम भी थे। उन्हें श्रम विभाग दिया गया। इस समय उन्होंने ऐसे क़ानून बनाए जो भारत के इतिहास में आम आदमी, मजदूरों और दबे कुचले वर्गों के हित की दिशा में मील के पत्थर माने जाते हैं। उन्होंने 'मिनिमम वेजेज एक्ट', 'इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट' और 'ट्रेड यूनियन एक्ट' बनाया जिसे आज भी मजदूरों के हित में सबसे बड़े हथियार के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 'एंप्लाइज स्टेट इंश्योरेंस एक्ट' और 'प्रोवीडेंट फंड एक्ट' भी बनवाया। जगजीवन राम उस समय महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी के लिए संघर्ष करने वाले दल में शामिल हुए, जब अंग्रेज अपनी पूरी ताक़त के साथ आजादी के सपने को हमेशा के लिए कुचल देना चाहते थे। पृथक् निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अंग्रेजों ने अपनी सारी ताक़त झोंक दी थी। मुस्लिम लीग की कमान जिन्ना के हाथ में थी और वे अंग्रेजों के हाथ की कठपुतली बने थे। आजादी के बाद जो पहली सरकार बनी उसमें उन्हें श्रम मंत्री बनाया गया। यह उनका प्रिय विषय था।

## गोबेकली टेपे का रहस्यमयी संसार

# यहां ठहर जाता समय व संस्कृति का सफ़र

समीर चौधरी

गोबेकली टेपे इस धारणा को गलत साबित करता है कि जटिल सामाजिक व रीति-रिवाज वाली इमारतें उन लोगों ने बनाना शुरू कीं जो कहीं स्थायी तौरपर बसते नहीं थे और न ही उन्होंने कृषि का विकास किया था। यह इस परंपरागत आस्था को चुनौती देता है कि शुरुआती मानव सभ्यता पाबंदी के साथ स्थायी जीवन पर निर्भर थी। दशकों की खुदाई व शोध के बावजूद अभी तक यह मालूम नहीं हो सका है कि गोबेकली टेपे का बुनियादी उद्देश्य क्या था? शोधकर्ताओं ने अनेक पत्थर-चक्र खोजे हैं, जिनमें से अधिकतर पर जंगली जानवरों जैसे शेर, लोमड़ी व सांप की जटिल नक्काशी है। कुछ विशेषज्ञों का तर्क है कि इस साईट का उपयोग कर्मकाण्ड या सामाजिक मिलन के लिए होता था, संभवतः देवताओं की पूजा करने के लिए या आसमानी घटनाओं का अवलोकन करने के लिए। एक अन्य शोधकर्ता का ख्याल है कि लेआउट व नक्काशी खगोलीय समीकरण को प्रतिविंबित करती है, इसलिए यह जगह विश्व का पहला कैलेंडर थी। गोबेकली टेपे की जटिलता व इसका विशाल आकार यह संकेत देता है कि इसका सांस्कृतिक व आध्यात्मिक महत्व होगा।

इमेज

दक्षिण पूर्व तुर्की की सुदूर पहाड़ियों में स्थित गोबेकली टेपे को यह श्रेय प्राप्त है कि यह संसार की सबसे पुरानी इमारत है। कम से कम 11,500 साल पुरानी यह बिल्डिंग ऐसा आर्कियोलॉजिकल शाहकार है कि प्राचीन मानव सभ्यता की हमारी समझ को चुनौती देता है। हालांकि इसकी खोज 1960 के दशक में हुई थी, लेकिन इसको समझने का सिलसिला 1990 के दशक में ही आरंभ हो सका और तब से यह इमारत गहन अध्ययन व जिज्ञासा का विषय बनी हुई है। दशकों के शोध के बावजूद इसके निर्माण का असल उद्देश्य अब भी पहेली बना हुआ है और प्राचीन मानव समाजों के बारे में हमारी परंपरागत समझ को चुनौती दे रहा है। आयु में गोबेकली टेपे स्टोनहेंज से भी 6,000 वर्ष से अधिक आगे निकल जाता है, जिस वजह से आर्कियोलॉजिस्ट व इतिहासकार मजबूर हैं कि वह सभ्यता के उदय के बारे में जो कुछ जानते हैं उस पर पुनः विचार करें। गोबेकली टेपे में पत्थरों के विशाल चक्र, टी-आकार के स्तंभ और पेचीदा नक्काशी हैं। यह प्राचीन साईट इस धारणा को चुनौती देती है कि जटिल निर्माण व सामाजिक संरचना का उदय कृषि के आगमन पर हुआ। अब इस हैरत में डालने वाले स्मारक से स्पष्ट हो रहा है कि हमें इतिहास पूर्व मानव संस्कृति के बारे में अपने विचारों को बदलना होगा। सीरिया की सीमा के निकट जर्मस पहाड़ों में स्थित गोबेकली टेपे का निर्माण कृषि के आगमन व एक जगह स्थित रहने वाले समुदायों या विकसित सभ्यताओं से बहुत पहले शिकार-एकत्र करने वाले समाजों ने किया था। इस साईट का आर्किटेक्चर विस्मयकारी है, जिसमें पत्थरों के विशाल चक्र टी-आकार के स्तंभों के सहारे खड़े हैं, जो चूनापत्थर से तराशे गये हैं और कुछ पत्थरों का वज़न 10 टन से भी अधिक है। गोबेकली टेपे के निर्माण का जो विशाल फलक है वह इसे अन्य प्राचीन स्मारकों से एकदम अलग खड़ा कर देता है। हैरत इस बात की है कि पास के पठार से इन पत्थरों को किस तरह से लाया और तराशा गया होगा। गोबेकली टेपे की खोज ने आर्कियोलॉजिकल टाइमलाइंस को एकदम बदल कर रख दिया है। पहले यह माना जाता था कि जब इंसान ने कृषि जीवनशैली अपनाना आरंभ किया तब वह एक जगह पर बसने लगा और जटिल इमारतों का निर्माण करने लगा। गोबेकली टेपे इस धारणा को गलत साबित करता है कि जटिल सामाजिक व रीति-रिवाज वाली इमारतें उन लोगों ने बनाना शुरू कीं जो कहीं स्थायी तौरपर बसते नहीं थे और न ही उन्होंने कृषि का विकास किया था। यह इस परंपरागत आस्था को चुनौती देता है कि शुरुआती मानव सभ्यता पाबंदी के साथ स्थायी जीवन पर निर्भर थी। दशकों की खुदाई व शोध के बावजूद अभी तक यह मालूम नहीं हो सका है कि गोबेकली टेपे का बुनियादी उद्देश्य क्या था? शोधकर्ताओं ने अनेक पत्थर-चक्र खोजे हैं, जिनमें से अधिकतर पर जंगली जानवरों जैसे शेर, लोमड़ी व सांप की जटिल नक्काशी है। कुछ विशेषज्ञों का तर्क है कि इस साईट का उपयोग कर्मकाण्ड या सामाजिक मिलन के लिए होता था, संभवतः देवताओं की पूजा करने के लिए या आसमानी घटनाओं का अवलोकन करने के लिए। एक अन्य शोधकर्ता का ख्याल है कि लेआउट व नक्काशी खगोलीय समीकरण को प्रतिविंबित करती है, इसलिए यह जगह विश्व का पहला कैलेंडर थी। गोबेकली टेपे की जटिलता व इसका विशाल आकार यह संकेत देता है कि इसका सांस्कृतिक व आध्यात्मिक महत्व होगा। लेकिन यहां जो विशिष्ट कर्मकाण्ड या समारोह होते होंगे, वह अभी तक पूर्णतः अस्पष्ट हैं। गोबेकली टेपे की आयु से यह प्रश्न भी उठता है कि क्या इसकी भूमिका पौराणिक कथाओं में भी थी क्योंकि कुछ थ्योरी यह भी हैं कि यह बागे-इरम (गार्डन ऑफ़ ईडन) था जहां आदम व हव्वा रहते थे। लेकिन ठोस साक्ष्यों के अभाव में इन विचारों को केवल अनुमान ही कहा जा सकता है। एक परंपरागत धारणा यह भी है कि स्थायी तौरपर एक जगह बसने वाले मानवों के पास ही विशाल इमारतें बनाने का ज्ञान व संसाधन थे। गोबेकली टेपे की खोज इस सोच को भी चुनौती देती है। गोबेकली टेपे के निर्माता घुमंतू शिकारी थे। लेकिन इस प्रश्न का उत्तर अभी तक नहीं मिला है कि इनके समाजों की, सामाजिक संरचना क्या थी? इतनी विशाल इमारत खड़ी करने से यह अंदाज़ा अवश्य होता है कि उनमें सामाजिक सहयोग, इंजीनियरिंग का ज्ञान और कलात्मक कौशल का अच्छा स्तर था, जोकि पहले शिकार-एकत्र करने वाले लोगों के संदर्भ में नहीं जोड़ा जाता था। टी-आकार के स्तंभों में से अधिकतर पर विस्तृत नक्काशी है, प्रतीकात्मक चिह्नों की। यह न केवल प्रभावी इंजीनियरिंग है बल्कि कला का महत्वपूर्ण कार्य भी। गोबेकली टेपे का आर्किटेक्चरल डिज़ाइन बताता है कि निर्माताओं को निर्माण कला का अच्छा ज्ञान था, साथ ही यह भी किस तरह बिल्डिंग मज़बूत व स्थिर रह सकती है, याद रखिये यह सब स्थायी बस्तियां बसने से बहुत पहले हुआ।



## गीता सार

**श्रीभगवानुवाच**

**अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः ।**
**स सन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः॥**

**भावार्थ :**

श्री भगवान ने कहा - जो मनुष्य बिना किसी फ़ल की इच्छा से अपना कर्तव्य समझ कर कार्य करता है, वही संन्यासी है और वही योगी है, न तो अग्नि को त्यागने वाला ही सन्यासी होता है, और न ही कार्यों को त्यागने वाला ही योगी होता है।

## बोले तो...



उम्मीद है कि बांग्लादेश की मोहम्मद सरकार बांगला देश में हो रहे हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार के मामलों की गहन जांच सहित उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

- नरेंद्र मोदी



कई सालों से बेशकीमती जमीनों एवं संपत्ति पर अवैध कब्जा करके कुछ लोग अपना निजी स्वार्थ सिद्ध कर रहे थे। आज जब यह संपत्ति आम जरूरतमंद गरीब मुसलमान को मिल रही है तो निश्चित रूप से उनका उत्थान होगा।

- डॉक्टर सनवर पटेल



मुसलमानों की ओर से ऐसी कोई मांग नहीं की गई कि वे सड़कों पर नमाज अदा करना चाहते हैं। असम के लोग भी सड़कों पर नमाज अदा नहीं करना चाहते हैं, क्योंकि राज्य में खूबसूरत मस्जिदें हैं।

- हिमंत विश्व शर्मा

## कुछ अलग | अजब गजब

# महिला के डीएनए टेस्ट ने खोल दिया 'मां' का 37 साल पुराना राज, बदल गई जिंदगी

कहा जाता है कि जिंदगी में बहुत से सच ढके-छिपे रहें, तो ही बेहतर होता है। अगर आप कुछ ऐसा जान जाएं, जो नहीं जानना चाहिए तो जीना मुश्किल हो जाता है। एक महिला के साथ भी ऐसा ही हुआ। उसने सिर्फ एक डीएनए टेस्ट के जरिये बुढ़ापे में अपनी अपनी जिंदगी का वो रहस्य जान लिया, जिसके बिना भी उसकी लाइफ अच्छी चल रही थी।

डीएनए टेस्ट पहले तो बहुत बड़ी बात होती थी लेकिन आजकल ये काफी आम हो चुका है। कई बार तो इस किट के जरिये इतने पुराने रहस्य सामने आ जाते हैं, जिनके बारे में हमने कल्पना भी नहीं की होती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एना शार्प नाम की 52 साल की महिला को अपनी जिंदगी के इस स्टेज पर पता चला कि उससे कितना बड़ा सच छिपाया गया था।

**डीएनए टेस्ट ने खोला जिंदगी का सच**

एना शार्प को अपनी जिंदगी के 14वें साल में ये एहसास हुआ कि वो जिस आदमी के साथ रह रही है, वो उसके बायलॉजिकल पिता नहीं हैं। हालांकि




उसकी मां ने उसे इसके बारे में कुछ बताया नहीं। उसे अपने घर में अपनी बचपन की एक फोटो भी मिली, जिसमें एक लव नोट था और इस पर 'Carlos' नाम के शख्स के हस्ताक्षर थे। उन्हें तब इसके बारे में कुछ नहीं पता चला, लेकिन 2024 में जब उनके बच्चों ने उन्हें डीएनए टेस्ट किट गिफ्ट की, तो उनकी लाइफ का ये रहस्य खुल गया।

**मां ने छिपाई थी सच्चाई**

एना को डीएनए टेस्ट के बाद पता चला कि चार्ल्स ही उनके असली पिता हैं। उन्हें ढूंढने के लिए एना ने कोशिश की, तो उनकी चचेरी बहन सामने आई, जिसने उन्हें उनके असली पिता चार्ल्स से मिलवाया। वे 79 साल के हैं और पहले सैनिक रह चुके हैं। बाद में पता चला कि एना की मां का चार्ल्स से छोटा सा अफेयर हुआ था, जब वो वियतनाम युद्ध के बाद घायल थे। बाद में वे मिले भी, लेकिन एना की मां ने कभी भी उन्हें बच्ची के बारे में नहीं बताया।

## पाठक पाती

### भारत की कामयाब होती कुटनीति

भारत के सतत कूटनीतिक प्रयास वैश्विक मंच पर तो प्रभावी रहे ही हैं उनका प्रभुत्व आपदा में फंसे भारतीय नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा के लिए भी कारगर साबित हुआ है। प्रयासों का ही नतीजा है कि 2014 से अब तक 10,000 से अधिक भारतीय विदेशों में कैद से रिहा होकर स्वदेश लौटे हैं। वहीं संयुक्त अरब अमीरात ने रमजान के अवसर पर 500 भारतीय कैदियों को माफी दी, जो भारत और खाड़ी देशों के मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है। वैसे भारतीय कैदियों की रिहाई कोई नया मामला नहीं है क्योंकि 2022 से अब तक यूएई ने 2,783 भारतीयों को रिहा किया है जबकि 2019 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भी कैदियों के अपराध को देखते हुए अपनी भारत यात्रा के दौरान 850 भारतीय की रिहाई का आदेश दिया था। बड़ी उपलब्धि कतर से मिली जब 2023 में मौत की सजा पाए भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों की सजा कम करके उनको रिहा किया गया था जो भारत की कूटनीतिक सफलता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

- अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

*गर्मी में नींबू पानी, नारियल पानी,जूस का करें प्रयोग*

# आमजन करें हीटवेव से बचाव की एडवाइजरी की पालना: जिला कलक्टर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** गर्मी ऋतु में बढ़ते हुए



तापमान, ताप की लहर, हीटवेव से आमजन से बचाव के लिए आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राजस्थान, जयपुर द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि हीटवेव के बचाव के लिए आमजन एडवाईजरी की पालना करते हुए लू-तापघात से बचाव के लिए समुचित उपाय करें।

### जरूरी है सावधानी

*जिला प्रशासन ने आमजन से भीषण गर्मी के चलते एहतियात बरतने की अपील की है। जिला कलक्टर ने कहा कि जहां तक संभव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूरी तरह से ढका हो। आमजन जब भी बाहर निकलें, छाता व पानी आदि की व्यवस्था अनुरूप घर से निकलें।*

*धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें।*

*गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें।*

*रंगीन चश्मे एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पिएं एवं पेय पदार्थों जैसे नींबू पानी, नारियल पानी, जूस आदि का प्रयोग करें।*

### सतर्कता बरतें, स्वस्थ रहें

आपदा प्रबन्धन द्वारा जारी एडवाईजरी के अनुसार लू-तापघात एवं हीटवेव बचाव के लिए आमजन को पर्याप्त पानी पीने के साथ ही नींबू पानी, छाछ आदि के सेवन की सलाह दी गई है। वही हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनने, सिर को कपड़े व टोपी से ढ़कने, आंखों की सुरक्षा के लिए धूप चश्मे का प्रयोग करने की भी सलाह दी गई है। इसी प्रकार नियोक्ता एवं श्रमिक के लिये एडवाइजरी जारी की गई हैं कि कार्य स्थल पर ठण्डे पेयजल का प्रबंध रखें, श्रमिकों को लिये छाया-पानी एवं ओआरएस घोल पैकेट्स का प्रबंध रखने, श्रम साध्य कार्यों को दिन के कम ताप वाले समय में करने इत्यादि की सलाह दी गई है। जिला कलक्टर मंत्री ने एडवाईजरी की जानकारी देते हुए आमजन से यह भी आह्वान किया कि वे बन्द वाहन में बच्चों व फालतू जानवरों को कभी अकेला नहीं छोड़ने, अन्य सावधानियों के तहत पंखे व नम कपड़ों का प्रयोग करने, ठण्डे पानी से स्नान करने, छायादार पेड़ों के नीचे बैठने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही पशुधन को हीटवेव से बचाने के लिये पशुओं को छाया में रखने, समय-समय पर ठण्डा पानी पिलाने, अत्यधिक गर्मी के दौरान पानी का छिड़काव पशु आश्रय स्थल पर करने के साथ ही पशुओं को हरी घास, प्रोटीन वसा खाद्य पदार्थ खिलाने एवं खनिज मिश्रण व नमक देने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही हीटवेव से बचाव के लिए क्या नहीं करें इसके बारे में सलाह दी कि धूप में बाहर जाने से बचें, नंगे पाव बाहर नहीं जायें, दिन में सबसे गर्म समय के दौरान खाना पकाने से बचने, शराब, चाय-कॉफी एवं कार्बोनेटेड शीतल पेय के सेवन से बचने, अधिक प्रोटीन वाले भोजन से बचने की भी सलाह दी गई है। इसके साथ ही लू से प्रभावित व्यक्ति को उपचार के लिए सिर पर गिले कपड़े का उपयोग करने, ओआरएस/नींबू, शरबत या जो कुछ भी शरीर को पुनः सर्ि य करने के लिए उपयोगी हो पेय पदार्थ लेने, नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर उपचार लेने लेने की भी सलाह दी गई है। यह है लू एवं तापघात के लक्षण शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का रूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। चिकित्सकीय दृष्टि से लू-तापघात के लक्षण, लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात विकृति के कारण होती है। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ पिलाएं। उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए।

# चारभुजानाथ का दो दिवसीय वार्षिक मेला आज से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** उपखंड के खांगड़ी गांव स्थित घांची समाज के आराध्य चारभुजानाथ मंदिर परिसर में समस्त क्षत्रिय घांची समाज महासभा के तत्वावधान में दो दिवसीय वार्षिक मेला व स्नेह मिलन समारोह 5 व 6 अप्रेल को होगा। मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। महासभा पदाधिकारियों को मेले की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई। महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी ने शुक्रवार को मारवाड़ जंक्शन पूर्व विधायक खुशवीर सिंह जोजावर को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का न्योता दिया। डा. भाटी ने बताया कि 5 अप्रेल की शाम 4 बजे मंदिर परिसर में हवन, यज्ञ होगा। जिसमें यजमानो की ओर से आहुतियां देकर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की जाएगी। शाम को भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें गायक कलाकार शंकर टांक, ललिता पंवार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही नृत्य कलाकार ममता भारती व पुजा राठौड़ अपनी कलाकारी का प्रदर्शन करेंगी। अजय सुदामा एण्ड पार्टी दिल्ली देवी-देवताओं की झांकियां प्रस्तुत करेंगी। मेला समाज के साधू-संतो के सानिध्य में होगा जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, समारोह की अध्यक्षता सांसद पीपी चौधरी, विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली विधायक भीमराज भाटी आदि शिरकत करेंगे। उन्होंनें बताया कि मेले में भाग लेने वाले समाज के विभिन्न संस्थानों के अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा।

### शोभायात्रा के साथ मेला शुरू

महासभा उपाध्यक्ष डा. भाटी ने बताया कि दो दिवसीय मेले को लेकर मंदिर को रोशनी व आकर्षक फूलों से सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन 6 अप्रेल को मेला भरेगा, जिसमें सर्वप्रथम सवेरे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गांव के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर पहुंच सम्पन्न होगी। उसके बाद आयोजित समारोह में मेले में सहयोग देने वाले भामाशाहों, अतिथियों व समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का बहुमान किया जाएगा। इस दौरान अगले साल मेले की बोलियां भी बोली जाएगी। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा।



# गुरू कुल के रजत जयंती उत्सव का दिया निमंत्रण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** श्रीमद्दयानन्द आर्ष ज्योतिर्मठ गुरुकुल, पौन्धा, देहरादून के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्था के संस्थापक स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से गुरुकुल परिवार की ओर से 30, 31 मई एवं 1 जून को भव्य एवं विशाल रजत जयन्ती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसका निमंत्रण देने के लिए मध्याह्न तीन बजे आचार्य डॉ धनंजय, पं नरेश दत्त आर्य, भूपेश शास्त्री, एवं अंकित शास्त्री का चार सदस्य प्रतिनिधि मण्डल के पाली पहुंचने पर आर्य समाज पाली की ओर से आत्मीय स्वागत सत्कार किया गया। गुरूकुल पौन्धा के आचार्य डॉ धनंजय ने बताया कि गुरूकुल स्थापना के 25 वा वर्ष रजत जयंती होने के कारण कार्यक्रम भव्य रुप से मनाया जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न भागों से अनेक साधु-संन्यासी, विद्वान, आर्यनेता व भजन उपदेशको को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर चतुर्वेद ब्रह्म पारायण महायज्ञ व विभिन्न सम्मेलनों के आयोजन किए जाएंगे। आर्य समाज प्रचार मंत्री घेवरचन्द आर्य ने बताया कि आचार्य डॉ धनंजय ने आर्य समाज को निमंत्रण देते हुए कहां कि रजत जयन्ती समारोह के पावन अवसर पर देशभर के संन्यासियों, विद्वानों एवं आर्य नेताओं का आगमन होगा आर्य जनता को उनके उपदेशामृत सुनने और दर्शन करने का धर्मलाभ प्राप्त करने का यह एक सुन्दर अवसर प्राप्त हो रहा है। आप सबको कार्य म में पधारना है।आर्य समाज मंत्री विजयराज आर्य ने निमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए समारोह में भाग लेने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर आर्य समाज पाली के पूर्व प्रधान गजेन्द्र अरोडा, वर्तमान मंत्री विजयराज आर्य, वरिष्ठ सदस्य पुनम चन्द वैष्णव, एडवोकेट कुन्दन चौहान एवं प्रचार मंत्री घेवरचन्द आर्य सहित कई जने मौजूद रहे।




# कल्लाजी राठौड़ धाम पर पौधरोपण किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** एनएच पालड़ी जोड़ हाईवे कल्लाजी धाम पर गुरूवार रात भजन संध्या से पहले एक व्यक्ति एक पौधा मिशन द्वारा पौधा रस्म का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर सिद्ध पीठ काली कल्याण बसंतधाम गादिपति जब्बर सिंह राजपुरोहित, पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत, किशोर सिंह राजपुरोहित ने कल्लाजी धाम पालड़ी जोड में गुलर का पौधा रोपित कर पौधा रस्म का संदेश दिया। इस अवसर पर राजपुरोहित ने बताया कि गुलर का पौधा पूजनीय होने के साथ औषधीय गुणों की खान हैं। जब्बरसिंह सिंह राजपुरोहित ने पौधा-रस्म अदा की। इस अवसर पर सुरेश कुमार खंडेलवाल, ईश्वर कुमार, तगाराम, हंसाराम, करण भाई, महेंद्र सिंह, भरत भाई सहित भक्त उपस्थित थे।

# समाजसेवी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** युवा समाजसेवी व गोभक्त वेनाराम परमार चांगवा के 45वें जन्मदिन पर शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। समस्त नवयुवक मंडल चांगवा की ओर से गांव के मुख्य बस स्टैंड पर शिविर आयोजित किया गया शिविर सवेरे 9 बजे से लेकर 3 बजे तक चला। जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदाता ने रक्तदान किया। समाजसेवी परमार ने बताया कि वैसे तो वे जन्मदिन नहीं मनाते, लेकिन मेरे जन्मदिन पर किया गया रक्तदान किसी का जीवन बचा सकता हैं। इस उद्देश्य से शिविर आयोजित किया जा रहा हैं। शिविर की तैयारियों में नवयुवक मंडल के पदाधिकारी व सदस्यगणों ने सहयोग प्रदान किया।

# पक्षी चुग्गा चबूतरे का किया उदघाटन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** बडौद ग्राम पंचायत के सरथुर ग्राम में मामाजी मन्दिर प्रांगण में स्व. दानाराम पुत्र नवाजी घांची परमार की पुण्य स्मृति में शुक्रवार को पक्षी चुग्गा स्थल का उदघाटन बडौद सरपंच गोविंदपुरी गोस्वामी ने भामाशाहों व समाजसेवियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में किया । भामाशाह महेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, मुकेश कुमार पुत्र स्व दानाजी परमार सरथुर ने बताया कि बडौद ग्राम पंचायत के सरथुर में मामाजी मन्दिर प्रांगण में अधिक मात्रा में पशु पक्षियों के होने पर पक्षियों के लिए पक्षी चुग्गा चबूतरे का निर्माण कराया गया। जिससे पक्षियों को चुग्गा चुगने में अन्य पशुओं से राहत मिल सके। इस अवसर पर समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधिक जनजागृति शिविर आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** जीवन्द कंला गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तालुका विधिक सेवा समिति देसूरी के संयुक्त तत्वावधान एवं संस्था प्रधान दिनेश सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी हितेश सोनी ने बाल बाल-विवाह अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम, नागरिकों के मूल अधिकारों जानकारी देते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण के आयाम, निशुल्क विधिक सहायता, घरेलू हिंसा,महिला उत्पीड़न,नालसा हेल्पलाइन 15100, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी दी। बालिका शिक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सम्बंध में जागरूक करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह न करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर संस्था प्रधान राजपुरोहित ने आगामी सात अप्रेल से शुरु होने वाले परिंडा महाअभियान के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर महावीर सिंह कुंपावत, दिलीप सिंह राव, हंसाराम मेघवाल, सुगन सिंह राठौड सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।




# 2101 कन्याएं कलश यात्रा में होगी शामिल, सभी तैयारिया पूर्ण

### 108 दीपक के संग महाआरती व रात्रि में एक शाम बालाजी भजन संध्या

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** आराध्य देव बालाजी महाराज के मेले का आगाज रामनवमी 6 अप्रेल के दिन 2101 कन्याओं के संग कलश यात्रा के साथ होगा। 8 अप्रेल को छत्तीस कौम की बड़ी सांझी, 9 अप्रेल सांय 108 दीपक के संग महाआरती व रात्रि में एक शाम खिंवाड़ा बालाजी के नाम भजन संध्या एंव 10 अप्रेल को निकलने वाली बालाजी असवारी व मेले को लेकर जहां कस्बें के तमाम बाजार, चौराहे व मोहल्ले सजधज कर तैयार हो गए हैं। मुख्य बाजार, बालाजी मन्दिर मार्ग,श्रीराम चौक, तेरापंथ सभागार मार्ग, खेड़ा देवी मार्ग, महाप्रसादी स्थल, मेला स्थल व महाप्रसादी स्थल जहां आकर्षक रोशनी के साथ-साथ छायादार टेंट के संग सजकर तैयार हो गए है। बालाजी मेले से पूर्व आयोजित होने वाली कलश यात्रा, राम नवमी 6 अप्रेल को 101 कन्याओं की ओर से पीले वस्त्र धारण कर एक विशाल कलश यात्रा निकलेगी।कलश यात्रा बालाजी मंदिर प्रांगण से रवाना होगी, जो रावला चौक,मेन बाजार, मुख्य बाजार होते हुए बालाजी महाप्रसादी स्थल जाकर संपन्न होगी।



### व्यापार संघ की बैठक आज

बालाजी मेले को लेकर व्यापार संघ, खेड़ा देवी ग्रुप, गायत्री परिवार, बालाजी ग्रुप व मेला आयोजक परिवार खांटेड़ परिवार की संयुक्त बैठक पांच अप्रेल को मध्याह्न चार बजे खेड़ा देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी। खेड़ा देवी ग्रुप अध्यक्ष रोकड़चन्द सेवग व व्यापार संघ अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़ ने बताया कि छह अप्रेल रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली कलश यात्रा, नौ अप्रेल को महाआरती, एक शाम बालाजी के नाम भजन संध्या, दस अप्रेल को निकलने वाली शोभायात्रा व महाप्रसादी को लेकर चर्चा कर सफल आयोजन के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन किया जाएगा।

# मीठा महाराज का मेला आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाडा।** समीपवर्ती इन्द्रवाडा ग्राम पंचायत के गुडा जैतसिंह गांव स्थित मीठा महाराज मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय धार्मिक मेला पांच अप्रेल को भरा जाएगा। मेले को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# हनुमान जन्मोत्सव 12 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाडा।** स्थानीय कस्बें में 12 अप्रेल को खिंवाडा व्यापार संघ,खैडा देवी गुर्प,बालाजी ग्रुप व रविन्द्र सिंह दलपतसिंह उदावत परिवार के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव समारोह मनाया जाएगा। खेड़ा देवी ग्रुप अध्यक्ष रोकड़चंद सेवग ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 12 अप्रेल सुबह शोभायात्रा निकाली जाएगी।जो बालाजी मन्दिर प्रांगण से शुरु होगा। जो के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगा। वहीं दोपहर तीन बजे सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन भी किया जाएगा।

# एनडीपीएस के मामले में 12 वर्ष की सजा सुनाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ललित डाबी ने एनडीपीएस के तहत दोषी पाए जाने पर आरोपी को 12 वर्ष के कारावास एवं 1.50 लाख रुपए के जुर्माना से दण्डित किया। अपर लोक अभियोजक श्रवणसिंह सोलंकी ने बताया कि 5 मई 2014 को पुलिस थाना देसूरी ने अवैध रूप से परिवहन कर रहे आरोपी से 5 किलो अफीम दूध बरामद कर एनडीपीएस की धारा में प्रकरण दर्ज बाद अनुंसधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। बाद विचारण न्यायालय ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते अभियुक्त नरेश भारती पुत्र प्रभुलाल भारती निवासी फुंकिया पुलिस थाना गंगापुर को दोष सिद्ध घोषित कर 12 वर्ष का कठोर कारावास व 1.50 लाख के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# ब्राह्मणी माता मेला: भजन संध्या और शोभायात्रा निकली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** रायड़ा तालाब के प्रांगण में ब्राह्मणी का दो दिवसीय मेला गुरुवार की रात्रि में भजन संध्या के साथ उपासक कालूराम सेन के सान्निध्य में शुरू हुई। जिसमें भजन गायकों ने माताजी के दरबार मे शानदार भजन प्रस्तुत कर भक्तों को सराबोर कर दिया। वही शुक्रवार की सुबह माताजी की पूजा अर्चना करने के बाद धूमधाम के साथ वरघोड़ा निकाला। इससे पूर्व मेले को गुरुवार की शाम से भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हुआ। भजन संध्या का उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरू किया। जिसमें सर्व प्रथम भजन गायक धमेंद्रसिंह परिहार ने गणपति ओ गुरु वन्दना पेश की। उसके बाद त्रिशा सुथार के साथ मिलकर भजन प्रस्तुत कर पांडाल को भक्ति की सरिता बही। नृत्य कलाकारों ने शानदार नृत्य पेश उपस्थित भक्तों का मनमोह लिया। वही भजन संध्या में उपस्थित अतिथि पुष्पेंद्रसिंह राणावत विधायक बाली ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम की परम्परा सदियों से चली आ रही है। ऐसे कार्यक्रम से लोगों में भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने मन्दिर सड़क के निर्माण की घोषणा की। वही मेले में उपस्थत अतिथि अंत देवीदास महाराज, लक्ष्मणगिरी महाराज, पुष्पेन्द्रसिंह राणावत विधायक, भगाराम चौधरी अध्यक्ष सारंगवास खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी, मूलाराम मेघवाल कोषाध्यक्ष ट्रस्ट कमेटी सारंगवास, चन्द्रशेखर मेवाड़ा प्रशासक सहित भामाशाहों का बहुमान किया। इस दौरान रामलाल सुथार उपासक, मदनसिंह सोलंकी पूर्व सरपंच, गुलाब खत्री पूर्व सरपंच सहित ब्राह्मणी माता सेवा समिति के सदस्य सहित कई जने मौजूद थे।

# सुथार समाज के साथ सीएम का स्नेहभोज, समस्याएं बताई

**जागरूक टाइम्स संवाददात**

**सुमेरपुर।** जयपुर में शुक्रवार शाम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निवास स्थान पर आयोजित स्नेह मिलन एवं स्नेह भोज कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से सुथार समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया। जिसमें



पाली जिला के प्रतिनिधि के रूप में विश्वकर्मा सेवा संस्थान बारवा जिला पाली के अध्यक्ष हरिलाल विश्वकर्मा को आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री के साथ स्नेह भोज में भाग लिया। इस दौरान सीएम शर्मा से विश्वकर्मा ने समाज की समस्याओं, शिक्षा के क्षेत्र में समाज को अग्रसर रखने, समाजोपयोगी विभिन्न योजनाओं तथा समाज की गतिविधियों को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने समाज की समस्याओं के निराकरण करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर राज्य भर से समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।

# पदोन्नत प्रधानाचार्या की आनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया में सभी रिक्त पदों को दर्शाया जाए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर को ज्ञापन भेज कर मांग की है कि पदोन्नत प्रधानाचार्यों की ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया में सभी रिक्त पदों को काउंसलिंग सूची में शामिल किया जाए। संघ के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश मेवाड़ा मुंडारा ने बताया की पदोन्नति वर्ष 2023 -24 ऑनलाइन काउंसलिंग प्र ि या हेतु निदेशालय द्वारा रिक्त पदों की सूची जारी की गई है। सूची में कई ऐसे विद्यालय जिसमें नामांकन अधिक है। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पीइओ का पद प्रधानाचार्य के रूप में स्वीकृत है उन विद्यालयों को रिक्त पदों की सूची में नहीं दर्शाया गया है। संगठन का निवेदन है कि पदोन्नत प्राचार्यो की आनलाइन काउंसलिंग प्र ि या में सभी रिक्त पदों को दर्शाया जाए ताकि पदोन्नत प्रधानाचार्या को इच्छित स्थान मिल सके। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी अजमेर ने कहा की साथ ही रिक्त पदों की सूची में ग्राम पंचायत मुख्यालय जहां पीईईओ का पद स्वीकृत है एवं उन्हें रिक्त पदों की सूची में सम्मिलित किया जाए। ताकि शिक्षकों के लंबित समस्याओं का निराकरण हो सके एवं विधालय का शैक्षिक प्रबंधन सुचारू हो सके।

# जोधपुर एयरपोर्ट पर अमेरिकन यात्री के पास मिला सैटेलाइट फोन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** अमेरिका से भारत घूमने आए विदेशी नागरिक को जोधपुर एयरपोर्ट पर सैटेलाइट फोन के साथ पकड़ा। वह अपने ग्रुप के साथ अमेरिका से भारत आया था। शुक्रवार को जोधपुर से दिल्ली जा रहा था। सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही है। सीआईएसएफ ने फोन जब्त किया है। एयरपोर्ट थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया- जोधपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह 11 दिल्ली की फ्लाइट उड़ान भरने वाली थी। फ्लाइट से दिल्ली जाने के लिए 28 अमेरिकी नागरिकों का एक ग्रुप जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचा था। चेकिंग के दौरान ग्रुप में शामिल यात्री विली वेई यांग (62) के सामान में सैटेलाइट फोन मिला। ये यात्री मूल रूप से चीन का रहने वाला है।







### तीन साल पहले अमेरिकी के पास मिला था सैटेलाइट फोन

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जोधपुर एयरपोर्ट पर अमेरिका निवासी नेडियल नाम के यात्री के पास सैटेलाइट फोन मिला था। उससे पूछताछ में पता चला था कि वो अपने परिवार के साथ दो दिन पहले जोधपुर आया था। उसे इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली जाना था। सीआईएसएफ को उसके पास संदिग्ध सामग्री होने का पता लगा। तलाशी में सैटेलाइट फोन मिला। हालांकि, बाद में उसे भी पूछताछ करके छोड़ दिया गया था।

### जोधपुर से दिल्ली जाने वाला था ग्रुप

एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षा एजेंसी की सूचना पर सीआईडी, पुलिस, आईबी सहित अन्य एजेंसियों के अधिकारी भी एयरपोर्ट पहुंचे। पूछताछ में चीनी यात्री ने बताया- वह साल 1991 से अमेरिका में ही रह रहा है। भारत घूमने के लिए एक ग्रुप के साथ 28 मार्च को मुंबई पहुंचे थे। वहां से उदयपुर आकर तीन दिन घूमे। इसके बाद दो अप्रैल को जोधपुर आए थे। शुक्रवार को दिल्ली जा रहे थे। ग्रुप का 26 अप्रैल को हांगकांग जाना प्रस्तावित है। पुलिस सूत्रों के अनुसार-टूरिस्ट येंग से पूछताछ में सामने आया कि अमेरिका में सैटेलाइट फोन का उपयोग सामान्य है। उसका कहना है- भारत आने के बाद उसने एक बार भी इसका उपयोग नहीं किया। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियां इसकी भी पुष्टि करेगी। साथ ही टूरिस्ट के पास मिले सैटेलाइट फोन को जब्त किया गया है। जांच में खामी नहीं मिली तो एंबेसी के माध्यम से इसके मालिक को वापस लौटा दिया जाएगा।

## चारा लेने जा रहे एक व्यक्ति से मारपीट

**जोधपुर।** एक व्यक्ति से मारपीट को लेकर जोधपुर के मथानिया थाने के बाहर लोगों ने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। मारपीट करने वाले बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। आरोप है कि नशे में धुत लोगों ने चारा लेने के लिए जा रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। राणाराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, उसने बताया कि तीन अप्रैल को शाम पांच बजे वह ट्रैक्टर पर कुछ लोगों के साथ गायों का चारा लेने के लिए निकला था, रास्ते में थोब रोड पर कार लेकर कुछ लोग आए और उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके पास रखे रुपए भी छीनकर ले गए। घटना में शामिल लोग नशे में धुत थे। इधर घटना के विरोध में पीड़ित और उनके समाज के लोग मथानिया थाने के बाद एकत्रित हुए हैं और पुलिस से इस मामले में कड़ी कार्रवाई कर मारपीट करने वालों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

■ मथानिया थाने के बाहर विरोध-प्रदर्शन

## रॉयल्टी नाके पर आग लगाने वाले की तलाश जारी

**जैसलमेर।** जैसलमेर में गुरुवार को हुए रॉयल्टी ठेकेदार, ठेकेदार एसोसिएशन और विधायक छोटू सिंह भाटी के बेटे भवानी सिंह के विवाद और झगड़े में पुलिस ने 26 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। लेकिन घटना के दौरान रॉयल्टी नाके को आग लगाने वाले की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि मेसनरी स्टोन की दरों को लेकर कई दिनों से ठेकेदार एसोसिएशन जैसलमेर और रॉयल्टी ठेकेदार के बीच विवाद चल रहा था। रॉयल्टी के रेट में बढ़ोतरी को लेकर ट्रक संचालकों व ठेकेदारों ने गत एक अप्रैल को कलेक्टर को ज्ञापन देकर रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा धमकाने की शिकायत की थी। गुरुवार को हुए खूनी संघर्ष को लेकर विधायक के बेटे भवानी सिंह ने सदर थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। गुरुवार को काहला फांटा पर रॉयल्टी ठेकेदार के लोगों ने ट्रक रुकवा दिए।

■ जैसलमेर एमएलए के बेटे ने करवाया मामला दर्ज, 26 लोग गिरफ्तार



### रॉयल्टी ठेकेदार की तरफ से थाने में कोई शिकायत नहीं दी गई

इस घटना में जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी के बेटे भवानीसिंह ने मारपीट और जानलेवा हमले का मामला रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह व अन्य पर सदर थाने में दर्ज करवाया है। रॉयल्टी ठेकेदार की तरफ से अभी तक सदर थाने में कोई शिकायत नहीं दी गई है। एसपी सुधीर चौधरी ने इस मामले में बताया कि हमने मामला दर्ज कर लिया है और करीब 26 लोगों को पकड़ा है। हम इस मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं, साथ ही पुलिस का जाब्ता भी तैनात किया गया है ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

### दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए

इस मामले में नाके पर बने कच्चे झोंपड़े को किसी ने आग दी। हालांकि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर नाके को आग लगाने के आरोप लगाए हैं। मगर पुलिस नाके को आग लगाने वाले की पड़ताल कर उसकी तलाश कर रही है। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया- हमने एहतियातन 26 लोगों को पकड़ा है और झगड़ा कैसे और किसने किया इसको लेकर हम पड़ताल कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात जो सामने आई है वो है रॉयल्टी के नाके को आग लगाना।

## बेकाबू बोलेरो कैंपर पलटी मासूम की मौत, तीन घायल



▶▶ गंभीर हालत में दो रेफर

**बाड़मेर।** एक परिवार के सात जने बोलेरो कैंपर में सवार होकर सामाजिक प्रोग्राम में जा रहे थे। बीच रास्ते में जानवर के सामने आ जाने से कैंपर गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। इससे एक मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं महिला सहित तीन जने घायल हो गए। घटना बाड़मेर जिले के सेड़वा थाना इलाके चालकना-बाछला रोड भवानीपुरा चंपाबेरी गांव में दोपहर 12 बजे की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को धोरीमन्ना हॉस्पिटल लेकर आए। वहां पर दो जनों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक के शव को सेड़वा हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट किया गया है। पुलिस के अनुसार, गांदेवी रामजी की गोल निवासी छोटू सिंह (20) पुत्र करण सिंह, एंवर कुंवर (40) पत्नी शैतानसिंह उसका बेटा विक्रम सिंह (14), लोकेंद्र (5) पुत्र अर्जुनसिंह सहित कुल सात सदस्य अपने गांव से बोलेरो कैंपर में सवार होकर चालकना-बाछला रोड से सामाजिक प्रोग्राम में जा रहे थे। इस दौरान भवानीपुरा-चंपाबेरी गांव में अचानक पशु आ जाने से बेकाबू होकर पलटी खा गई। इससे गाड़ी में सवार मासूम लोकेंद्र सिंह की मौत हो गई। वहीं छोटू सिंह, एंवर कंवर और विक्रम सिंह घायल हो गए। घायलों को धोरीमन्ना हॉस्पिटल लाया गया। वहां पर हालात गंभीर होने पर छोटूसिंह और विक्रमसिंह को सांचौर रेफर कर दिया गया। वहीं एंवन कंवर का धोरीमन्ना हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

## जोधपुर शहर के मंदिरों में एक साथ लगी 100 मूर्तियां

▶▶ वेब वर्ल्ड रिकॉर्ड ने दिया प्रमाण-पत्र

**जोधपुर।** जोधपुर के श्याम भक्ति सेवा संस्थान की ओर से शहर के मंदिरों में श्याम बाबा की 100 मूर्तियां लगाने को लेकर वेब वर्ल्ड रिकॉर्ड संस्था की ओर सेवा संस्थान को प्रमाण-पत्र दिया गया। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर सोमेश्वर गिरी महाराज ने संस्थान को बधाई दी। उन्होंने कहा- योजनाबद्ध जो काम होते हैं वो हमेशा सफल होते हैं। परमात्मा उसी को सहयोग करता है, जो सबका हित समझ कर स्वयं का काम करता है, उसे ही सफलता मिलती है। परोपकार ही सब कुछ है। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा की मूर्तियां स्थापित करने का अनूठा कार्य है। क्योंकि कलयुग में श्याम बाबा को भगवान श्री कृष्ण ने वरदान दिया था। एक साथ 100 मूर्तियों की स्थापना करना विचित्र कार्य है। संस्थान अध्यक्ष मोनिका प्रजापत ने कहा- श्याम भक्त सेवा संस्थान की ओर से एक अनूठी पहल की गई थी। इसके तहत घर-घर श्याम हर घर श्याम अभियान चलाया गया। इसी अभियान के तहत एक ही स्थान पर 100 मूर्तियों का विधि-विधान से मंत्र उच्चारण के साथ सामूहिक पूजन और निःशुल्क वितरण किया गया। उसके बाद शहर के सम मंदिरों में मूर्तियों की स्थापना की गई। यहां पर नियमित पूजा-अर्चना की जा रही है। इसको लेकर वेब वर्ल्ड रिकॉड्र्स की ओर से इस विश्व रिकॉर्ड के रूप में स्वीकार कर नया मानक स्थापित करने का प्रमाण-पत्र जारी किया गया।



## घायल पुलिसकर्मियों की एंबुलेंस हॉस्पिटल की दीवार से भिड़ी

**बाड़मेर।** जोधपुर में एएसपी समेत चार घायल पुलिसकर्मियों को लेकर आई एंबुलेंस हॉस्पिटल की दीवार से भिड़ गई। बालोतरा में शुक्रवार सुबह 11:15 बजे नेशनल हाईवे-25 पर पुलिसकर्मियों की गाड़ी क्रेटा कार से टकरा गई थी। इसमें एएसपी, एएसआई समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। घायल पुलिसकर्मियों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस से जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल लेकर आए थे। एंबुलेंस के टकराने से हॉस्पिटल में खड़े एडिशनल एसपी भी घायल हो गए। वहीं एंबुलेंस में बैठा अटेंडेंट उछलकर गिरा। एंबुलेंस को ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर पाया। जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया- बायतु थाना इलाके के बनिया संधा धोरा के पास हुए सड़क हादसे में घायल चार पुलिसकर्मियों को पहले बायतु हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से सभी को जोधपुर रेफर किया गया। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर से बनाकर दोपहर करीब 1:40 बजे जोधपुर लाया गया। एमडीएम हॉस्पिटल में तेज रफ्तार में आई एंबुलेंस को ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर पाया। इससे एंबुलेंस ट्रॉमा वार्ड की दीवार से भिड़ गई। घायलों को रिसीव करने पहुंचे जोधपुर ग्रामीण के एडिशनल एएसपी भोपालसिंह को मामूली चोटें आई हैं। दीवार पर लगी रेलिंग और कांच टूट गए। एसपी बोले दोनों कारों में पुलिसकर्मी थे। एसपी हरिशंकर ने बताया- पुलिस की कार (महिंद्रा टीयूवी) में जोधपुर रेंज आईजी कार्यालय में पोस्टेड एएसपी अरविंद विश्नोई पुत्र देवाराम निवासी गुड़ाबिश्नोइयान, एएसआई हुकम सिंह पुत्र नाथू सिंह चारण निवासी डांगियावास, कॉन्स्टेबल अनिल चौधरी पुत्र भंवरलाल निवासी सालवा कल्ला और ड्राइवर (कॉन्स्टेबल) दिलीप मेघवाल पुत्र मानकलाल निवासी महामंदिर (जोधपुर) थे। सभी जोधपुर रेंज आईजी ऑफिस से बाड़मेर जा रहे थे। वहीं क्रेटा कार में सीईओ चौहटन के रीडर गोपी किशन मेघवाल सवार थे। साथ में उनकी पत्नी, बेटी और एक महिला रिश्तेदार थी। गोपी किशन परिवार के साथ बालोतरा की तरफ जा रहे थे। नेशनल हाईवे-25 पर दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। क्रेटा कार से टकराने के बाद पुलिस की कार रोड से उतरकर करीब 20 मीटर दूर जाकर झाड़ियों में पलट गई। कार में सवार सभी चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें कॉन्स्टेबल अनिल चौधरी की हालत गंभीर है। पुलिस लोगों की मदद से सभी को पहले बायतु हॉस्पिटल लेकर गई। वहां से जोधपुर रेफर कर दिया गया। क्रेटा कार में सवार सभी लोगों को हल्की चोटें लगीं।




## चैत्र नवरात्र के छठे दिन मां कालरात्रि की पूजा

**बालोतरा।** चैत्र नवरात्र के छठे दिन जसोलधाम के श्री राणी भटियाणी मंदिर में मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की गई। शुक्रवार को पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायणगिरी महाराज की मौजूदगी में धार्मिक अनुष्ठान हुए। श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ, गाजियाबाद के विद्वान आचार्यों ने पूजा करवाई। अन्नपूर्णा प्रसादम का आयोजन गजनेर निवासी फुसराम गेधर परिवार की ओर से किया गया। उन्होंने श्री राणीसा भटियाणीसा समेत सभी देवी-देवताओं को भोग लगाया। इसके बाद सभी भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। महंत नारायणगिरी महाराज और महंत चेतनानंद महाराज की मौजूदगी में कन्या और बटुक पूजन भी हुआ। जसोल गांव की सभी समाज की कन्याओं और बटुकों को फल, प्रसाद और दक्षिणा भेंट की गई। इस अवसर पर महंत नारायणगिरी महाराज ने भक्तों को आशीर्वचन देते हुए कहा-"मां कालरात्रि की उपासना करने से बुरी शक्तियों का नाश होता है। भक्तों को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता। सप्तमी तिथि को मां कालरात्रि की पूजा का विशेष महत्व है।



## बॉर्डर पर हमीरों की बस्ती में जल संकट

**जैसलमेर।** जैसलमेर के भारत-पाक बॉर्डर स्थित हमीरों की बस्ती में पानी का संकट हो गया है। इस बस्ती में पिछले 20 दिनों से पीने का पानी नहीं है। ग्रामीण अब गांव से दूर पुराने कुएं से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीण रमजान ने बताया कि नहर की 193 आईडी से लेकर हमीरों की बस्ती तक 30 साल की पानी की पुरानी पाइप लाइन लगी हुई है। पानी की पाइप लाइन बहुत पुरानी है जिसकी वजह से पानी बिलकुल नहीं चल पा रहा है। ऐसे में 20 दिन पहले बीच में से ये पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है जिसकी वजह से पानी बिल्कुल भी नहीं आ रहा है। जिसकी वजह से पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

# व्यापार जगत



## रिलायंस के शेयरों में 4% से ज्यादा गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को भारी गिरावट आई। बीएसई में कंपनी के शेयर 4% से अधिक गिरावट के साथ 1192.85 रुपए पर आ गए। कारोबार के दौरान सेंसेक्स भी 1000 अंक गिर गया। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भी 60 से अधिक देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए हैं। इसका असर दुनिया भर के शेयर बाजार पर पड़ा है। इस तरह टैक्स को लेकर सख्ती दिखाने से यह डर है कि दुनिया में व्यापार को लेकर एक बड़ी लड़ाई शुरू हो सकती है। इस वजह से रिलायंस जैसी बड़ी कंपनियों पर भी दबाव बन रहा है। रिलायंस जल्द ही अपनी पिछली तिमाही की कमाई का रिपोर्ट जारी करने वाली है। इससे पहले कई ब्रोकरेज कंपनियों ने रिलायंस के कारोबार को लेकर अपनी राय दी है। गोल्डमैन सैश का कहना है कि रिलायंस के शेयर खरीदने में फायदा है। पिछले फाइनेंशियल ईयर की चौथी तिमाही में कंपनी का EBITDA स्थिर रहेगा। उम्मीद है कि रिटेल से होने वाली कमाई में 6.5% की बढ़ोतरी होगी। वहीं जियो की कमाई में 4% की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। सबकी नजर इस बात पर होगी कि FY26 में रिटेल की ग्रोथ कैसी रहेगी और कंपनी नए ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर क्या अपडेट देती है। अनुमान है कि FY26 में कंपनी की कमाई 18% तक बढ़ सकती है। इसकी वजह रिटेल में सुधार और जियो से होने वाली कमाई में तेजी होगी। मैक्वेरी कंपनी पहले रिलायंस को लेकर थोड़ा चिंतित थी, लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है। उसे उम्मीद है कि FY25–27 में कंपनी की कमाई 15–16% की दर से बढ़ेगी। जबकि FY23–25 में यह केवल 2% थी। इस ब्रोकरेज ने रिलायंस के शेयरों का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 1,500 रुपए कर दिया है। उसका मानना है कि जियो और रिटेल जैसे कंज्यूमर-फेसिंग व्यवसायों के साथ-साथ ऊर्जा क्षेत्र में भी विकास होगा। जेपी मॉर्गन को रिलायंस के विदेशी बॉन्ड में अच्छा अवसर दिख रहा है।

▶▶ मुकेश अंबानी की कंपनी का शेयर खरीदें या बेचें?

## क्रेड लोन की डबल ईएमआई कट गई !

**नई दिल्ली।** हम में से कई लोग ऐसे हैं जो कुछ खर्चों के लिए लोन लेते ही रहते हैं। वे पर्सनल लोन या तो बैंक से लेते हैं या फिर किसी एनबीएफसी या लोन ऐप से। कुछ लोग क्रेड नाम मोबाइल ऐप से भी लोन ले लेते हैं, क्योंकि इससे लोन लेना आसान है। इसमें एक समस्या देखी गई है कि एक ही महीने में दो बार ईएमआई कट जाती है। यदि आपके साथ भी ऐसा हुआ है तो परेशान नहीं हों। हम कुछ तरीके बता रहे हैं, जिससे आप आसानी से इस समस्या का निदान पा सकते हैं। कैसे पाएं रिफंड इसके कई यूजर्स को अप्रैल के महीने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उनकी ईएमआई एक की बजाय दो बार कट गई। ऐसे यूजर्स रिफंड पाने के लिए क्रेड और आईडीएसफी बैंक के कस्टमर सपोर्ट से ईमेल के जरिए संपर्क कर सकते हैं। ईमेल में ट्रांजैक्शन डिटेल के लिए बैंक अकाउंट का स्क्रीनशॉट और मोबाइल पर डबल ईएमआई डेबिट के मैसेज का स्क्रीनशॉट जरूर लगाएं। आप क्रेड ऐप के जरिए भी अपनी समस्या का निदान पा सकते हैं। इसके लिए अपने प्रोफाइल में सपोर्ट पर क्लिक करें। उसके बाद Loan Repayment Issue पर क्लिक करें। यहां से चैट विंडो खुलेगा, जहां अपना वो कर्ज सिलेक्ट करें, जिसकी ईएमआई का डबल डिडक्शन हुआ है। सपोर्ट पर ऑटोमेटेड बॉट मैसेज आएंगे, इसमें I have other repayment issue पर क्लिक करें। इस तरह से क्रेड ऐप पर आपकी शिकायत दर्ज हो जाएगी। इसके बाद आपको टिकट आईडी मिलेगी। क्रेड आपको 24-48 घंटों में समस्या के समाधान का आश्वासन देगा। इंतजार करें, फिर भी रिफंड ना मिले तो दोबारा उसी मेल और इसी तरह ऐप पर सपोर्ट से संपर्क करें। क्रेड एक ऐसा ऐप है, जिसके जरिए आप क्रेडिट कार्ड का पेमेंट कर सकते हैं। इसके जरिए पेमेंट करने से यूजर को कैशबैक भी मिलता है। इससे आप यूपीआई पेमेंट भी कर सकते हैं। कुछ समय पहले इसने क्रेड कैश की भी शुरुआत की थी जिसमें यूजर्स को क्रेड मनी या क्रेड कैश से कर्ज (पर्सनल लोन) मिलता था। इसके लिए सर्विस प्रोवाइडर के रूप में आईडीएफसी बैंक से समझौता किया गया था।




## आप का राशिफल 5 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

## $2.4 ट्रिलियन स्वाहा... डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पैर पर मार ली कुल्हाड़ी

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के 60 से अधिक देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। इससे दुनिया भर में ट्रेड वॉर गहराने और मंदी की आशंका बढ़ गई है। इससे गुरुवार को दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली। अमेरिका में नैसडैक कंपोजिट इंडेक्स में 5.97% गिरावट आई जो मार्च 2020 के बाद इसमें एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट है। एसएंडपी 500 और डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में भी जून 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट रही। इससे निवेशकों को 2.4 ट्रिलियन डॉलर की चपत लगी। आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने ट्रंप के टैरिफ पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि उनका यह कदम अमेरिका के लिए आत्मघाती होगा और उनकी बाद सही साबित हो रही है। ट्रंप के टैरिफ की घोषणा से लगभग हर सेक्टर को नुकसान हुआ। बैंक, रिटेलर, कपड़े, एयरलाइन और टेक्नोलॉजी कंपनियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।



### मंदी की आशंका

फिच रेटिंग्स के अमेरिका में इकनॉमिक रिसर्च के हेड ओलू सोनोला ने एक रिपोर्ट में कहा कि ये टैरिफ सिर्फ अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा बदलाव है। इससे कई देशों में मंदी आ सकती है। दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। बाजार बंद होने से एक घंटे पहले ही निवेशकों के 2.01 ट्रिलियन डॉलर डूब गए। जानकारों का कहना है कि ट्रंप के टैरिफ प्लान से अमेरिका की इकॉनमी को भी भारी नुकसान होगा।

## बड़े दिनों बाद हिली गौतम अडानी की पोजीशन

**नई दिल्ली।** देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक बार फिर टॉप 20 में शामिल हो गए हैं। वह इस लिस्ट में लंबे समय से 21वें नंबर पर बने हुए थे। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 1.39 अरब डॉलर की तेजी आई और वह 76.2 अरब डॉलर के साथ 20वें पर पहुंच गए। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.49 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वैसे इस साल दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से 16 की नेटवर्थ में गिरावट आई है। इस साल कमाई करने वाले अमीरों में वॉरेन बफे, बिल गेट्स, कार्लोस स्लिम और फांसुआ बेटनकोर्ट मायज शामिल हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 60 से अधिक देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। इससे दुनिया भर के शेयर बाजारों में गुरुवार को रही और टॉप 20 अमीरों में से 18 की नेटवर्थ में गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान फेसबुक के फाउंडर मार्क जकरबर्ग को हुआ। एक झटके में उनकी नेटवर्थ 17.9 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 189 अरब डॉलर रह गई। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस को 15.9 अरब डॉलर की चपत लगी और उनकी नेटवर्थ 201 अरब डॉलर रह गई।



## वेदांता लिमिटेड का शेयर 9% गिरा

**नई दिल्ली।** आज जिन दिग्गज कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली है। उसमें वेदांता लिमिटेड एक है। कंपनी के शेयरों का भाव करीब 9.40 प्रतिशत तक लुढ़क गया था। यह गिरावट तब देखने को मिली है जब बीते वित्त वर्ष के सभी चारों क्वार्टर में जिंक और एल्युमिनियम का रिकॉर्ड प्रोडक्शन हुआ है। वेदांता लिमिटेड के शेयरों में गिरावट के पीछे की वजह ओवरआल मार्केट का लुढ़कना है। बीएसई में कंपनी के शेयर 435.65 रुपए के लेवल पर खुला था। कंपनी के शेयर दिन में 9.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 398.20 रुपए के लेवल पर पर पहुंच गया। बता दें, कंपनी का 52 वीक लो लेवल 301.70 रुपए है। कंपनी का 52 वीक हाई लेवल 527 रुपए है। कंपनी ने अपने बिजनेस अपडेट में कहा है कि एल्युमिनियम और जिंक प्रोडक्शन ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा। इसके अलावा आयरन ओर, स्टील, ऑयल एंड गैस और पावर सेल्स में तेज ग्रोथ देखने को मिला है। हालांकि, चौथी तिमाही में यह एक प्रतिशत बढ़ा है। एल्युमिनियम का वार्षिक प्रोडक्शन सालाना आधार पर दो प्रतिशत के इजाफे के साथ 2,421 kt रहा। वहीं, जिंक का प्रोडक्शन 1095 kt रहा है।

# रामनवमी शोभायात्रा पर किया मंथन

## » हिन्दू संगठनों की देर रात को हुई बैठक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** विहिप के सानिध्य में भगवानदास की अध्यक्षता में रामनवमी महोत्सव समिति व हिन्दू संगठनों की बैठक हुई। जिसमें राम नवमीं महोत्सव पर चर्चा की गई। जिसमें समस्त समाज के की ओर से भगवान की झांकिया निकाली जाएगी। वीएचपी मीडिया प्रमुख देवेश पंचोली के अनुसार भगवान रामजी का रथ स्पेशल तैयार करवाने को उज्जैन से टीम बुलवाई गई है। जिससे रामजी का दरबार सजाया जाएगा। सभी हिन्दू संगठनों को अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में दायित्व दिए गए। महिलाओं की एक टुकड़ी की टीम बनाई गई। मातृ शक्ति व दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा विशाल महा कलश यात्रा का आयोजन रखा गए है। जिसमें हाथी, ऊंट, घोड़े व बैंड बाजे, डीजे के साथ विभिन्न गांवों से बाइक रेलियां शोभायात्रा में शामिल होंगी। शोभायात्रा विष्णु धर्मशाला से पूजा अर्चना कर प्रारंभ होगी। शहर के मुख्य मार्ग, सदर बाजार होते हुए रामजी मंदिर पहुंचेगी। जहां रामजी मंदिर पर 151 दीपक व मशाल द्वारा आरती की जाएगी। बैठक में प्रांतसंपर्क प्रमुख नीतेश अग्रवाल, प्रांत सहसंयोजक दीपक प्रजापत, रामनवमी सेवा समिति के संरक्षक मधुसूदन सर्राफ, आशोक चतुर्वेदी, अशोक गर्ग, अध्यक्ष अमित जैन, संयोजक भलाराम देवासी, सचिव भूपेंद्र सांबरिया, कोषाध्यक्ष सचिन गर्ग, प्रचार प्रमुख गिरीराजसिंह सिसोदिया, संघ के नरपतसिंह, तुषार त्रिवेदी, हेमेंद्र मरमट, सूरज प्रजापत, छतरसिंह, जीतू माली, राहुलसिंह, लक्ष्मण देवासी, प्रकाश अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, रवि शर्मा, बलदेव देवासी, राजाराम, शांतिलाल, पवन, सुनील सेन, रमेश वैष्णव, छगन प्रजापत, जयसिंह आदि मौजूद थे।

## भामाशाह प्रेरकों का विद्यालय प्रबंधन ने किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दांतराई।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को भामाशाह प्रेरकों का स्वागत किया गया। भामाशाह जैन संघ के प्रमुख शाह बसंतभाई लेहरचंद मुथा को समाजसेवी अशोक कुमार मुथा,लेहरचंद पुरोहित, पहाड़सिंह देवड़ा ने बालिका विद्यालय में बालिकाओं के बैठने के लिए 40 स्टुल-टेबल सेट की व्यवस्था करवाने की मांग रखी। जिस पर भामाशाह ने स्कूल में व्यवस्था करवाई। स्कूल में 20 सैट स्टूल टेबल संघवी पवनीबैन देवीचंद कांकरीया, 10 सैट स्टुल-टेबल हिमीबाई लेहरचंद मुथा, 10 सैट पंकुबैन कपुरचंद राठौड़ ने भेंट किए। इस अवसर पर तीनों ही भामाशाह प्रेरकों का विधालय परिवार द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य भगवतसिंह सोलंकी ने भामाशाहों द्वारा विद्यालय को सहयोग प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। बलवंत कुमार, रमेश कुमार मीना, संतोष मिस्त्री, तेजसिंह सोलंकी, रामराज गुर्जर, अगराराम बोस, रामेश्वरलालजाट, सुमेरसिंह सोलंकी, नविता, मंगनाराम, कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 21वीं पशुगणना : प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** नवीन भवन विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को 21वीं पशुगणना को लेकर प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पशुगणना 2024 निर्धारित समय सीमा 15 अप्रेल से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिले एवं राज्य में नहीं पाई जाने वाली पशु नस्ल की भी जानकारी दी। सुपरवाइजरों द्वारा 21वीं पशुगणना 2024 के डाटा जांच करके डीएनओ पशुगणना सिरोही को भेजने के लिए निर्देश दिए। ताकि समय पर कार्य पूर्ण हो सके। सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों 21वीं पशुगणना 2024 सिरोही को नेट कनेक्टिीविटी के भुगतान के लिए अवगत कराया गया।



## धूमधाम से मनाई जाएगी महावीर जयंती



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जैन श्वेताम्बर धर्मशाला में समाज की बैठक पोपटभाई जैन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने पर चर्चा की गई। वासुपूज्य जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के सचिव महेन्द्र मरडिया ने बताया कि सवेरे शोभायात्रा (जुलूस) का आयोजन होगा। जुलूस के अदर समस्त श्वेताम्बर, 13 पंथी, स्थानकवासी जैन सम्प्रदाय के धर्मप्रेमी उपस्थित रहेंगे। जुलूस जैन श्वेताम्बर धर्मशाला से सुबह 9 बजे रवाना होगा। दोपहर को मन्दिर में भगवान की पूजा एवं रात्रि को भगवान की आंगी होगी। उप-कारागृह में सभी कैदियो को मिठाई एवं नमकीन वितरित किया जाएगा। 9 अप्रैल को जैन श्वेताम्बर धर्मशाला नवकार मंत्र का जाप किया जाएगा। अध्यक्ष पोपटभाई जैन, सचिव महेन्द्र मरडिया, जितेन्द्र हीराणी, मुकेश कोठारी, गेनमल वीरचंद, नरेन्द्र कुमार जैन, संजय कुमार, तरूण जैन, कुलदीप डांगी, अनुप चत्तर, चन्द्रकान्त सेठ, अशोक जैन, भरत शाह, मुकेश हीराणी, अनिल कोठारी, अजय सुराणा, प्रदीप सेठ, अमित जैन, अंकित शाह सहित जैन समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## शीतल जल प्याऊ का किया शुभारम्भ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिलदर।** गणेश गोशाला के बाहर भामाशाह हंसाराम पुत्र खुमाराम प्रजापत परिवार की ओर से शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। शीतल जल के प्याऊ से राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। भामाशाह परिवार के दीपाराम प्रजापत का हर समय सहयोग मिलता रहता है। उन्होंने शीतल जल प्याऊ की घोषणा की थी। जिसको लेकर शुक्रवार को यह सेवा शुरु कर दी है। जो निरंतर जारी रहेगी।गणेश गौशाला अध्यक्ष सुरेश माली, हीरेंद्रपालसिंह देवड़ा, भेरूसिंह राजपुरोहित, दिलीप सुथार, समाजसेवी गोमाराम देवासी, नरेंद्र मेवाड़ा, भूराराम पुरोहित, नगाराम चौधरी, शांतिलाल सुथार समेत गोभक्त मौजूद थे।




## विद्यार्थियों को वितरित की चरण पादुकाएं



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वास दत्ताणी।** बढ़ती गर्मी में नंगे पांव विद्यालय आने वाले बच्चों के लिए राउमावि दत्ताणी की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी की प्रेरणा से स्टाफ साथी कल्याणसिंह, अजय राजावत, आरिफ कुरैशी, वीरेंद्र, सुश्री अंजली, श्रीमती सुजाता, हेमंत, गणपतसिंह समेत सभी स्टाफ की ओर से पीईईओ विद्यालय दत्ताणी एवं अधीनस्थ विद्यालय राउप्रावि बहादुरपूरा, राप्रावि बिदमिया में चरण पादुका वितरित की गई। संस्था प्रधान नवनीत, संजय, सन्नी, गौरीशंकर, विशाखा, श्योनारायण, अशोक, सुरेश एवं बाबूलाल की उपस्थिति रही।

## स्नेह मिलन समारोह आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**तलहटी।** भारतीय मजदूर संघ मॉडर्न इन्सूलेटर्स शाखा द्वारा मुखरीमाता मंदिर परिसर में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। यूनियन महामंत्री जवानाराम देवासी ने बताया कि स्नेह मिलन कार्य म में स्थानिय विद्यायक समाराम गरासीया, पिण्डवाडा प्रधान नितिन बंसल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव हरीश चौधरी, यूनियन जिला संरक्षक गणेश गुर्जर, जिला अध्यक्ष कृष्णपालसिंह, जिला मंत्री पुखराज, सम्भाग संगठन मंत्री अनिल जोशी, उद्योग प्रभारी दिनेश पुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष हरीसिंह काबावत, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य केवी जॉर्ज, सुरेश प्रजापत, रामनिवास सहित पदाधिकारियों ने स्नेह मिलन में पहुचे। वही इकाई संरक्षक भैराराम देवासी, अध्यक्ष चंदनसिंह राव, महामंत्री जवानाराम देवासी, सहित उपमहामंत्री भावेश शर्मा ने कार्य म को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मॉडर्न इन्सूलेटर्स इकाई के यूनियन पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई 9 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में त्रिस्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक लोक सेवाएं हरिसिंह देवल ने बताया कि अप्रैल माह के द्वितीय गुरुवार को राजकीय अवकाश होने के कारण बुधवार को उपखंड स्तरीय तथा तृतीय गुरुवार 17 अप्रैल को जिला स्तर पर (सूचना प्रौद्योगिकी संचार विभाग कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 11 बजे) आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में अटल जन सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## सियावा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सियावा भाजपा ग्रामीण मंडल के नव नियुक्त अध्यक्ष मुकेशसिंह डाभी का जिलाध्यक्ष ने स्वागत किया। सियावा मंडल द्वारा चंद्रावती हनुमान मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष डॉ. रक्षा भंडारी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। बाबूभाई पटेल, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाल रणोरा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सीमा त्रिवेदी, जिला मंत्री अनुराधा जैन, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष करण मेवाड़ा, ग्रामीण मंडल सियावा महामंत्री गेनाराम, तुषार त्रिवेदी, रेशमाराम, जिला परिषद सदस्य कन्हैयालाल खरे, पंचायत समिति सदस्य देवाराम, उपाध्यक्ष छगन भाई कीर, मावाराम, नारायण टिलानी, गणपत मेघवालख, प्रवीणसिंह, जयसिह, वचनसिंह, चम्पूसिंह, सानतुसिंह, दिपलसिंह, गणेश देवासी, शंकर देवासी, सवाराम, पिटु भाई, रवि भाई पटेल, संग्रामसिंह, श्रवणसिंह, राजु भाई पठान, लक्ष्मण देवासी, गेनसिंह, सुमेरसिंह, दानसिंह आदि मौजूद थे।

## स्टेट ऑपन परीक्षा का टाइम टेबल जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर उच्च माध्यमिक व माध्यमिक परीक्षाएं 21 अप्रैल से शुरू होगी। परीक्षार्थी अपनी एसएसओ आईडी अनिवार्य रूप से बना कर अपने नामांकन संख्या से मैप कर ले। परीक्षार्थी आरएसओएस की मोबाइल एप्लीकेशन या आरएसओएस की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करके उसका प्रिंट लेवे। कालंद्री संदर्भ केंद्र प्रभारी जतिन राठौर ने बताया कि प्रवेश-पत्र को संदर्भ केंद्र से प्रमाणित करवाने की आवश्यकता नहीं है। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र व फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर उपस्थित होवे।

## देवासी ने पेरा टेबल टेनिस में जीता स्वर्ण पदक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** गुजरात के वडोदरा में हुए युटीटी पैरा सीनियर नेशनल टेबल टेनिस चैंपियन शिप में राजकीय महाविद्यालय पिण्डवाड़ा में कार्यरत सहायक लेखाधिकारी केर निवासी माधूराम देवासी ने पे स्वर्ण पदक जीता है। देवासी के नाम अब तक 14 राष्ट्रीय व 2 राज्य पदक है। देवासी ने बताया कि उनका लक्ष्य पैरा ओलम्पिक व एसीयन कॉमनवेल्थ खेल में पदक जितना है। देवासी के पदक जितने पर राजकीय महाविद्यालय पिण्डवाड़ा में पूर्व छात्र समाजसेवी युवा नेता नकुल ओझा व महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य महेंद्र कुमार वर्मा व सहायक आचार्य महेश कुमावत ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। ओझा ने देवासी का सम्मान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार वर्मा, सहायक आचार्य गिरिराज प्रसाद मीणा, सहायक आचार्य सुखदेव देवासी, सहायक आचार्य सुमेरदान चारण, सहायक आचार्य महेश कुमावत, प्रयोगशाला सहायक हसमुख परमार, महाविद्यालय के पूर्व छात्र नकुल ओझा,नीलेश रावल महाविद्यालय के विद्यार्थी भूपेंद्र परमार, खुशबु, गंगा कुमारी, नीलम कुमारी, नाजनिन, दीपिका कंवर, सीमा कुमारी, गणपत सिंह, केतन प्रजापत, साक्षी, दुर्गा कुमारी सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रेण स्टेशन पर हो ट्रेनों का ठहरावः सांसद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** राजसमंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में रेण रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई है। सांसद ने कहा है कि रेण रेलवे स्टेशन ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान है। जो मेड़ता सिटी के मीरामाई धाम और बुटाटी



धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के निकट स्थित है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु और लकवा से ग्रसित मरीज इन स्थानों पर दर्शन व उपचार के लिए आते हैं। किंतु रेण स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने रेलवे मंत्रालय सेजम्मू तवी बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस (19027/28) हिसार बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट (22915/16) रुणीचा एक्सप्रेस (14087/88) भावनगर हरिद्वार एक्सप्रेस (19271/72) सालासर एक्सप्रेस (22421/22) उन्होंने कहा है कि इन ट्रेनों के ठहराव से यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की धार्मिक तथा पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सांसद महिमा कुमारी ने रेलवे मंत्रालय से इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है।

## संतों के सानिध्य में प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** आमेट नगर के शीतला माता मंदिर के पास फूलमाली बागवान समाज आमेट की और से समाज की कुलदेवी मां नानण माता की नवीन मूर्ति मंदिर की छह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन शुक्रवार को को संतों के सानिध्य में हुआ। मन्दिर परिसर में प्रज्जलित यज्ञहवन की पूर्णाहुति करते हुए प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन हो गया। इससे पहले यज्ञ में अंतिम आहुतियां दी। शुभ मुहूर्त में मंदिर के ऊपर कलश, ध्वजा तथा मंदिर में नानंण माता के अलावा अन्य सभी प्रतिमाओं को स्थापित की गई। महामंडलेश्वर संत सीतारामदास झाडोल, नंद दास महाराज सेल टैक्स नाका आमेट, संत रमेशदास पबराना चौराया, केसरीमल बागवान, भेरूलाल, रतनलाल,महेंद्र कुमार, मांगीलाल, चुन्नीलाल, प्रहलाद, समाजसेवी भरत बागवान, विनोद बागवान, बद्रीलाल, छोटूलाल, रतनलाल, कैलाश, प्रकाश, पप्पूलाल, भूरालाल, विनय कुमार, अर्जुनलाल, प्रकाश, नंदलाल, सुखलाल, गोकुल, किशनलाल, बाबूलाल, जगदीश, कुंदनमल, रमेशलाल, जयराम, रोशनलाल, दिनेश कुमार, दिनेश कुमार, मदनलाल, प्यारेलाल, रामलाल, रमेश, बंसीलाल, सुरेश कुमार मोहनलाल, मदनलाल, मुकेश, कुणाल, अशोक,ओम, प्रिंस, प्रवीण आदि समाजजन की मौजूदगी में प्रतिष्ठा कराई।

## विद्यार्थी अपनी क्षमता, रूचि, कौशल और अभिरुचि से प्राप्त करें सफलताः गोस्वामी




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमन्द।** हर विद्यार्थी को अपनी क्षमता, कौशल, रुचि व अभिरुचि के अनुसार ही अपने कैरियर का चयन कर अपने भविष्य को सुखद बनाना चाहिए। यह बात आलोक स्कूल राजसमन्द में कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग सेमिनार में प्राचार्य ललित गोस्वामी ने कही। शुभारंभ प्रशासक मनोज कुमावत, प्राचार्य ललित गोस्वामी, एकेडमिक काउंसलर ध्रूव कुमावत ने किया। केरियर काउंसलिंग सेमिनार में प्राचार्य गोस्वामी ने कहा कि कैरियर काउंसलिंग बच्चे की सोच से आगे के अवसर तलाशने में मददगार साबित होती है। सहायक प्रशासक ध्रूव कुमावत ने कहा कि आज के दौर में 10वीं के बाद केरियर काउंसलिंग बेहद जरूरी है।

## ब्रह्माकुमारी की अंतरराष्ट्रीय विद्यालय की बैठक आज से



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारी संस्थान की अंतरराष्ट्रीय स्कूल की बैठक 5 अप्रैल से शुरू हो रही है। 5 से 10 अप्रैल तक होने वाले कार्यकारिणी की बैठक संस्थान प्रमुख राजयोगिनी दादी र|मोहिनी की शपथ में होगी। इसमें सभी जोन, सबजोन, प्रमुख सेवकों की आवाज के साथ सभी विभागों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय समन्वयक, मुख्यालय समन्वयक भाग ले रहे हैं। इस वार्षिक कार्यकर्ता की बैठक में संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी, बीके जयंती, संयुक्त मुख्य प्रशासिका बीके मुन्नी अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा, बीके मृत्युंजय शामिल होंगी।

# चेन्नई को भारी पड़ेगी बल्लेबाजी ?

नई दिल्ली। आईपीएल का 17वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच शिनवार को खेला जाएगा। यह मैच चेन्नई सुपर किंग्स के होम ग्राउंड चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। चेन्नई की तेज गर्मी में यह मैच दोपहर बाद खेला जाएगा। जिस तरह यहां की पिच स्पिनर्स के लिए मददगार रही है, ऐसे में दोनों टीमों की जीत की संभावना लगभग बराबर है। ऐसी परिस्थितियों में दिल्ली के लिए कुलदीप और चेन्नई के लिए नूर की भूमिका महत्वपूर्ण बन गई है। कुलदीप का इकोनॉमी रेट अभी तक 5.25 जबकि नूर का 6.83 है। बीच के ओवरों में यह दोनों स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ सकते हैं। हालांकि हालिय प्रदर्शन को लेकर चेन्नई के खेमे में चिंता जरूर रहेगी।

### टीमें इस प्रकार हैं

चेन्नई सुपर किंग्सः ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्दार्थ।

दिल्ली कैपिटल्सः अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा कुलदीप यादव।

### मजबूत है दिल्ली का मध्यक्रम

कुलदीप और नूर, दोनों कलाई के स्पिनर हैं और उनके बीच मुकाबला दिलचस्प होगा। नूर जहां अधिक गति से गेंदबाजी करते हैं वहीं कुलदीप ने क्रीज के कोणों का इस्तेमाल करने और अपनी गेंदों की गति को बदलने की कला में महारत हासिल कर ली है। अगर बल्लेबाजी की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स को आशुतोष शर्मा, विपराज निगम और अनुभवी केएल राहुल की मौजूदगी से मध्यक्रम में मजबूती मिली है। दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए महेंद्र सिंह धोनी की मारक क्षमता कम होना चिंता का विषय है। शिवम दुबे को छोड़कर उसके मध्यक्रम में कोई भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जो अंतिम 10 ओवरों में 180 या 200 की स्ट्राइक रेट से रन बना सके।

आईपीएल का 17वां मैच चेन्नई और दिल्ली के बीच आज



### सीएसके के खेमे में कई कमजोरियां

चेन्नई के बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी की तेज गेंदबाजों के सामने कमजोरी खुलकर सामने आ गई है। धोनी ने उन्हें ऋतुराज गायकवाड की जगह पारी का आगाज करने के लिए भेजने का फैसला किया था। लेकिन वह अभी तक अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरे हैं। दिल्ली में फाफ डु प्लेसी की मौजूदगी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बल्लेबाज लंबे समय तक चेन्नई की टीम का हिस्सा रहा था। वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं।

### मैक्गर्क स्पिन के सामने कमजोर

मैक्गर्क को स्पिनरों को खेलने में थोड़ी दिक्कत होती है और यह देखना दिलचस्प होगा कि ऑस्ट्रेलिया का यह बल्लेबाज रविचंद्रन अश्विन जैसे स्पिनर का किस तरह से सामना करता है। अश्विन हालांकि अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। एमए चिदंबरम स्टेडियम में इन दोनों टीमों के बीच अभी तक जो नौ मैच खेले गए हैं उनमें से चेन्नई सात मैच में विजयी रहा है। यह मैच दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा।

# पैट कमिंस के सब्र का टूटा बांध



नई दिल्ली। गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स से हारने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने बताया कि उन्हें सबसे ज्यादा निराशा किस चीज से हुई है। ये हैदराबाद की सीजन में लगातार तीसरी हार है, जिसके बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे पायदान (10) पर लुढ़क गई है। 201 रनों का पीछा करते हुए हैदराबाद गुरुवार को 120 रनों पर ढेर हो गई। ईशान किशन (2) के रूप में हैदराबाद को तीसरा झटका 9 के स्कोर पर ही लग गया था। इससे पहले ट्रेविस हेड (4) और अभिषेक शर्मा (2) भी सस्ते में पवेलियन लौट गए थे। शर्मनाक हार के बाद पैट कमिंस ने कहा कि बल्लेबाज अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं लेकिन उन्हें सोचना होगा कि हम क्या अलग कर सकते हैं। पैट कहा, "आज रात हमारे लिए अच्छी नहीं रही। केकेआर की पारी के बाद हमने सोचा कि यह लक्ष्य हासिल करना संभव है। यह एक बहुत अच्छा विकेट था। हमने फील्डिंग में कुछ ज्यादा ही रन दे दिए ।

### खराब फील्डिंग से नाखुश हैं कप्तान पैट कमिंस

उन्होंने आगे कहा "शायद हमारी फील्डिंग से ज्यादा निराशा हुई है। कुछ कैच छोड़ना और कुछ ख़राब फील्डिंग, जिन्हें हमें सुधारना होगा। कुल मिलाकर गेंदबाजी खराब नहीं थी, उन्होंने (केकेआर) अंत में अच्छी बल्लेबाज़ी की। हमने सिर्फ़ तीन ओवर स्पिन में फेंके। मुझे नहीं लगा कि बहुत ज़्यादा स्पिन थी। तेज़ गेंदबाज कटर ग्रिप कर रहे थे, इसलिए हमने उसी रास्ते पर चलना शुरू किया।" आईपीएल 2025 का पहला मैच सनराइजर्स हैदराबाद ने 44 रनों से जीता था। इस मैच में हैदराबाद ने 286 रनों का स्कोर खड़ा किया था, जो आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना। ईशान किशन ने इस मैच में शतक ठोका था लेकिन उसके बाद उनका और टीम के अन्य बल्लेबाजों का बल्ला खामोश ही हो गया।

# 'कौन होगा सिक्सर किंग'

### पूरन के लिए खतरा बने श्रेयस अय्यर और अनिकेत वर्मा



नई दिल्ली। आईपीएल 2025 के मुकाबले में अभी तक खेले गए 15 मुकाबलों में कुल 7 बार टीमें 200 या उससे अधिक का स्कोर बनाने में कामयाब रही है। ऐसा लगता है कि छक्कों की भी खूब बरसात हुई होगी। अभी तक 15 मैचों में कुल 291 बार गेंद सीधा बाउंड्री के पार जा गिरी है। इस दौरान वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज रहे। आईपीएल 2025 के सिक्सर किंग की लिस्ट में पूरन 15 छक्कों के साथ टॉप पर हैं। उन्होंने यह छक्के तीन मैचों में जड़े। वहीं पंजाब किंग्स के श्रेयस अय्यर, सनराइजर्स हैदराबाद के अनिकेत वर्मा और कोलकाता नाइट राइडर्स के अजिंक्य रहाणे लिस्ट में तीन ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने दहाई का आंकड़ा छुआ है।

# प्राइस टैग पर भड़के वेंकटेश अय्यर



नई दिल्ली। केकेआर के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर का मानना है कि उन्हें 23.175 करोड़ रुपए की धनराशि मिलने का यह मतलब नहीं है कि उन्हें प्रत्येक मैच में बड़ा स्कोर बनाना होगा तथा उन्होंने कहा कि उनका ध्यान टीम के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने पर है। केकेआर ने मेगा नीलामी में राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल करके वेंकटेश को फिर से अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पहले दो मैच में केवल नौ रन बना पाए थे। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंद पर 60 रन की पारी खेल कर अपनी टीम की 80 रन से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेंकटेश ने मैच के बाद कहा,"मैं झूठ नहीं बोलूंगा, थोड़ा दबाव है। आप लोग इसको लेकर इतनी चर्चा कर रहे हैं। लेकिन (केकेआर में) सबसे अधिक धनराशि पाने वाला खिलाड़ी होने का मतलब यह नहीं है कि मुझे हर मैच में रन बनाने होंगे।" उन्होंने कहा,"यह इससे जुड़ा है कि मैं टीम के लिए कैसे मैच जीत सकता हूं और मैं क्या प्रभाव डाल सकता हूं।

# 'तेरे ग्रह थोड़े इधर-उधर'



▶▶ एमएस धोनी को लेकर अक्षर पटेल का खुलासा

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी का भारतीय क्रिकेट में बड़ा योगदान है। उन्होंने टीम इंडिया के कप्तान के रूप में कई ट्रॉफीज जीती हैं। इसके साथ ही साथ धोनी ने कई क्रिकेटरों को गाइड भी किया है। भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने बताया है कि कैसे धोनी की सलाह से उनका प्रदर्शन बेहतर हुआ। अक्षर ने बताया कि टी20 वर्ल्ड और चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद धोनी ने उन्हें मैसेज किया था। दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर का यह वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षर ने आईपीएल 2022 में धोनी से लेकर जुड़ा एक बड़ा राज भी खोला है।

### धोनी से क्लोज कनेक्शन

वीडियो में अक्षर बताते हैं कि उनका महेंद्र सिंह धोनी से बहुत ही करीबी रिश्ता है। अक्षर कहते हैं, 'माही भाई से बहुत क्लोज कनेक्शन है। वो जब टीम इंडिया के कप्तान थे त ो मैं अपने थॉट्स उसने शेयर करता रहता था। वर्ल्ड कप के बाद और चैंपियंस ट्रॉफी के बाद उनका मैसेज आया था।' इसके बाद अक्षर ने बताया कि 2021 वाले वर्ल्ड कप में भी एक मेंटर के तौर पर टीम से जुड़े थे। तब भी मैंने उनसे बात की थी कि माइंडसेट में क्या बदलाव हो रहा है। उसके बाद से जो कुछ भी आया है, उसका थोड़ा क्रेडिट माही भाई को जाता है।

### धोनी की फोटो का जिक्र

वीडियो में वह धोनी के साथ की एक फोटो की तरफ इशारा करके कुछ राज की बात बताते हैं। यह फोटो आईपीएल 2022 की है। अक्षर बताते हैं कि उधर भी वही बात हो रही थी। माही भाई कह रहे थे कि तेरे ग्रह थोड़े इधर-उधर चल रहे हैं। कभी बॉल इधर गिर जाता है, कभी उधर गिर जाता है। कभी अच्छा बॉल गिर जाता है। तब वो कह रहे थे कि तू एक काम कर, कुछ पूजा-पाठ करवा ले। इसके बाद अक्षर पटेल जोर-जोर से हंसने लगते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं अक्षर पटेल

## म नो रं ज न

# 'जान्हवी को लात क्यों नहीं मार दी'



जाह्नवी कपूर का लैक्मे फैशन वीक में किया गया रैंप वॉक ट्रोल्स के निशाने पर आ गया। काले कपड़ों में हसीना आईं तो अपनी ग्लैमरस अदाएं दिखाती हुई थीं, पर रैप पर उनका अंदाज किसी को रास नहीं आया। जब जाह्नवी कपूर ने राहुल मिश्रा के लिए लैक्मे फैशन वीक में वॉक किया, तो लोगों ने उन्हें सिरे से नकार दिया और कहा कि "मॉडल पावर" अलग ही दिखती है। यही नहीं एक्ट्रेस से ज्यादा लोगों को उनकी पीछे चल रही मॉडल का अंदाज अच्छा लगा। जिसकी तारीफों की तो जैसे सोशल मीडिया पर बाढ़ ही आ गई। हर कोई दिल्ली की मॉडल तमन्ना कटोच की तारीफ करने में जुटा है। यही नहीं उन्हें कमेंट कर लोग जाह्नवी को ही लात मारने की बात कहने लगे। जाह्नवी ने रैंप पर ऑफ शोल्डर गाउन पहनकर एंट्री ली थी। जिसमें थाई-हाई स्लिट कट भी दिया, तो इसके साथ उन्होंने लॉन्ग ट्रेल वाली श्रग स्टाइल जैकेट कैरी की और उसे रैंप पर जाकर वॉक के बीच उतार दिया। जिसमें उनका ग्लैमरस रूप तो दिखा, लेकिन उनका चलने का ढंग मजा किरकिरा कर गया। वहीं, तमन्ना हाईनेक स्टाइल स्लीवलेस बॉडी हगिंग गाउन पहनकर रैंप पर उतरीं। उनका गाउन भी ब्लैक कलर का था। जिसमें भी स्लिट कट दिया, लेकिन उसे घुटनों से नीचे तक का रखा।



# हंसिका मोटवानी पहुंची हाईकोर्ट




अभिनेत्री हंसिका मोटवानी तब सुर्खियों में आ गईं हैं, जब उनकी एक्स भाभी मुस्कान ने अभिनेत्री, उनकी मां और भाई के खिलाफ घरेलू हिंसा समेत कई आरोपों में एफआईआर दर्ज कराई। मुस्कान की शादी पहले प्रशांत से हुई थी। दोनों का साल 2022 में तलाक हो गया। अब हंसिका ने टीवी अभिनेत्री मुस्कान नैन्सी जेम्स द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मुस्कान ने पति प्रशांत मोटवानी, ननद हंसिका और सास ज्योति के खिलाफ क्रूरता, घरेलू हिंसा, चोट पहुंचाने और आपराधिक धमकी का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले की सुनवाई 3 जुलाई को निर्धारित की गई है। जस्टिस सारंग कोटवाल और एसएम मोदक की अगुवाई में हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर नोटिस जारी किया और 3 जुलाई को सुनवाई तय की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हंसिका की याचिका में कथित तौर पर कहा गया है कि मुस्कान और प्रशांत को उनकी शादी के लिए उधार दिए गए 27 लाख की वापसी की मांग करने के बाद एफआईआर 'दुर्भावना से' दर्ज की गई थी। हंसिका का दावा है कि पैसे शादी के आयोजकों को दिए गए थे, लेकिन जोड़े ने अभी तक उनके पैसे वापस नहीं किए हैं। कथित तौर पर कहा, "याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप निराधार हैं, जिन्हें आपराधिक अभियोजन के दायरे में लाने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है।"

# अक्षय कुमार को ट्रोल करने वालों को परेश रावल ने दी नसीहत



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और परेश रावल कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। फैंस इस शानदार जोड़ी को पर्दे पर एक साथ देखना भी काफी पसंद करते हैं। इनकी जोड़ी 'हेरा फेरी', 'भूल भुलैया', 'ओएमजीः ओह माय गॉड' सहित और कई अन्य फिल्मों में नजर आ चुकी है। तीन दशकों से एक-दूसरे का साथ निभाने वाले परेश और अक्षय ने साबित कर दिया कि सच्ची दोस्ती हमेशा ही बनी रहती है। एक इंटरव्यू में परेश ने अक्षय को ट्रोल किए जाने पर उनका बचाव किया। दरअसल, परेश रावल ने कुछ वक्त पहले अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान परेश ने अक्षय कुमार की लगातार फिल्म रिलीज और फ्लॉप हो रहीं फिल्मों को हो रही उनकी आलोचनाओं के बीच उनका बचाव किया था। जब परेश से अक्षय संग उनके लंबे समय से चले आ रहे दोस्ताना के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने, 'कोई असुरक्षा नहीं है। मुझे पता है कि मैं वो नहीं कर सकता जो वो करते हैं। चाहे वह एक्शन हो या वाकई बहुत अच्छा दिखने वाला लड़का होना।'परेश रावल ने आगे अक्षय की तारीफ करते हुए कहा, 'वह न केवल बेहद मेहनती हैं, बल्कि बहुत ईमानदार भी हैं। जब वह आपसे बात करते हैं, तो कोई छिपा हुआ एजेंडा नहीं होता। उनकी ईमानदारी टॉप की है, और वह एक पारिवारिक व्यक्ति हैं। उनसे बात करना और उनके आस-पास रहना अच्छा लगता है।' 20 से ज्यादा फिल्मों में अक्षय के साथ स्क्रीन शेयर कर चुके परेश ने माना कि एक करीबी दोस्त के साथ काम करने से अनुभव और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा, 'उनके साथ काम करना मजेदार है, पैसा सिर्फ एक अतिरिक्त बोनस है।' इसके साथ ही परेश ने अक्षय के साल में एक साथ कई फिल्मों में काम करने के फैसले पर सवाल उठाने वाले लोगों पर नाराजगी जताई।

परेश ने कहा, 'ईमानदारी से, अगर वह इतनी सारी फिल्में करते हैं, तो आपको क्या परेशानी है? लोग फिल्में बनाने के लिए उनके पास जाते हैं, है न? एक निर्माता के तौर पर, मैं किसी अभिनेता को तभी साइन करूंगा, जब मैं उसमें लगाए गए पैसे का हिसाब दे सकूं। उन्हें बस काम करना पसंद है। वह तस्करी, शराब की तस्करी, ड्रग्स बेचना या जुआ नहीं खेलते। वह बस जितना संभव हो उतना काम करते हैं। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी फिल्में हजारों लोगों के लिए रोजगार का स्रोत भी हैं।



'शराब या ड्रग्स तो नहीं बेचता।।।'

# ऐश्वर्या घमंडी नहीं, सरल : जिविधा शर्मा



आपको ऐश्वर्या राय बच्चन और अनिल कपूर की फिल्म 'ताल' याद है? उस फिल्म में जिविधा शर्मा भी थीं। जिविधा ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में ऐश्वर्या के साथ काम करने का अपना एक्सपीरियंस शेयर किया। जिविधा ने बताया कि 'ताल' में ऐश्वर्या के साथ काम करने से पहले उन्हें लगता था कि वह बहुत घमंडी टाइप हैं। जिविधा ने कहा, "लोगों ने कहा था कि मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने की वजह से ऐश्वर्या राय बच्चन में एटीट्यूड आ गया है। उनमें बहुत इगो है। लोगों की बातों में आकर मैंने भी उनके बारे में यही धारणा बना ली। हालांकि, जब मैं उनसे मिली तब मुझे समझ आया कि वह ऐसी बिल्कुल भी नहीं हैं। वह बहुत ही सरल और अच्छी लड़की हैं। वह बहुत मेहनती हैं।" जिविधा ने कहा, "हम अपने सीन्स डिस्कस करते थे। ऐसा बहुत कम होता था जब हम अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात करते थे। कभी-कभी वह मेरी मां का हालचाल पूछ लेती थीं। वह भी अपनी मां के साथ आती थीं।"जिविधा ने कहा, "वह ऐश्वर्या राय बच्चन हैं। मिस वर्ल्ड रह चुकी हैं। उन्होंने कथक में ट्रेनिंग ली है। फिर भी वह तब तक डांस की प्रैक्टिस करती रहती थीं जब तक कि उन्हें खुद में कॉन्फिडेंस नहीं आ जाता था।

# 'केबीसी 17' का रजिस्ट्रेशन 14 से



दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन बहुत जल्द 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के साथ टीवी पर वापसी करने वाले हैं। शो कब शुरू होगा? इस बात की जानकारी तो अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन की डेट आ गई है। केबीसी के रजिस्ट्रेशन्स अगले हफ्ते से शुरू होंगे। सोनी टीवी ने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर लिखा, "तैयार हो जाएं 14 अप्रैल से हॉट सीट पर आने के लिए। केबीसी के रजिस्ट्रेशन्स और हमारे एबी के सवाल शुरू होने वाले हैं।" मतलब 'केबीसी 17' के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू होगी। अगर आप 'केबीसी 17' के लिए अप्लाई करना चाहते हैं तो आपको अमिताभ बच्चन द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देना होगा। पिछले सीजन की तरह, इस बार भी लोग सोनी लाइव ऐप, एसएमएस,आईवीआर कॉल के जरिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# शताब्दी पूर्व के नाले पर अतिक्रमण

## आबादी डूबने का खतरा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** शहर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 68 पर सौ साल से भी ज्यादा वक्त से पुराने नाला परिधि में अवैध रूप से पिलरों का निर्माण कर दिवार बनाकर नाले की जमीन पर कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। पिछले पन्द्रह दिनो से चल रहे नाला परिधि में पक्के निर्माण को रोकने की न तो नगर परिषद कोई हिमत दिखा रही है ओर न ही प्रशासन उक्त मामले में कोई रूचि दिखा रहा है। ऐसे में शहर के बाढ के पानी की निकासी का मुख्य एकमात्र नाला भू-माफियाओं के हत्थे चढता नजर आ रहा है। जिसको लेकर शहर के लोगों ने भी विरोध किया किन्तु कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर इस प्रकार नाला अति' मण की भेंट चढने से बारिश के दौरान आने वाली बाढ के पानी से आबादी क्षेत्र के डूबने का खतरा पैदा हो सकता है। जबकि ऐसे में एनएचएआई द्वारा नाला परिधि के बीच किया जा रहा निर्माण सवालों के घेरे में है। जहां पर बारिश के दौरान बाढ का पानी बड़सम पुलिये से निकलता है, ऐसे में अब नाला परिधि में दिवार बनाने से बाढ का पानी निकासी का रास्ता संकरा हो जाएगा। जिससे आस-पास की कॉलोनी के अतिरिक्त शहर की मुख्य आबादी भी डूब क्षेत्र में आ जाएगी।

**इनका कहना है -**

बड़सम पुलिए से निकलने वाले नाला क्षेत्र में कुछ लोगों की ओर से निर्माण किया जा रहा है, जो इसे अपनी खातेदारी जमीन बता रहे है। वैसे नाला परिधि में कोई निर्माण नहीं कर सकत। अगर ऐसा है तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**त्रिकमदान चारण, अधिशाषी अधिकारी नगर परिषद सांचौर।**

# मंत्रालयिक कर्मचारी हड़ताल पर रहे, जयपुर रैली में भाग लेंगे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राज्य सरकार द्वारा मंत्रालय वर्ग का निदेशालय गठन के विरोध में राजस्थान राजस्व मंत्रालय कर्मचारी महासंघ जयपुर के आह्वान पर उपखंड सुमेरपुर के राजस्व मंत्रालय कर्मचारियों ने शुक्रवार को सामूहिक अवकाश लिया व जयपुर में आयोजित महारैली में भाग लेंगे। राजस्थान राजस्व मंत्रालय कर्मचारी महासंघ उपशाखा अध्यक्ष शेरसिंह जोधा ने बताया कि मंत्रालय वर्ग के निदेशालय गठन को लेकर सभी कार्मिकों ने हड़ताल पर रहकर मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार दिनेश आचार्य को ज्ञापन दिया। उपखंड क्षेत्र सुमेरपुर के राजस्व मंत्रालय कर्मचारियों के अवकाश पर होने से उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यलय, उपकोष कार्यालय, उपतहसील कार्यालय में अपने कार्य से आने वाले आमजन को परेशानी उठानी पड़ी। कार्य ठप रहने से सरकार को भी राजस्व का नुकसान हुआ। इस मौके पर उपखंड कार्यालय के जसवंतसिंह, आसिफ खान, राजकुमार, भंवरलाल, तहसील कार्यालय सुमेरपुर के विष्णु कुमार, टीमाराम, श्रवण कुमार, मो. उमर, उप तहसील कार्यालय तखतगढ़ के मांगीलाल, उपकोष कार्यालय सुमेरपुर के रमेश कुमार मीणा आदि मौजूद रहें।

# राम जन्मोत्सव छह को मनाया जाएगाः वैभव त्रिवेदी



भीनमाल। भगवान राम का जन्म चैत्र शुक्ला 9 को दोपहर में पुनर्वसु नक्षत्र के चतुर्थ चरण में हुआ था। राम शब्द का अर्थ है रमंति इति रामः जो रोम-रोम में रहता है, जो समूचे ब्रह्मांड में रमण करता है वही राम हैं। भगवान राम के जन्मोत्सव के अवसर पर उनके जीवन और चरित्र का विशेष महत्व है।

### ›› राम का अर्थ और महत्व

सामवेदी वैभव त्रिवेदी ने बताया कि ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहा गया है कि राम शब्दो विश्ववचनों, मश्चापीश्वर वाचकः अर्थात् 'रा' शब्द परिपूर्णता का बोधक है और 'म' परमेश्वर वाचक है। चाहे निर्गुण ब्रह्म हो या दाशरथि राम हो, विशिष्ट तथ्य यह है कि राम शब्द एक महामंत्र है। राम रामेति रामेति रमे रामे रामो रमे। सहस्त्र नाम तत्तुल्यं राम नाम वरानने। यानि विष्णु जी के सहस्र नामों को लेने का समय अगर आज के व्यस्त समय में ना मिले तो एक राम नाम ही सहस्र विष्णु नाम के बराबर है।

### ›› धर्म के दस लक्षण

ब्रह्मकर्म प्रकाशक शास्त्री ने बताया कि महाराज मनु के अनुसार -धृति, क्षमा, दमन (दुष्टों का दमन), अस्तेय (चोरी न करना), शुचिता, इन्द्रिय-निग्रह (समाज विरोधी, परपीड़नकारी इच्छाओं पर नियन्त्रण), धी, विद्या, सत्यनिष्ठा और अ'ोध--धर्म के दस लक्षण हैं। श्रीराम के पवित्र-चरित्र में धर्म के इन समस्त लक्षणों का सम्यक् निर्वाह मिलता है।

### ›› राम की महानता

राम की महानता का वर्णन करते हुए, सामवेदी वैभव त्रिवेदी ने बताया कि राम धर्मपालन के आदर्श प्रतिमान हैं। पारिवारिक सामाजिक मर्यादाओं के संदर्भ में उनका कृतित्व अनुकरणीय है। उनकी क्षमा, दम, अस्तेय, शौचम्, इन्द्रियनिग्रह, धी, विद्या, सत्यनिष्ठा और अ'ोध जैसे गुणों ने उन्हें एक आदर्श पुरुष बनाया है।

### ›› राम जन्मोत्सव का महत्व

राम जन्मोत्सव का महत्व इस बात में है कि यह हमें भगवान राम के जीवन और चरित्र से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करता है। उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाकर हम अपने जीवन को अधिक अर्थपूर्ण और सार्थक बना सकते हैं।

# जंवाई जल परियोजना की लापरवाही पर उठे सवाल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** ग्राम पंचायत में हुई जनसुनवाई के दौरान जंवाई जल परियोजना के कार्यों में लापरवाही को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई। समाजसेवी ओमप्रकाश मेवाड़ा ने प्रभारी नत्थाराम चौधरी की उपस्थिति में बताया कि ग्राम में बिछाई गई पाइपलाइन से आमजन को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे पाइपलाइन जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो रही है। पाइपलाइन को खुले में छोड़ने और उसे ढकने में लापरवाही बरतने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। कस्बे के तिराहे मार्ग पर खुली पड़ी पाइपलाइन के चलते कई दुपहिया वाहन चालक घायल हो चुके हैं। ग्रामवासियों की मांग पाइपलाइन को उचित रूप से ढकने और मरम्मत करने के लिए संवेदक पर कार्रवाई की जाए। प्रभावित क्षेत्रों में गड्ढों को भरा जाए और सड़क को सुचारु किया जाए। परियोजना की गुणवत्ता की जांच कराई जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। जनसुनवाई में प्रभारी अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मामले की जांच कर संवेदनशील स्थानों पर सुधार कार्य करवाया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

# धरना जारी, चार जनें भूख हड़ताल पर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** चौरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने नवीन राजस्व गांव रामेश्वर नगर को निरस्त करने की मांग को लेकर उपखंड मुख्यालय के समक्ष तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। इस दौरान चार ग्रामीणों की भूख हड़ताल पर बैठे। हालांकि ग्रामीणों को स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियो से वार्ता के दौरान भी मामले की जांच कर निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाने के बावजूद ग्रामीण अपनी मांगो पर अड़े है। ग्रामीणो का कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती है तब तक वे धरना जारी रख आमरण अनशन जारी रखने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणो ने रैली निकालकर उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं गलत व विधि विरूद्ध बनाये गये रामेश्वर नगर को निरस्त करने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत चौरा की ओर से कोई प्रस्ताव नये रेवेन्यू वेलेज के लिये नहीं भेजा गया, जबकि गांव के तीन लोगों ने मिलकर नया राजस्व गांव सृजित करवा दिया, जबकि नये राजस्व गांव में न तो कोई सरकारी जमीन है , ऐसे में पूरे क्षेत्र में खातेदारी जमीन के अलावा कोई जमीन भी नहीं है, जबकि गांव के पूर्व सरपंच रतन देवासी , वसनाराम चौधरी व पटवारी ने मिलकर फर्जी हस्ताक्षर कर प्रशासन को प्रस्ताव भिजवा दिया गया, इतना ही नहीं नये रेवेन्यू विलेज में जाति विशेष की ढाणियो को चुन- चुन शामिल किया गया है ताकि पंचायत बनने के बाद पंचायत पर उनका ही कब्जा रहे, ऐसे में यह गलत है ओर अन्य ग्रामीणो के साथ अन्या है, जबकि राजस्व गांव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को आठ किमी की दूरी तक कर ग्राम पंचायत जाना पड़ेगा, जबकि दो किमी दूर ग्राम पंचायत से उनको दूर भेज दिया गया है, ऐसे में ग्रामीणो ने अपनी मांगो को लेकर ग्रामीणो ने उपखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। वहीं प्रशासन द्वारा बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणो ने उपखंड कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठकर शूरू कर दिया वहीं चार ग्रामीणो का आमरण अनशन तीसर दिन भी जारी रहा, जिसमें तुलसाराम पुरोहित, महेन्द्र सिंह राजपूत, अणदाराम मेघवाल, आसुराम मेघवाल ने आमरण अनशन जारी रखा, इस अवसर पर सरपंच सुनिल बिश्नोई, वार्ड पंच बलवंत एच सुथार, कृष्णसिंह, भीखाराम माली, राणाराम साहू, भूपाराम, महावीर सिंह, महेन्द्र सिंह, तुलाराम पुरोहित,लक्ष्मण मेघवाल,जोराराम चौधरी,श्रवण सुथार,खेमाराम, प्रेमाराम, नारायण मोदी आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जिला बहाली की मांग, धरना 97 वें दिन भी जारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** सांचौर जिले को खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति का धरना 97 वें दिन भी जारी रहा। जिसको स्थानीय ग्रामीणो का लगातार समर्थन मिल रहा है, वहीं प्रत्येक दिन अलग- अलग ग्राम ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने समर्थन दिया। जिला बहाली को लेकर एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई, भीमाराम चौधरी, लादूसिंह किलवा,सदराम बिश्नोई, अमलूराम सारण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए राहुल मोदी का चयन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर की ओर से मंत्रालयिक व सहायक कर्मचारियों का राज्य स्तर पर सम्मान किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में 78 कर्मचारियों का चयन किया है। माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन अतिरिक्त राज्य परियोजना एवं वरिष्ठ समग्र शिक्षा अभियान के निदेशक आशीष मोदी के आदेशानुसार राज्य स्तरीय चयन समिति की ओर से वर्ष 2024 में सम्मान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारिम्भक शिक्षा पाली में कार्यरत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राहुल परमार का चयन किया गया है, यह सम्मान कार्मिक के सरकारी कार्यों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन,विभागीय गतिविधियों एवं कार्यों को तीव्रता पूर्वक एवं समय पर निष्पादन करने उत्कृष्ठ कार्यशैली के कारण किया जा रहा है। यह समारोह 16 अप्रेल को जयपुर में होगा।

# बचपन चिल्ड्रन अस्पताल का शुभारंभ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** क्षेत्र में बच्चों की सेहत को समर्पित अत्याधुनिक 'बचपन चिल्ड्रन हॉस्पीटल' का शुभारम्भ शुक्रवार को झरडेश्वर मठ डोरडा व करकेश्वर मठ मायलावास के महंत कुलदीप भारती महाराज ने किया। यह नया हॉस्पीटल सरकारी अस्पताल के सामने स्थित है और इसमें शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ध्रुवराज सिंह एमबीबीएस एवं डॉ. दिग्विजय सिंह अपनी नियमित सेवाएं देंगे। हॉस्पीटल में नवजात एवं बच्चों के इलाज के लिए सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, जिनमें कम वजन के नवजात शिशुओं के लिए एनआईसीयू (कांच की पेरी), जैसी गहन चिकित्सा इकाइयां विशेष रूप से तैयार की गई हैं। इसके साथ ही बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों का समुचित उपचार यहां संभव है। हॉस्पीटल के प्रबंधन में युवराज सिंह, सतीश जोशी, प्रमोद कुमार एवं गौतम वैष्णव की अहम भूमिका रही है। जसवंतपुरा सहित आस-पास के गांवों के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

**भूरिया बाबा का दो दिवसीय वार्षिक मेला संपन्न**

# एक से बढ़कर एक भजनों की दी प्रस्तुति



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** रोल्डा भाखर स्थित भूरिया बाबा का दो दिवसीय वार्षिक मेला भरा गया। जिसमें विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मेले के दौरान महादेव का अभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान गुरुवार देर शाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें हितेश रामावत और कविता पंवार एंड पार्टी के द्वारा गणपति और गुरु वंदना के साथ भजन संध्या का आगाज करते हुए थोरे रे पावड़िये रमतो आऊ रे भूरिया बाबा.... भूरिया बाबा आवे थारे मंदिरिये जातरु..... दर्शन देता जई जो रे गुरुजी..... सहित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान श्रोताओं ने जयकारे लगाए। विभिन्न चढ़ावे की बोलियां बोली गई। जिसमें भक्तों ने बढ़चढ भाग लिया। विभिन्न व्यवस्थाओं के लाभार्थी परिवारों का स्वागत सम्मान किया गया। मंच संचालन डॉ प्रवीण वैष्णव ने किया। कार्यक्रम में शुक्रवार को सवेरे 8 बजे से महादेव मंदिर रड़ावा से बाबा के मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर बाबा को धोक लगाकर मंगल कामनाएं की। इस मौके पर मुख्य अतिथि पोलाराम घांची रोल्डा, पूर्व सरपंच अल्ताफ खान पठान, पालिका उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सोलंकी, रघुनंदन चौधरी, नारायण लाल घांची, पुखराज जणवा, नैनाराम चौधरी, पार्षद कानाराम सहित कमेटी के सदस्य व अधिक संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# जनसुनवाई 9 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राज्य सरकार की ओर से पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के त्वरित गति से समाधान के लिए 9 अप्रेल को सुबह 10 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा केन्द्र में अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि प्रत्येक माह की भांति माह अप्रेल के द्वितीय गुरूवार 10 अप्रेल को ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई की जानी है। किन्तु 10 से 14 अप्रेल तक राजकीय अवकाश होने के कारण अटल जन सेवा शिविर की जनसुनवाई एक दिन पूर्व 9 अप्रेल को आयोजित की जायेगी जिसमें आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा।

# रक्तदान शिविर 6 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** क्षेंमकरी टाईगर फोर्स की ओर से रामनवमी के उपलक्ष में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को स्थानीय नाहर ब्लड बैंक में किया जाएगा। संस्था के प्रतिनिधि मीठालाल सुदेशा ने बताया कि जरूरतमंद को निःशुल्क रक्त उपलब्ध करवाने के लिए संस्था की टीम 24 घंटे तैयार है। इसके अलावा समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाता है। इसी के तहत रविवार को स्थानीय नाहर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# बंदियों को दी कानूनी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** स्थानीय उप कारागृह में कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के आदेश अनुसार आयोजित किया गया था। एडवोकेट रामनिवास भादू ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बंदियों को जिला विधिक सेवा की ओर से निशुल्क वकील पैरवी करने के लिए रखा जा सकता है। अधिकार मित्र रेवाराम सैन जुंजाणी ने बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने निशुल्क कानूनी सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। सैन ने बताया कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने पर पुलिस द्वारा उसके परिवार को जानकारी देनी होगी। गंभीर मामले में आधी सजा काटने के बाद जेल में अच्छा व्यवहार और भाईचारा बनाए रखने के लिए रिहाई मिल सकती है।मुलाक़ात हफ्ते में एक बार करने का अधिकार है।पुलिस गिरफ्तार करती है तो कारण जानने का अधिकार है।इस दौरान जेल प्रभारी हनुमानसिंह, राजूराम चौधरी, अशोककुमार, ओमप्रकाश, धापू, देवी ,संजू, केली व पारुदेवी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



# खिमज माता का मेला आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** कस्बे के गोजारी मगरी पर स्थित खिमज क्षेंमंकरी माताजी का मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित हुआ। मेला कमेटी के प्रकाश कुमार माली ने बताया कि मेले में सुबह हवन के साथ पूजा- अर्चना कर मेले में भजनों के कार्यक्रम दुर्गा म्यूजिकल ग्रुप किशोर राव के बैनर तले भजन गायक मुकेश डांगी जोधपुर, गायिका विमला राव हास्य कलाकार पवन सुदामा,सोनु मारवाड़ी एण्ड दिल्ली पार्टी, खुशी भाटी पाली, कोमल ,निखिल राव नृत्य कर शान्दार प्रस्तुतिया दी। इस मौके पर खिमज माता उपासिका, भटियाणी मां उपासिका पुष्पा देवी, विजयराज घांची, पिथाराम माली, बाबूलाल, रूपाराम, नेनाराम माली, नरेशकुमार माली, गुलाबचन्द, कान्तिलाल, मुलाराम, शिवलाल, मंगलेश कुमार, सुरेश कुमार, जोधाराम, गोरधनलाल, दिनेश कुमार, सियाराम, मन्नाराम, कानाराम, रमेश कुमार, रूपाराम, खीमराज, धन्नाराम, विरमाराम, पुष्पा बाई सहित सैकडों लोगों ने भाग लिया। महा प्रसादी गुलाबी बाई, कस्तु बाई, देवराज मेवाड़ा, स्व अचलाराम माली की ओर से की गईं।

# बीठन स्कूल में भामशाहों ने भेंट किए वाटर कूलर व प्रिंटर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रामसीन।** ग्राम पंचायत बूगांव के राउप्रावि बीठन में गर्मी के मौसम को देखते हुए भामाशाहों ने वाटर कूलर व प्रिंटर भेंट किए है। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार बुनकर ने बताया कि भामाशाह भरतगिरी पुत्र रतनगिरी की ओर से वाटर कूलर व प्रिंटर और विद्यालय के शिक्षकों की ओर से पानी का आरओ विद्यालय को भेंट किया गया। अध्यापक छगनलाल प्रजापत ने बताया कि विद्यार्थियों के शुद्ध पानी पीने के लिए भामाशाहों ने सहयोग किया जो कि एक पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष अभयसिंह, जब्बरसिंह, भंवरसिंह, गजेन्द्रसिंह, गंगासिंह, महेन्द्रसिंह, रामाराम, डायाराम, प्रभाराम देवासी, नरपतगिरी, विधायल स्टाफ नरेन्द्रसिंह, मनीषा तिवारी, गुंजनदेवी, सुषमा एवं समस्त ग्रामवासियों ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।

# विप्र फाउंडेशन जिला कार्यकारिणी की बैठक कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** विप्र फाउंडेशन जिला कार्यकारिणी की बैठक 6 रविवार को आयोजित की जाएगी। विप्र फाउंडेशन जिला प्रवक्ता श्रवणदास वैष्णव ने बताया कि गोमाता को राज्य माता का दर्जा दिलवाने के लिए विप्र फाउंडेशन की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आगामी कार्यक्रम की योजना के लिए जिला अध्यक्ष जोगाराम राजपुरोहित की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी सहित सांचौर, चितलवाना, एवं रानीवाड़ा ब्लाक कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक के दौरान जिला कार्यकारिणी के सभी आयाम युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, गोसेवा प्रकोष्ठ, शिक्षा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# 48 सड़कों का हुआ अनुमोदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** पंचायत समिति सायला की साधारण सभा की विशेष बैठक प्रधान ढोमीदेवी राजपुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विकास अधिकारी गौरव विश्नोई ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चतुर्थ के तहत सायला ब्लॉक की 48 सड़को के 134.40 किलोमीटर के लिए 98 करोड़ की लागत से प्रस्तावित सड़कों का अनुमोदन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों समेत ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईटीबीपी जवान को 5 साल के बेटे ने मुखाग्नि दी

## सीकर में अंतिम दर्शन के दौरान वीरांगना बेहोश हुई



**सीकर।** सीकर के आईटीबीपी जवान रतनलाल गुर्जर (35) का शुक्रवार दोपहर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 5 साल के बेटे यश कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले अजीतगढ़ थाने से उनके पैतृक गांव सांवलपुरा तंवरान (नीमकाथाना) के लोहा की ढाणी तक 22 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। घर पर अंतिम दर्शन के दौरान वीरांगना बलेश देवी पार्थिव देह से लिपटकर रोने लगीं और बेसुध हो गईं। बड़ी बेटी रितिका (8) अपनी 2 साल की छोटी बहन गुड्डी को गोद में लिए रोती रही, जिसे परिजनों ने उसे संभाला। अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि के बाद जवान की पार्थिव देह को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। घर के पास स्थित खेत में उनके बड़े भाई के शहीद स्मारक के समीप ही उनका अंतिम संस्कार किया गया।

रतनलाल गुर्जर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की 14वीं बटालियन में तैनात थे। गुरुवार को वे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में शहीद हो गए थे। वे जाजर देवल क्षेत्र में एक्टिव पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे, जहां ऊंचाई वाले इलाके में ऑक्सीजन की कमी के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

### » 22 किमी लंबी तिरंगा यात्रा निकली

*शहीद की पार्थिव देह शुक्रवार अलसुबह 3 बजे अजीतगढ़ पुलिस थाने लाई गई थी। सेना के फूलों से सजे ट्रक में पार्थिव शरीर को गांव तक ले जाया गया। सुबह 5 बजे से ही ग्रामीणों की भीड़ शहीद के अंतिम दर्शन के लिए एकत्र होने लगी थी। तिरंगा यात्रा अजीतगढ़ पुलिस थाने से शुरू होकर हाथीदेह मोड़, मंडुस्या, हरिपुरा मोड़, हरदास का बास, बुर्जा, हाथीदेह, सांवलपुरा तंवरान होते हुए लोहा की ढाणी पहुंची।*

### » गांव में पसरा मातम, स्कूल-बाजार बंद रहे

*शहादत की खबर मिलते ही गांव और आसपास के इलाकों में शोक छा गया। सांवलपुरा तंवरान का बाजार बंद रहा। स्कूल नहीं खुले। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ट्वीट कर शहीद को श्रद्धांजलि दी थी।*

### » शहादत से कुछ घंटे पहले की थी घरवालों से बात

*1 महीने पहले रतनलाल छुट्टी पूरी कर ड्यूटी पर लौटे थे। गुरुवार सुबह 7 बजे उन्होंने परिजनों से फोन पर बात की और बताया कि वे मिशन पर जा रहे हैं और 2 दिन में लौटेंगे। 3 मई को अपने बड़े भाई स्वर्गीय रामपाल गुर्जर की पुण्यतिथि पर घर आने का कार्यक्रम था, लेकिन उससे पहले ही शहादत की खबर आ गई।*

### » बड़े भाई भी हुए थे शहीद

*रतनलाल 4 भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई 2021 में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हो चुके हैं। उनके 2 अन्य भाई मजदूरी करते हैं और पिता बीरबल गुर्जर किसान हैं। शहीद रतनलाल के परिवार में पत्नी बलेश देवी (29) और 3 बच्चे रितिका (8), यश कुमार (5) और गुड्डी (2) है। 2014 में रतनलाल की शादी हुई थी और उसी साल वे आईटीबीपीमें भर्ती हुए थे।*

# राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना की अधिसूचना जारी

## सीएम भजनलाल शर्मा ने भीलवाड़ा में आरजेएचएस का किया था शुभारंभ

### अधिस्वीकृत पत्रकारों और उनके परिजनों के लिए चिकित्सा व्यय की सीमा 10 लाख रूपये प्रति वर्ष

### आरजेएचएस में मातृत्व चिकित्सा, आईपीडी और अन्य चिकित्सा सेवाएं कैशलेस उपलब्ध होंगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य सरकार पत्रकार कल्याण के लिए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी क्रम में पत्रकारों के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना (आरजेएचएस)की अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गई। उल्लेखनीय है कि इस योजना का शुभारंभ भीलवाड़ा में (28 मार्च) को राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किया गया था।

राज्य सरकार से अधिस्वीकृत समस्त पत्रकार आरजेएचएस के लिए पात्र होंगे। इस योजना की अधिसूचना जारी होने के बाद अधिस्वीकृत पत्रकारों को आरजीएचएस की तर्ज पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। योजना के अनुसार, पात्र पत्रकारों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष की चिकित्सा



व्यय (आईपीडी) की सुविधा मिलेगी। साथ ही, ओपीडी की सुविधा मेडिकल डायरी के अनुसार देय होगी। अधिस्वीकृत पत्रकारों को योजना के तहत मिलने वाली सुविधा के लिए आईडी कार्ड भी जारी किए जाएंगे। योजना में बीमित व्यक्ति को आरजीएचएस में परिभाषित अनुमोदित अस्पतालों में किए गए सभी इनडोर उपचारों तथा शल्य चिकित्साओं के लिए कैशलेस सुविधा प्रदान की जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने से तीन दिन पहले तथा पंद्रह दिन बाद तक की अवधि के दौरान किए गए प्रासंगिक चिकित्सा व्यय को दावे के हिस्से के रूप में माना जाएगा। आरजेएचएस योजना के अन्तर्गत मातृत्व चिकित्सा, अन्तः रोगी उपचार (आईपीडी) और अन्य चिकित्सा सुविधाएं कैशलेस उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्रकार कल्याण के लिए पूर्व में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण की आयु सीमा तथा अनुभव में छूट देते हुए न्यूनतम पात्रता आयु 45 वर्ष तथा पत्रकारिता का अनुभव 15 वर्ष किया।

सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार से जोड़ने के लिए नव-प्रसारक नीति जारी की। इसी प्रकार पत्रकारों को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मानित करने हेतु बिशन सिंह शेखावत पत्रकारिता पुरस्कार देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। वहीं पत्रकार एवं साहित्यकार कल्याण कोष से अधिस्वीकृत पत्रकारों एवं आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

## किसान आयोग अध्यक्ष ने किया डेयरी का दौरा

**जयपुर।** राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी ने रूद्र शिवम् डेयरी एवं एग्री रिसर्च का दौरा किया। डेयरी के निदेशक सुरेन्द्र अवाना ने बताया कि चौधरी ने गायों की नस्ल सुधार के प्रयासों की सराहना की। चौधरी ने कहा कि सार्टेड सीमन की उपलब्धता किसानों तक जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। इससे दूध का उत्पादन बढ़ेगा और देशी गायों की नस्ल में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि बछड़ी के जन्म से किसानों की आय चार से आठ गुना तक बढ़ सकती है। अध्यक्ष ने डेयरी के दूध प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण किया। साथ ही बहुवर्षीय चारे और फलों के बगीचे का जायजा लिया। उन्होंने फार्म में एक आम का पौधा भी लगाया।

# अम्बेडकर जयंती को लेकर प्रदेशस्तरीय टोली की बैठक आयोजित

## 14 से 25 अप्रैल तक मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भाजपा की ओर से अम्बेडकर जयंती को लेकर 14 से 25 अप्रेल तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसके सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा पखवाड़े के निमित्त प्रदेशस्तरीय टोली की बैठक आयोजित की गई। सात सदस्यों की टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष जयपुर संभाग से मोतीलाल मीणा, अजमेर संभाग से पूर्व सांसद मनोज राजोरिया, बीकानेर संभाग से प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत, जोधपुर से अखिलेश प्रतापसिंह उदयपुर संभाग से सिरोही के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित, कोटा संभाग प्रभारी सोमकांत शर्मा का सानिध्य रहा। इसके अलावा मॉनिटरिंग टीम के रूप में सायरसिंह, विशाल पार्थ, विष्णु जायसवाल, मनीष प्रजापति, विनय शर्मा, संजय मचेड़ी, राजकुमार बिवाल, राजवीरसिंह, गजानंद जांगिड एवं हर्षित तिवाड़ी उपस्थित रहे।

### प्रदेश के 12.5 लाख कार्मिक/पेंशनर्स को एक क्लिक पर मिलेगी जीपीएफ और राज्य बीमा खातों की जानकारी

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया एसआईपीएफ विभाग द्वारा विकसित चैटबॉट का लोकार्पण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश के लगभग 12.5 लाख कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को जीपीएफ और राज्य बीमा खातों की जानकारी अब एक क्लिक पर प्राप्त हो सकेगी । राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा विकसित चैटबॉट के माध्यम से उन्हें यह जानकारी प्राप्त होगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री कार्यालय से इस चैटबॉट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा किया गया यह नवाचार राज्य के लाखों कार्मिकों और पेंशनर्स के लिए ऋण आदि की सुविधा में साहूलियत देने वाला महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार द्वारा सूचना तकनीक एवं अन्य नवाचारों के द्वारा जन-सुविधाओं को सुलभ करने की दिशा में कदम उठाये जा रहे है। उसी कडी में यह महत्वपूर्ण पहल है।

**ऋण की पात्रता, खाते की राशि आदि जानकारी एक क्लिक पर:-** शासन सचिव वित्त (व्यय) नवीन जैन ने बताया कि विकसित किये गए एआई आधारित चैटबॉट के माध्यम से एसआईपीएफ मोबाईल एप, वेबसाईट एवं पोर्टल पर हिंदी एवं अग्रेजी भाषा में राज्य कार्मिक उनके राज्य बीमा एवं जीपीएफ योजना के तहत ऋण एवं आहरण की पात्रता, खाते जमा राशि, मनोनीत व्यक्ति की जानकारी आसानी से तथा किसी भी समय प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों द्वारा पूछे जाने वाले सभी सवाल चैटबॉट पर उपलब्ध होगे, कार्मिक जिस सवाल पर क्लिक करेंगा उसको उसका जवाब तत्काल प्राप्त हो जायेगा।

निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग हेमपुष्पा शर्मा ने इस दौरान सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विभाग सभी कार्मिकों का आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा तैयार किए गए ब्राउजर का भी विमोचन किया। इस दौरान संयुक्त शासन सचिव, वित्त (बीमा) धन लाल शेरावत सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## जयपुर डेयरी बेटियों की शादी में देगी 21 हजार रुपए

**जयपुर।** जयपुर डेयरी (जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक संघ लि.) की तरफ से दुग्ध उत्पादकों की बेटियों की शादी में मायरा भरा जाएगा। इसके लिए 5 अप्रैल को 'सरस लाडो मायरा योजना' लॉन्च की जाएगी। योजना में बेटी की शादी पर 21 हजार रुपए का मायरा भरा जाएगा। इससे करीब 1.50 लाख रजिस्टर्ड दुग्ध उत्पादकों (किसानों) को फायदा मिलेगा। जयपुर डेयरी की स्थापना के 50 साल पूरे होने पर यह योजना लाई जा रही है। जब जयपुर डेयरी की शुरुआत हुई थी, तब इससे 13 दुग्ध समितियां जुड़ी थीं, जो धीरे-धीरे बढ़कर 4 हजार तक पहुंच गई हैं। इन समितियों से जुड़े पशुपालक (दुग्ध उत्पादक) का ही सहयोग है, जो आज यह डेयरी उत्तर राजस्थान की सबसे बड़ी डेयरी बनी है।

**लिंगानुपात को बढ़ाना है उद्देश्य:-** एमडी मनीष फौजदार ने बताया कि दुग्ध उत्पादकों का ध्यान रखते हुए और इनकी बच्चियों की शादी में संबल प्रदान करने के लिए सरस लाडो मायरा योजना लॉन्च करने का निर्णय किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चियों के जन्म को बढ़ावा देकर लिंगानुपात को बढ़ाना है। बाल विवाह को रोकना है।

### एसजीएसटी की एन्फोर्समेंट शाखा-प्रथम की बड़ी कार्रवाई

# फर्जी एवं बिना बिलों के माध्यम से करोडों रूपये की टैक्स चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मार्बल एवं ग्रेनाईट उद्योग से संबन्धित आकड़ों को विभागीय बीफा पोर्टल पर विश्लेषण करने पर वाणिज्यिक कर विभाग ने सर्वाधिक फर्जी फर्मों के जीएसटी पंजीयन का निरस्तीकरण मार्बल सिटी किशनगढ़ में होना पाया। राज्य कर, प्रवर्तन शाखा-प्रथम के अतिरिक्त आयुक्त शालीन उपाध्याय ने बताया कि गहन विश्लेषण पर कुछ करदाता फर्मों के द्वारा असामान्य रूप से ई-वे बिलों का सृजन करना एवं उस सप्लाई एवं उसके कर को रिटर्न में घोषित तथा जमा नहीं करना पाया गया है।

इन मामलों की गहनता से जॉच कर प्रवर्तन शाखा-प्रथम ने फर्म मैसर्स श्री श्याम स्टोनेक्स, के प्रोपराईटर दीपक कुमार सेन के व्यवसाय स्थल, निवास एवं फर्म मैसर्स गुप्ता मार्बल एण्ड ग्रेनाईट के व्यवसाय स्थल पर 3 अप्रैल को निरीक्षण किया।

इन फर्मों के माध्यम से बिना बिलों के माल को खरीद कर विकास सेन ने फर्जी बिल एवं ई-वे बिल के माध्यम से अथवा बिना बिलों के लगभग 41 करोड़ रूपये के मार्बल एवं ग्रेनाईट को विक्रय किया तथा इस विक्रय पर लगभग 7.45 करोड़ रूपये की टैक्स चोरी जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध किये जाने पर प्रवर्तन शाखा-प्रथम राजस्थान, जयपुर को मुख्य आयुक्त प्रकाश राजपुरोहित ने विकास सेन की गिरफ्तारी आदेश जारी किये।

जयदेव सीएस, विशेष आयुक्त के मार्गदर्शन एवं शालीन उपाध्याय, अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन), राज्य कर, प्रवर्तन शाखा-प्रथम, जयपुर के पर्यवेक्षण में भवानी शंकर जोशी, उपायुक्त, वृत-ए, प्रवर्तन शाखा-प्रथम, जयपुर के नेतृत्व में हितेन्द्र कुमार, सहायक आयुक्त ने विकास सेन को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इस कार्यवाही के सफल क्रियान्वयन में देशराज मीणा सहायक आयुक्त, रेणु जैन सहायक आयुक्त, विवेक कुमार आदित्य, अभिनव शर्मा, अन्नू कंवर, राज्य कर अधिकारी एवं रवि महेन्द्रा कर सहायक टीम में शामिल रहे। प्रकरण में विस्तृत जांच अभी विचाराधीन है।

## जयपुर में शॉप के बाहर खड़े ट्रक में लगी आग

**जयपुर।** जयपुर में एक शॉप के बाहर खड़े ट्रक में आग लगने से दहशत फैल गई। आग से ट्रक का केबिन व उसमें भरे कैरेट जल गए। मुहाना थाना पुलिस ने एक दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस प्रथमदृष्टया आग शॉर्ट सर्किट से लगना मान रही है।

मुहाना थाने के कॉन्स्टेबल अन्नाराम ने बताया कि मुहाना मंडी के गेट नंबर-1 के पास कार डेकोर की शॉप है। शॉप के बाहर प्लास्टिक के खाली कैरेट से भरा ट्रक खड़ा था। ड्राइवर ने कुछ पार्टस डलवाने के लिए ट्रक को वहां खड़ा किया था। दोपहर करीब 2 बजे अचानक खड़े ट्रक में आग लग गई। वहां मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। देखते ही देखते ट्रक में भरे कैरेट ने आग पकड़ ली। ट्रक से भीषण आग की लपटों को उठते देखकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

आग की सूचना पर शिवदासपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत फायर बिग्रेड डिपार्टमेंट को सूचना दी। फायर बिग्रेड की एक गाड़ी की मदद से करीब 15 मिनट की मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। आग से ट्रक में भरे प्लास्टिक के खाली कैरेट व केबिन पूरी तरह से जलकर कबाड़ में तब्दील हो गया।

# परकोटे में व्यापारियों ने बाजार बंद करवाए

## निगम की सीलिंग कार्रवाई के विरोध में सड़क पर उतरे



**जयपुर।** जयपुर में आज नगर निगम हेरिटेज की सीलिंग कार्रवाई के खिलाफ व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने सुबह 10.30 बजे से दड़ा मार्केट और जौहरी बाजार की दुकानें बंद कर दीं। दोपहर 12 बजे के करीब बड़ी चौपड़ पर धरने पर बैठ गए। व्यापारियों का कहना है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद हेरिटेज निगम सीलिंग कार्रवाई कर रहा है। आज भी निगम ने 5 परिसरों में करीब 90 दुकानें सील की हैं। 19 कॉपलेक्स की कुल 900 दुकानें इस मामले से प्रभावित होगी। रहवासियों और व्यापारियों के पास जगह के मालिकाना हक के कागजात हैं। उन्होंने इस संबंध में कोर्ट से स्टे भी प्राप्त किया है।

### 7 अप्रैल को कोर्ट में सुनवाई होनी है

दड़ा मार्केट व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया कि इन बिल्डिंगों में दुकानें और आवास दोनों हैं। पार्किंग की पूरी व्यवस्था है। मामले में 7 अप्रैल को कोर्ट में सुनवाई होनी है, कोर्ट के स्टे के बावजूद आज भी हेरिटेज नगर निगम ने सीज की कार्रवाई की। 7 अप्रेल को मामले में सुनवाई होगी। व्यापारी नेमी कुमार खंडका ने बताया कि व्यापारी पिछले 25 सालों से यहां दुकानें चला रहे हैं। कुछ परिवार तो 70 सालों से यहां रह रहे हैं। वे नियमित रूप से जीएसटी, बिजली बिल और अन्य सरकारी कर चुकाते आ रहे हैं। सभी व्यापारिक संगठनों ने इस विरोध को समर्थन दिया है। व्यापारियों का कहना है कि सीलिंग कार्रवाई से 5000 से अधिक परिवार आर्थिक रूप से प्रभावित होंगे। व्यापारियों के प्रदर्शन के कारण रामगंज से बड़ी चौपड़ के रास्ते को बंद किया गया है। बड़ी चौपड़ से सांगानेरी गेट जाने वाले यातायात को भी डायवर्ट किया गया है। साथ ही जगह-जगह बेरिकेड्स लगाए गए हैं।

### राजस्थान में फिटनेस सेंटर बंदः खाचरियावास

## बीजेपी सरकार ने भ्रष्ट और गैर कानूनी तरीके से किए बंद; गाड़ी मालिक परेशान

**जयपुर।** राजस्थान में वाहनों की फिटनेस जांच का संकट गहरा गया है। पूर्व परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस मुद्दे पर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 10 लाख से अधिक वाहनों की फिटनेस जांच रुक गई है। इनमें सरकारी बसें, ट्रक और अन्य छोटी-बड़ी गाड़ियां शामिल हैं। आरटीओ विभाग के इंस्पेक्टर सड़कों पर खड़े होकर फिटनेस के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं।



खाचरियावास ने कहा कि केंद्र सरकार की शर्तों के अनुसार 2025 तक ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर खोले गए थे। लोगों ने करोड़ों रुपए खर्च करके ये सेंटर स्थापित किए। लेकिन अब सरकार ने इन्हें बंद कर दिया है। सरकार फिटनेस सेंटर संचालकों पर दूसरी कंपनियों की मशीनें लगाने का दबाव बना रही है। प्रति वाहन सरकार को 4,200 रुपए ग्रीन टैक्स के रूप में मिलते हैं। राजस्थान एकमात्र राज्य है जहां यह टैक्स लागू किया गया। खाचरियावास ने चेतावनी दी कि बिना फिटनेस के किसी भी वाहन का दुर्घटना होने पर राज्य सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने मांग की है कि सरकार को तत्काल फिटनेस सेंटर फिर से शुरू करने चाहिए। अगर सरकार को मौजूदा सेंटर बंद करने थे, तो उसे अपने फिटनेस सेंटर खोलने चाहिए थे। उन्होंने इस कार्रवाई को गैरकानूनी और भ्रष्ट बताया है।

### पीएम मोदी 75वां जन्मदिन सितंबर में

# राजकोट के व्यापारी ने बनाई अनोखी पगड़ी

## 75 मीटर की पगड़ी और ऊंचाई 16 इंच

### पगड़ी का वजन 25 किलो, खर्चा 11,000 रुपए

**राजकोट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर में 75 साल के हो जाएंगे। इस मौके पर राजकोट के एक व्यापारी संजय जेठवा ने पीएम नरेंद्र मोदी के लिए एक अनोखी पगड़ी बनाकर सबका दिल जीत लिया है। इस पगड़ी को बनाने के लिए उन्होंने 75 मीटर कपड़े का इस्तेमाल किया है। पीएम नरेंद्र मोदी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस पगड़ी में 75 मीटर कपड़े का ही उपयोग किया गया है। राजकोट के बजरंगवाड़ी इलाके में संजय जेठवा संजयराज पगड़ी नाम से पगड़ी की दुकान चलाते हैं।



### कुल 11,000 रुपए का आया खर्च

उन्होंने आगे बताया, प्रधानमंत्री मोदी के प्रति मेरे खास लगाव के कारण मैंने यह पगड़ी बनाई है। मैंने अपने 5 कारीगरों के साथ मिलकर 5 दिनों में इसे बनाया है। इस पगड़ी को बनाने के लिए 7,500 रुपये का कपड़ा इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा अन्य चीजों पर कुल 11,000 रुपये का खर्च आया है। साथ ही, मोदीजी के प्रधानमंत्री के रूप में 10 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में पगड़ी की रिंग 10 फुट की बनाई गई है। इस पगड़ी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया है।

### » आंटावाली पगड़ी बनाने में माहिर जेठवा

वे आंटावाली पगड़ी बनाने में माहिर हैं। वे पिछले 10 साल से इस काम से जुड़े हुए हैं। पीएम मोदी के लिए बनाई गई 75 मीटर की इस पगड़ी में कई खासियतें हैं। नरेंद्र मोदी भारत के 16वें प्रधानमंत्री हैं, इसलिए पगड़ी की ऊंचाई 16 इंच रखी गई है। इस पगड़ी का वजन 25 किलो रखा गया है। यह पगड़ी 25 मार्च 2025 को बनाई गई है। इसलिए इसका वजन 25 किलो रखा गया है।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com